e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 47
शुक्रवार
17.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब सब कुछ आपके खिलाफ जा रहा हो तो याद रखें, हवाई जहाज हमेशा हवा के विरुद्ध उड़ान भरता है उसके साथ नहीं।

### पीएम मोदी ने किया 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन, कहा
# आदिवासी समाज को गौरव के साथ आगे लेकर बढ़ रहा है भारत

**हमारी सरकार ने देश भर में 500 से अधिक एकलव्य स्कूल को मंजूरी दी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आदिवासी समाज को लेकर देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व को बताता है कि अगर आपको जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का समाधान चाहिए तो हमारे आदिवासियों की जीवन परंपरा देख लीजिए, आपको रास्ता मिल जाएगा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मंच पर जनजातीय संस्कृति को प्रकट करने के प्रयासों के तहत गुरुवार को यहां मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने आदिवासी कारीगरों के साथ बातचीत करने के लिए विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया और विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा स्थापित उनके हथकरघा, हस्तशिल्प और जनजातीय उत्पादों पर एक नजर डाली। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी का नया भारत सबका साथ सबका विकास के दर्शन पर काम कर रहा है। सरकार उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जिनसे लंबे समय से संपर्क नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है और देश के हजारों गांव जो पहले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, उन्हें 4जी कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के युवा अब इंटरनेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।

इसी संदर्भ में आगे प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी बच्चे देश के किसी भी कोने में हों, उनकी शिक्षा और उनका भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। 2004 से 2014 के बीच केवल 90 एकलव्य स्कूल खोले गए, जबकि 2014 से 2022 तक हमारी सरकार ने देश भर में 500 से अधिक एकलव्य स्कूल को मंजूरी दी। इनमें से 400 से ज्यादा स्कूलों में पढ़ाई शुरू भी हो चुकी है और एक लाख से ज्यादा जनजातीय छात्र इन स्कूलों में पढ़ाई भी करने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी युवाओं को भाषा की बाधाओं के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई का विकल्प भी प्रदान किया गया है। अब हमारे आदिवासी बच्चे, आदिवासी युवा अपनी भाषा में पढ़ सकेंगे, आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज सरकार का जोर जनजातीय आर्ट्स को प्रमोट करने, जनजातीय युवाओं के स्किल को बढ़ाने पर भी है।

**90 लघु वन उत्पादों पर सरकार दे रही एमएसपी : पीएम**

इस संदर्भ में उन्होंने आगे कहा कि ट्राइबल प्रोडक्ट्स ज्यादा से ज्यादा बाजार तक आयें, इनकी पहचान बढ़े, इनकी डिमांड बढ़े, सरकार इस दिशा में भी लगातार काम कर रही है। पहले की सरकार के समय बैम्बू को काटने और उसके इस्तेमाल पर कानूनी प्रतिबंध लगे हुए थे। हमने बैम्बू को घास की कैटेगरी में लाए उस पर लगे बैन को हटाया।देश के अलग-अलग राज्यों में तीन हजार से अधिक वन धन विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं। आज करीब 90 लघु वन उत्पादों पर सरकार एमएसपी दे रही है। 80 लाख से ज्यादा सेल्फ हेल्फ ग्रुप आज अलग-अलग राज्यों में काम कर रहे हैं, जिसमें सवा करोड़ से ज्यादा सदस्य हमारे जनजातीय भाई-बहन हैं और इनमें भी बड़ी संख्या हमारी माताओं-बहनों की है।



**देश में नए जनजातीय शोध संस्थान खोले जा रहे हैं : मोदी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नए जनजातीय शोध संस्थान खोले जा रहे हैं। इन प्रयासों से जनजातीय युवाओं के लिए उनके अपने ही क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं।प्रधानमंत्री ने देश की आजादी में जनजातीय समाज की भूमिका को याद करते हुए कहा कि दशकों तक इतिहास के उन स्वर्णिम अध्यायों पर पर्दा डालने के प्रयास होते रहे। अब अमृत महोत्सव में देश ने अतीत के उन भूले-बिसरे अध्यायों को देश के सामने लाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार देश ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। पहली बार अलग-अलग राज्यों में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरी दुनिया के बड़े-बड़े मंचों पर जाता है, तो आदिवासी परंपरा को अपनी विरासत और गौरव के रूप में प्रस्तुत करता है। आज भारत विश्व को बताता है कि अगर आपको जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का समाधान चाहिए तो हमारे आदिवासियों की जीवन परंपरा देख लीजिए आपको रास्ता मिल जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम कैसे प्रकृति से संसाधन लेकर भी उसका संरक्षण कर सकते हैं इसकी प्रेरणा हमें हमारे आदिवासी समाज से मिलती है। भारत के जनजातीय समाज द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है और ये विदेशों में निर्यात किए जा रहे हैं।

### धारा 144 जारी , इंटरनेट सेवा की टाइमिंग बढ़ाई गई, बंद रही दुकानें
# पांकी में स्थिति नियंत्रण में

**चप्पे-चप्पे पर तैनात रहें पुलिस के जवान**
**13 लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बुधवार को पलामू जिला के अंतर्गत पांकी में हुई हिंसा के बाद प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में हो रहा है। गुरुवार को स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण रहा। जिले के आईजी ,उपायुक्त, एसपी, एसडीओ सहित कई समाजसेवी लोगों ने स्थिति को सामान्य बनाने में दिनभर मशक्कत करते रहे । हिंसा के दूसरे दिन पांकी बाजार पूरी तरह से बंद रहा। पूरे क्षेत्र में धारा 144 लगातार जारी है । सड़कों पर पुलिस बल तैनात रहे, जिला और स्थानीय प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास लगातार जारी है। पलामू में समाजसेवी मुमताज खान दोनों पक्षों में समझौता कराने को लेकर काफी प्रयासरत हैं । उनका दोनों पक्षों के बीच पकड़ और पैठ काफी मजबूत है। इस घटना में शामिल 13 लोगों को स्वास्थ्य जांच कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद पांकी की घटना को नियंत्रण कर लिया गया है। पुलिस बलों की तैनाती लगातार जारी है। पुलिस बल पूरे क्षेत्र में गश्त लगा रही है। आरपीएफ के जवान भी मोर्चा संभाले हुए है । पलामू के सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पांकी में दिन-रात कैंप कर रहे हैं, पूरे क्षेत्र पर प्रशासन की पैनी नजर है।

**प्रशासन दोनों पक्षों से अलग-अलग कर रही है वार्ता :** मामले को लेकर पांकी थाना में प्रशासन दोनों पक्षों से अलग-अलग वार्ता कर रही है । प्रशासन के अधिकारी के समक्ष दोनों पक्षों के लोगों ने खुलकर अपने विचार रखें। दोनों पक्षों में ऐसे भी लोग थे जो शांति बहाल कराने पर राजी थे। साथ ही एक दूसरे पर आरोप भी लगा रहे थे। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांति बहाल करने की अपील की । अधिकारियों की अपील का दोनों पक्षों पर प्रभाव देखा गया। प्रशासनिक अधिकारी दोनों पक्षों से बैठक करने के बाद संयुक्त बैठक कर मामले का हल निकालने का प्रयास करेंगे ।

**इंटरनेट सेवा लगातार बंद:** बुधवार की शाम को पांकी हिंसा के बाद 24 घंटे के लिए पूरे पलामू जिला में इंटरनेट सेवा बंद कर दिया गया था। ऐसा कदम शांति बहाली को लेकर उठाया गया था। इधर जानकारी के अनुसार इंटरनेट सेवा बंद रहे ने की टाइमिंग को गुरुवार को भी बढ़ा दिया गया था। इस तरह इंटरनेट सेवा पलामू में लगातार बंद है । इंटरनेट सेवा बंद रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों में भी कामकाज प्रभावित हुआ। कई सरकारी संस्थानों में भी इंटरनेट सेवा बंद रहने से कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

**असर्फी हॉस्पिटल**
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
**कैंसर रोग विभाग**
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### मेघालय में 3.9 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया

**शिलांग :** मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिला में गुरुवार सुबह 09 बजकर 26 मिनट 29 सेकेंड पर 3.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के चलते लोगों में दहशत फैल गई। सिस्मोलॉजी विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिला में जमीन के अंदर 46 किमी नीचे बताया गया है। भूकंप का एपिक सेंटर 25.30 उत्तरी अक्षांश तथा 91.71 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक घुसपैठिया ढेर

**कुपवाड़ा :** जम्मू-कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा में बुधवार देर रात सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि कुपवाड़ा पुलिस को मिली विशेष सूचना के आधार पर बुधवार देर रात सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने जिले के सैदपोरा इलाके में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ करने वाले एक समूह को रोका। पुलिस ने आगे बताया कि घुसपैठिये सुरक्षाबलों को अनसुना कर भारतीय सीमा में घुसने लगे, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसमें एक घुसपैठिया ढेर हो गया, जबकि अन्य वापस लौट गए। प्राप्त सूचना के अनुसार सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान को जारी रखा है।

### स्कॉर्पियो और बोलेरो आपस में टकराई, पांच बारातियों की मौत

**बांदा :** उप्र के जनपद बांदा में गुरुवार को तड़के सड़क हादसा में बारात से वापस लौट रही स्कॉर्पियो और बोलेरो आपस में टकरा गई। घटनास्थल पर ही पांच बारातियों की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन बाराती घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चिल्ला थाना क्षेत्र के निवाइच गांव से बारात राजापुर चित्रकूट गई थी। वहां से वापस लौटते समय गुरुवार को तड़के चार बजे पपरेंदा गांव के समीप गल्ला गोदाम के सामने बारात से लौट रही स्कॉर्पियो और बोलेरो आपस में टकरा गई। दोनों वाहन टकराने के बाद खाई में गिर गए। इससे दोनों वाहनों में सवार चार लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

# आजसू नेता की हत्या से फैली सनसनी पार्टी नेताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में आजसू नेता मनोज मुंडा की हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आजसू नेताओं ने इसे एक गहरी साजिश बताया है और कहा है कि इस घटना के विरोध में वे आंदोलन करेंगे। मनोज मुंडा के सर में तीन गोली मारी गई है। मनोज मुंडा के पत्नी मालती देवी ने बताया कि झांजीटोली में वे हाट में मुर्गा लड़ाई देखने गए थे। इसी दौरान तीन लोग उसे पकड़ कर हाट से दूर ले गए और उसके सिर पर तीन गोलियां मार दी। इस घटना के तुरंत बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया और आसपास के ग्रामीण इकठ्ठा हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित महतो, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गाशंकर मंडल, बासल प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू प्रभारी गौतम कुमार और बरकाकाना प्रभारी शशि प्रकाश के साथ सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज मुंडा अपने मित्रों के साथ बैठे थे, तभी वहां तीन लोग आए और उसे जबरन किनारे ले गए। थोड़ी देर के बाद उन्होंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। जब वे गोली चलने वाली जगह पर पहुंचे तो देखा मनोज जमीन पर लहुलुहान पड़ा है।

मालती देवी ने बताया कि जेपीसी संगठन द्वारा तीन जनवरी को फोन से रंगदारी मांगा था। 10 जनवरी को लोवाडीह के जंगल में मिलने का बात हुई थी। लेकिन इसके बाद क्या हुआ यह किसी को नहीं पता है।आजसू पार्टी ने पतरातू प्रखंड कमिटी पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय मे पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आजसू नेताओं ने कहा कि राज्य में विधि - व्यवस्था चौपट हो गई है। प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या से पार्टी में घोर आक्रोश है। जल्द हीं दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आजसू पार्टी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी।

# भाजपा आदिवासियों के साथ कर रही छलावाः सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर आदिवासियों के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि आज केंद्र सरकार भले ही देश कि राजधानी दिल्ली में आदि महोत्सव का आयोजन किया लेकिन भाजपा ने आदिवासियों की हित कभी नहीं सोचा।भट्टाचार्य गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासियों को लेकर इतने सक्रिय क्यों हो गए हैं। प्रधानमंत्री आदिवासियों की हित की बात कर रहे हैं।



आदिवासियों के द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट को बाजार देने की बात कर रहे हैं लेकिन इस तरह की सोच इसके पहले कहां थी। पिछले 22 वर्षों से झारखंड में कभी आदिवासी महोत्सव नहीं मनाया गया लेकिन सरना धर्म कोड पर केंद्र सरकार चुप है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदि महोत्सव में सरना धर्म पर क्यों कुछ नहीं बोले। यह आदि धर्म मानने वाले और प्रकृति पूजक को व्यथित करता है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड का गठन अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुआ है लेकिन यह भी सच्चाई है कि 22 वर्ष के झारखंड में 16 साल से अधिक समय तक भाजपा का शासनकाल रहा। भाजपा के शासनकाल में कभी आदिवासी दिवस नहीं मनाया गया। उन्होंने पूछा कि जनजातीय दिवस मनाने में 22 साल क्यों लग गए? हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो आठ और नौ अगस्त को पहली बार जनजातीय दिवस मनाया गया। सुप्रियो ने कहा कि आप एक तरफ आदिवासी राज का हक छिन रहे हैं तो दूसरी ओर एक नई परछाई दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद भी चल रहा है उसमें सरना धर्म कोड लागू कर दें। बार-बार आदिवासी के नाम पर खेलना बंद करें।



## झलकियां

### फूलो झानो मुर्मू की प्रतिमा निर्माण को लेकर पूजन कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर** : प्रखंड के श्रीरामगढ़िया में मांझी परगना युवा मोर्चा ग्राम विकास समिति के अध्यक्षता में बुधवार को फूलो झानो मुर्मू का मूर्ती सह भवन निर्माण के लिए आधारशिला सह भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अर्जुनदाहा और श्रीरामगढ़िया के ग्राम प्रधान, नाइकी गुडित सहित सभी लेखा होड़ एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश उध्यक्ष दुर्गा मरांडी व पूर्व विधायक सुफल मरांडी, मंडल अध्यक्ष मौजेश टुडू, जिला मंत्री नरेन साहा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर फूलों झानों मूर्ति निर्माण का आधारशिला रखा। साथ ही आदिवासी रिति रिवाज से नृत्य गीत कर भूमि पूजन किया गया।

### महाशिवरात्रि को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर** : आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर महेशपुर थाने में शांति समिति की बैठक एसडीपीओ नवनीत एंथोनी हेंब्रम की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में एसडीपीओ ने उपस्थित कमेटी व अन्य गणमान्य लोगों को कहा कि शिवरात्रि महापर्व मनाने के लिए एकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि बूढ़ा बाबा महेश्वर नाथ शिव मंदिर हाटपाड़ा महेशपुर, रोलाग्राम शिव मंदिर, भोरीकोचा, शिव मंदिर ग्वालपाड़ा, शिव मंदिर देवीनगर, शिव मंदिर बड़कियारी, शिव मंदिर शहरग्राम, पोखरिया शिव मंदिर, धरनी पहाड़, सीलमपुर और रोलाग्राम में पुलिस पदाधिकारी व जवान को प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है।

### अपर समाहर्ता कार्यालय में 20 तक जमा करें आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार पाकुड़ अंचल से संबंधित किसी रैयत को पंजी-2 सुधार,अमीन मापी,नामांतरण,लगान रसीद निर्गत कराने आदि में यदि किसी प्रकार की समस्या हो रही हो तो अपर समाहर्ता पाकुड़ के कार्यालय में लिपिक जयप्रकाश आजाद,जिला राजस्व शाखा को 20 फरवरी तक आवेदन समर्पित कर सकते हैं।प्राप्त आवेदनों पर राजस्व पदाधिकारी एवं रैयत के उपस्थिति में अंचल कार्यालय,पाकुड़ में सुनवाई की जाएगी। प्रभावित रैयत के व्यक्तिगत आवेदन पर ही कार्रवाई की जाएगी। अतः अन्य व्यक्ति जो प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं है उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 1001 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर** : महेशपुर हाटपाड़ा स्थित बुढानाथ शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि महारूद्र यज्ञ गुरूवार को 1001 महिलाओं के द्वारा निकाली कलश यात्रा के साथ ही प्रारंभ हो गया।मंदिर कमिटी के दिशा निर्देश पर 1001 महिलाओं ने मंदिर परिसर से कलश लेकर राजबाडी बांसलोई नदी घाट पहुंचे जहां से पुजन मंत्रो उच्चारण के साथ महिलाओं ने कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः बुढानाथ शिवमंदिर पहुंचे।जहां महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ बनारस और काशी के पंडितों द्वारा शुरू किया गया।

## सौहार्द के साथ मनाया जाएगा महाशिवरात्रि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर** : थाना परिसर में आगामी शिवरात्रि को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा शिवरात्रि पूजा को लेकर जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने शिव जी की बारात नहीं निकलने की बात कही। वहीं पूजा के जलाभिषेक के समय नो एंट्री लगाने का निवेदन किया। शिवरात्रि पर हिरणपुर बाजार स्थित मंदिर सहित तारापुर, तोड़ाई, मोहनपुर, दराजमाठ, धरनीपहाड़, टोंगीपहाड़ आदि जगहों में काफी भव्य रूप से पूजा अर्चना होती है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूजा को सभी शांति व सौहार्द ढंग से मनाए। सभी आपसी भाईचारे के साथ रहे। पूजा को लेकर शांति सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर एसआई विनोद कुमार सिंह, मुखिया तेरेशा टुडू, राजेश हेंब्रम, मुन्ना लाल भगत, मनीष गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कोटालपोखर क्रिकेट टीम ने बरहेट क्रिकेट टीम को सेमी फाइनल में हराया

### कोटालपोखर टीम के सचिन ने बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड** : साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटलपोखर बिरसा मुंडा युथ यूनिटी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।आयोजित टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मुकाबला बरहेट क्रिकेट टीम और कोटलपोखर क्रिकेट टीम के बीच रोमांचित मुकाबला हुआ।बरहेट की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।बरहेट की टीम ने 14 ओवर में सभी विकेट गंवा कर मात्र 102 रन पर सीमट गए।जबकि कोटालपोखर के धुरंदर बल्लेबाजों ने आठ ओवर और चार गेंदों पर दो विकेट खोकर 106 रन बनाकर विजेता घोषित किये गए।कोटालपोखर के सलामी बल्लेबाज सचिन ने 29 मिनट पर छह चक्का और चार चौका की मदद से 61 रन बनाकर कोटालपोखर की टीम को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई।सेमीफाइनल मुकाबला में बतौर चीफ गेस्ट भूतपूर्व सैनिक विश्वनाथ भगत,कमलेश चंद्र त्रिवेदी, विजय कुमार साह,सुभाष यादव, एमपी भगत,कुंदन ठाकुर,टिंकू साह, मनोहर साह को यूनिटी यूनिटी के सदस्यों ने सम्मानित किया वही विजेता और उपविजेता टीम को भी सम्मानित किया पूर्व सैनिक विश्वनाथ भगत ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की क्रिकेट खेलने से शरीर और दिमाग दोनों को फायदे मिलते हैं।उन्होंने कहा केंद्र सरकार भी खेल को बढ़ावा देने के लिए और खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा खेल के माध्यम से कैरियर तो बनता ही है, साथ ही क्रिकेट में खिलाड़ी को मैदान पर खूब भागना पड़ता है और बॉल व बैट को बार बार उठाना पड़ता है।जिससे कई मसल्स एक साथ काम करती है। कार्डियो एक्सरसाइज करने से भी शरीर पर यही प्रभाव पड़ता है।दिल को हेल्दी रखने और वेट लॉस करने में खेल कूद काफी मददगार होती है।

### कार्यक्रम को सफल करने में ये है युवाओं की टीम

*वीर बिरसा मुंडा यूथ यूनिटी के अध्यक्ष प्रणव कुमार साह, सचिव मनीष सिंहा, उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार साह और निर्झर नियोगी। कोषा अध्यक्ष सुनील शेखर गुप्ता, संगठन प्रभारी संगम साह,अजय राउत के अलावे सदस्य के रूप में तनवीर अंसारी, आशीष गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, दीपक घोष, सत्यम साह, अनूप साह, सुमित गुप्ता,अमन राउत, गौरव राउत, इंद्रजीत शर्मा, सौरभ राजवंशी, सूरज माली, अमन साह, ऋषभ सिंह, सद्दाम अंसारी,फिरोज अंसारी,अमित साह,अनूप कुमार, विवेक साह एवं सांवरिया माली ने अहम भूमिका निभाई।*

## फाउंडेशन ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रोत्साहित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा** : सशक्त समाज फाउंडेसन ने स्थानीय पोखरिया रोड स्थित मुहल्ले में गुरुवार को एक बैठक किया। फाउंडेशन के पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी और मालती कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को स्वरोजगार, बीमा सशक्तिकरण, शिक्षा, कौशल विकास, लघु एवं कुटीर उद्योग, समाज कल्याण, स्वच्छता अभियान, आदिवासी एवं दलितों के आर्थिक विकास, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं सामाजिक कुरितियों पर रोक आदि के संबंध में बताया। खास तौर पर महिला एवं पुरुष मंडल बनाकर संस्था द्वारा ऋण उपलब्ध करवा उन्हें स्वरोजगार देने से संबद्ध जानकारी भी दिया गया। आवश्यक प्रावधान के अनुपालन के बाद लघु एवं कुटीर उद्योग के तहत सिलाई, पापड़, अगरबत्ती व मोमबत्ती निर्माण, चप्पल निर्माण के साथ-साथ ब्यूटीशियन प्रशिक्षण दिए जाने की बात भी महिलाओं को बताया गया। उन्हें बताया गया कि आप सशक्त समाज फाउंडेसन से जुड़कर स्वाबलंबी हो सकते हैं। घर बैठे अपनी आमदनी बढ़ा आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। इस दौरान पूजा कुमारी, सबाना खातून, ममता वर्मा, समीदन बीबी, वर्षा रानी, अलका देवी, सरिता मिश्रा, जेबी बीबी, शिखा कुमारी, नूतन देवी, रूकसाना बीबी आदि मौजूद थी।

### कृषि शुल्क के विरुद्ध बंदी की वर्चुअल मीटिंग में हुई समीक्षा

## बंदी से सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान कानून को अविलंब वापस ले सरकार : चेंबर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : कृषि उपज और पशुधन विपणन कानून के विरुद्ध बुधवार को व्यवसायियों के द्वारा किए गए बंदी की सफलता को लेकर देर शाम चेंबर ऑफ कॉमर्स की वर्चुअल मीटिंग हुई। जिसमें झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा राज्य भर में की गई बंदी की समीक्षा हुई। मीटिंग में अलग अलग जिलों से चेंबर के अधिकारियों ने बंदी के असर को रखा। बैठक में राज्य के विभिन्न जिला चेंबर के साथ-साथ पाकुड़ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव खत्री भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन मीटिंग में व्यवसाय संघ एवं फूड प्रोसेसिंग संचालकों ने भी हिस्सा लिया। पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव खत्री ने बताया कि वर्चुअल मीटिंग में पूरे राज्य में बंदी के व्यापक असर और उसकी सफलता की समीक्षा हुई। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर राइस मिल, फ्लावर मिल एवं अन्य खाद्य संबंधित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के बंद रहने और छोटे बड़े सभी व्यवसायियों का समर्थन का आभार जताया गया। संजीव खत्री ने बताया कि मीटिंग में कृषि मंत्री के उस बयान को चेंबर ने सिरे से नकार दिया, जिसमें मंत्री ने कृषि शुल्क कानून में केंद्र सरकार की बाध्यता बताया था। मीटिंग में शामिल चेंबर अधिकारियों का साफ तौर पर कहना है कि कृषि मंत्री के बयान को फेडरेशन चेंबर सिरे से खारिज करता है। चेंबर अध्यक्ष किशोर जी का कहना है कि कृषि राज्य का विषय है। कृषि मंत्री द्वारा जिस टैक्स की बात कही जा रही है, वह पूरी तरह राज्य सरकार के अधीन है। इस टैक्स को लगाने में केंद्र सरकार की बाध्यता वाली बयान को सिरे से खारिज करते हैं। संजीव खत्री ने बताया कि किशोर जी ने मीटिंग में साफ कहा है कि शुल्क को शुन्य रखने का प्रावधान विधेयक में है। लेकिन कृषि मंत्री बयान में तत्वों को छुपा रहे हैं। केंद्र के नियमों के अध्ययन में स्पष्ट रूप से सामने आया है कि केंद्र सरकार द्वारा टैक्स लगाने की कोई बाध्यता नहीं है। कुछ अधिकारियों के कहने पर इस शुल्क को लेकर कृषि मंत्री द्वारा केंद्र सरकार और राज्य सरकार के प्रति भी भ्रामक स्थिति उत्पन्न की जा रही है। यह राज्य हित में बिल्कुल भी नहीं है। किसी भी स्थिति में इस कानून को चेंबर स्वीकार नहीं करेगी। वहीं संजीव खत्री ने बताया कि ऑनलाइन मीटिंग में रांची चेंबर पंडरा के अध्यक्ष संजय माहुरी का कहना है कि खाद्यान्न व्यापारियों की एकजुटता से सरकार को सिर्फ एक दिन में व्यवसाय बंद रहने से करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने आग्रह भी किया है कि सरकार व्यापारियों की भावना को समझें और कृषि शुल्क से संबंधित कानून को अविलंब वापस ले।

## टैगोर सोसाइटी ने बाल विवाह बाल सुरक्षा पर चर्चा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर** : सब सेन्टर टैगोर सोसाईटी फॉर रूरल डेवलपमेंट गड़बाड़ी द्वारा गुरुवार को कानीझारा पंचायत भवन में मुखिया बेहुला पाहाड़िया की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें बीपीआरओ प्रसेनजित कुमार मंडल, वार्ड सदस्य, स्वयं सेवक, रोजगार सेवक सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।जिसमें चाइल्ड सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।? जिसमें टोल फ्री नंबर 1098 के कार्यों की जानकारी दिया गया।

वहीं बाल विवाह, बाल मजदूर, अनाथ बच्चों, बिमारी बच्चों के बारे में चर्चा किया गया। जिसमें चाइल्ड लाइन सब सेन्टर टैगोर सोसाईटी फॉर रूराल डेवलपमेंट गड़बाडड़ी की ओर से टीम लीडर प्रकाश चन्द्र घोष, सदस्य मिनती साहा,प्रशान्त मंडल ने अहम भूमिका निभाई।

## विरोध के दूसरे दिन बंदी से अलग रहा खुदरा विक्रेता

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कृषि शुल्क लागू करने के खिलाफ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बंदी के दूसरे दिन खुदरा विक्रेताओं को अनिश्चितकालीन बंदी से अलग रखा। पाकुड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव संजीव खत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आम जनता की परेशानियों को देखते हुए खुदरा विक्रेताओं को बंदी से बाहर रखा गया। पाकुड़, महेशपुर और हिरणपुर के थोक विक्रेताओं ने अपनी दुकानें, राइस मिल आदि बंद रखा। हालांकि स्टॉक खत्म होने तक दुकानदारी जारी रहेगा। अगर सरकार कृषि शुल्क कानून को वापस नहीं लेती है, तो जनहित में खाद्यान्न के अलावा सभी दुकानों को बंद कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कृषि शुल्क के खिलाफ बुधवार को जिले में छोटी-बड़ी सभी प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया था। पहला दिन चेंबर को सभी व्यवसायियों का अच्छा समर्थन मिला। इस दौरान आम जनता को रोजमर्रा के सामानों के लिए परेशानी हुई। अगले दिन यानी गुरुवार को आम लोगों की परेशानी को देखते हुए चेंबर ने खुदरा विक्रेताओं को अनिश्चितकालीन बंदी से अलग रखा।

## अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सभागार कक्ष में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से बीते दिनों हुए अधिवक्ता मोहम्मद अजमाइल शेख के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव दीपक ओझा ने बताया की मृतक अधिवक्ता एक बहुत ही सरल व्यक्तित्व के इंसान थे।उन्होंने बार एसोसिएशन से 2019 में जुड़े इससे पहले वे पारा शिक्षक थे। वे मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के सीतापहाड़ी के निवासी है।उनका एक बेटा और एक बेटी है दोनो ही पढ़ने में अच्छे है।उनके मृत्यु पर बार एसोसिएशन शोक व्यक्त करता है और उनके परिवार के भविष्य की मंगलकामना करती है।

## पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति का सुदृढ़ीकरण को लेकर संघ गठन करने के लिए एक दिवसीय बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : जिले के पाकुड़िया प्रखंड के लागडुम पंचायत भवन में प्रखंड स्तरीय जनजातीय वैद्य संघ की गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ वैद्य ज़ीउस मुर्मू ने किया।परंपरागत वनौषधि चिकित्सा पद्धति में बहुत ही कम राशि में समाजसेवा के भावना से इलाज करते है।जिससे भारत सरकार एवं पिरामल स्वास्थ्य द्वारा काफी सराहना की जा रही है।वहीं अंग्रेजी चिकित्सा व्यवस्था पर बोझ कम करने के लिए पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति का सुदृढ़ीकरण किया जाना है।जनजातीय वैद्य संघ की बैठक में अलग-अलग मुद्दों,प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का विस्तार,रेफरल प्रणाली का निर्धारण,दुर्लभ वनौषधि, वाटिका निर्माण एवं मुख्य रूप से आदिवासी उपचार व्यवस्था में ईलाज चल रहे रोगियों का रेजिस्टर में संधारण (रख-रखाव)एवं जनजातीय वैद्य संघ बनाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया।जिसमें सभी उपचार कर्ताओं की सहमति बनी।वहीं अगले महीने की बैठक में जनजातीय वैद्य संघ का नामकरण, अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का भी चुनाव किया जायेगा। मौके पर पिरामल स्वास्थ्य से अनामय आदिवासी स्वास्थ्य सहयोग कार्यक्रम के पाकुड़ जिला समन्वयक मोहम्मद सनीफ अंसारी ने कहा की पौराणिक वनौषधि चिकित्सा पद्धति के सुदृढ़ीकरण के लिए आप सभी उपचार कर्ताओं को एक जुट होकर संघ बनाने की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों से लाभ मिल सके। मौके पर जड़ी बूटी उपचार कर्ता ग्रीश बेसरा,शिवधन टुडु, रामेश्वर हांसदा के अलावे उपचारकर्ता एवं लगडुम पंचायत मुखिया बिमला बास्की भी मौजूद थी।

## लिट्टीपाड़ा में दो पक्षों में चला चाकू, लाठी व डंडा से मारपीट, दोनों पक्षों ने कराया एफआईआर दर्ज

### पुलिस ने कहा गहनता से हो रही जांच, दोषी छूटेंगे नही व निर्दोष फसेंगे नही!

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा(नि सं)** : थाना क्षेत्र के तालपहाड़ी गांव में बुधवार को दो पक्षों के मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोग थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।प्रथम पक्ष की मुन्नी कुमारी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि बुधवार दोपहर घर में हम सभी लोग थे उसी समय गांव के भुसेन साहा,नारायण साहा,दीना साहा,उमेश साहा,फागु साहा,कैलाश साह एवं भुसेन साहा का साला सभी लोगों ने मिलकर घर में अचानक धारदार हथियार एवं लाठी-डंडों से लैस होकर घुस गया।सभी व्यक्तियों ने गाली-गलौज करने लगा,बोलने लगा तुम लोग बाहर निकलो नही तो जान से मार देंगे। जैसे ही मेरा पति मानु साहा बाहर निकला, सभी मिलकर लाठी डंडा से मार कर घायल कर दिया और जान मारने की नियत से गला दबाकर सर में चाकू से वार कर पति का कान काट दिया। प्रथम पक्ष ने 7 लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज करवाया है।वहीं द्वितीय पक्ष की रेखा देवी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि गांव के ही 8 व्यक्ति मनामाली साहा,मुन्नी देवी,मंजु देवी,डिपेन साह,प्रदीप साह, नेहरू साह,जिया मंडल,जिया कि पति हमारे घर में लाठी डंडा से लैस होकर घुस गया। गाली गलौज करते हुए हम लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसमें मेरी सांस को मार कर हाथ तोड़ दिया, और वह बेहोश हो गई।होश होने के उपरांत पता चला कि गले में चांदी का माला ,नाक का भुट्टी,कान का रिंग नहीं है।मेरे भाई को दांत से काट कर घायल कर दिया।रेखा देवी ने आठ व्यक्ति के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज करवाया है। वही प्रभारी थाना प्रभारी मिथुन कुमार ने बताया कि प्रथम पक्ष के मुन्नी देवी ने 7 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। द्वितीय पक्ष की रेखा देवी ने आठ लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कार्रवाई है।दोनों ही पक्षों ने मारपीट कर जान से मारने की नियत का आवेदन दिया।जिसमें कांड संख्या 5/ 23 व 6/23 दर्ज किया गया है।पुलिस मारपीट मामले को लेकर गहनता से छानबीन कर रही है।

## ओवरलोड वाहन को किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के बुधवार देर रात सीओ मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के द्वारा संयुक्त रूप से औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवपुर के निकट एक ओवरलोड पत्थर लदे वाहन को जब्त किया। वहीं अन्य हाइवा संख्या- जेएच 16 जी 6992 को रोककर जांच की गई। जहां चालक द्वारा मौके पर माइनिंग चालान नहीं दिखा पाने पर वाहन को थाना की अभिरक्षा में रखा गया। हालांकि कुछ ही देर बाद माइनिंग चालान दिखाया गया। इसपर आवश्यक जांच के लिए जिला खनन कार्यालय को भेज दी गई है। इस बावत सीओ ने बताया कि अवैध व ओवरलोड परिवहन पर कार्रवाई की जाएगी।

## सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को दी गई कानूनी सलाह व अन्य सुविधाओं की जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : पीड़ित महिलाओं के सहयोग के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में बुधवार को कानूनी जानकारी, मेडिकल सुविधा एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित अन्य विषयों पर बताया गया। एलएडीसी के डिप्टी चीफ अधिवक्ता मो. नुकीमुद्दीन शेख एवं विधिक सलाहकार कमला राय गांगुली ने पीड़ित महिलाओं को उक्त विषयों के बारे में अहम जानकारियां दी। अधिवक्ता मो. नुकीमुद्दीन शेख ने कहा कि समाज में आज भी कई ऐसी बालिकाएं या महिलाएं हैं, जो किसी ना किसी रूप में अपराध का शिकार बनती है। लेकिन जब उन्हें मदद की जरूरत पड़ती है तो कोई उनकी मदद को आगे नहीं आते हैं। पीड़ित महिलाओं, युवतियों या बालिकाओं को इस सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से मदद दी जाती है। पीड़ितों को हर तरह की सलाह देने का काम इस सेंटर के माध्यम से होता है। विधिक सलाहकार कमला राय गांगुली ने कहा कि पीड़ित महिलाओं के लिए इस सेंटर में कई सुविधाएं हैं। इसके प्रति महिलाओं को जागरूक भी किया जाता है। ताकि पीड़ित महिलाएं यहां मिलने वाली सुविधाओं का लाभ ले सके। कानूनी सलाह भी दी जाती है। मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधाएं भी मिलती है। मेडिकल सुविधाओं का भी लाभ दिया जाता है। पीड़ित महिलाओं को सेंटर के माध्यम से उन्हें एक ठोस मंजिल तक पहुंचाते हैं। जिससे उनका जीवन काफी हद तक सहज हो पाता है। पीड़ित महिलाओं में सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रति जागरूकता आ रही है। यहां अब तक कई पीड़ित महिलाओं को सहयोग मिला है।

**संक्षिप्त खबरें**

## भाकपा माओवादियों की मांग, गौतम अडाणी हों गिरफ्तार

**रांची :** भाकपा माओवादियों ने सुर्खियों में बने उद्योगपति गौतम अडाणी पर जनता की गाढ़ी कमाई लूटने और डुबोने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। भाकपा माओवादियों के उत्तर सब जोनल ब्यूरो (दंडकारण्य) के प्रवक्ता मंगली ने बुधवार देर रात कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई से मौज-मस्ती और सत्ता का दुरुपयोग करने वाले गौतम अडाणी की हिंडनबर्ग रिपोर्ट आते ही शेयर बाजार में उनकी सम्पत्ति औंधे मुंह गिर गयी। यह कैसे संभव हुआ? एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मंगली ने कहा कि भारत में अमीरों की संपत्ति सट्टा बाजार पर निर्भर है। वह बैलून की तरह है, जो हवा में उड़ती जा रही है। इससे लाखों करोड़ों रुपये डूबते जा रहे हैं। ऐसे उद्योगपति की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही उनकी संपत्ति का राष्ट्रीयकरण किया जाए।

## जदयू के झारखंड प्रभारी 20 फरवरी को आयेंगे रांची

**रांची** : झारखंड प्रदेश जनता दल (यू) के प्रभारी सह बिहार के भवन निर्माण विभाग मंत्री डॉ अशोक चौधरी 20 फरवरी को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। इसके अलावे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता, लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी भी 22 फरवरी को रांची पहुंचेंगे। वे विमान के जरिए दोपहर 12ः45 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे। झारखंड प्रदेश जदयू (यू) के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि प्रभारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रांची आगमन को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश जदयू (यू) की ओर से अपने दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया जायेगा।

# झारखंड में मैट्रिक के टॉपर को मिलेंगे तीन लाख रुपये : शिक्षा मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को तीन लाख रुपये मिलेंगे। अब जैक 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को एक लाख की जगह तीन लाख दिये जायेंगे जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले को दो और एक लाख दिये जाएंगे। यह घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में की है। शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री सहाय योजना में शिरकत करने आये थे।



**साल 2020 में शिक्षा मंत्री ने झारखंड एकेडेमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने छात्र के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले छात्र को क्रमशः 75 हजार और 50 हजार रुपये देने की बात कही थी।**

साल 2020 में शिक्षा मंत्री ने झारखंड एकेडेमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने छात्र के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले छात्र को क्रमशः 75 हजार और 50 हजार रुपये देने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने टॉपर छात्र-छात्राओं को गोद लेकर पढ़ाई का खर्च उठाने व 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वालों को साइकिल देने का ऐलान किया था। इस साल की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा का कार्यक्रम पहले जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से होने वाली है। मैट्रिक की परीक्षा तीन अप्रैल तो वहीं इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल तक चलेगी। परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड 28 जनवरी और इंटर के छात्रों का 30 जनवरी को जारी हो गया। इस वर्ष शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा ली जानी है। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा, जबकि 15 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा।

# सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस का ऑनलाइन अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस ने ऑनलाइन अभियान शुरू किया है। इसके तहत रोड सेफ्टी, ट्रैफिक नियमों के साथ कानून तोड़ने पर सजा की बिंदु और उनके प्रावधानों की भी जानकारी लोगों को दी जा रही है। रांची पुलिस की ओर से सोशल प्लेटफॉर्म पर तमाम जानकारियां और स्लोगन प्रसारित की जा रही है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है।




रांची पुलिस की ओर से जारी किए गए स्लोगन में कहा गया है की अगर संभल कर वाहन चलाओगे, तभी तो अपनी मंजिल पर सुरक्षित पहुंच पाओगे। रांची पुलिस ट्रैफिक नियमों की जानकारी आम लोगों तक ऑनलाइन पहुंचा रही है। ऑनलाइन जानकारी पहुंचाने के लिए ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा जो बुकलेट तैयार किया गया है, उसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सड़क सुरक्षा को लेकर दी गई हैं। तैयार पंपलेट्स में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सजा और जुर्माना के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गयी है। पोस्टर में लिखा है कि तेज रफ्तार के शौकीन लोगों को शायद यह जानकारी नहीं होगी कि अगर वो पकड़े गए तो मोटर अधिनियम 2019 की धारा 166 के तहत पहले अपराध के लिए पांच हजार या तीन महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस अपराध को दोहराते हुए पकड़े जाने पर 10 हजार जुर्माना और एक साल का कारावास से दंडित किया जायेगा। किसी भी प्रकार के नशीला पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने पर चालक को एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत 10 हजार जुर्माना और छह महीने की कारावास तथा दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह अपराध दोहराने पर 15 हजार रुपये का जुर्माना और दो साल तक का कारावास हो सकता है। एसएसपी ने गुरुवार को बताया कि दुर्घटना को रोकने के लिए यह अभियान चलाने को कहा गया है।

## एनआईए ने डीजीपी को लिखा पत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में एनआईए ने झारखंड पुलिस के डीजीपी को पत्र लिखा है।

एनआईए के द्वारा पत्र लिखकर सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया गया है। एनआईए की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर के 28 पद और सब इंस्पेक्टर के 90 पद पर पोस्टिंग की जायेगी। ये पोस्टिंग एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में जायेगी। प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले पुलिसकर्मी 27 फरवरी से पहले अपना फॉर्म भरकर जमा कर दें।

# अल्पसंख्यक समाज को डा. इरफान से काफी उम्मीदें हैं : बलियावी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय एदार ए शरिया के तत्वधान जामताड़ा के छायटांड में आयोजित अधिवेशन में भाग लेने जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी पहुंचे। मौके पर पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी के नेतृत्व में देश के मुस्लिम समुदाय के ज्वलंत मुद्दे पर आधारित जागरूकता अभियान रखा गया था। मौके पर मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने विधायक इरफान अंसारी को अल्पसंख्यक संबंधित सभी मामले के लिए मांग पत्र सौंपा। बलियावी ने कहा की विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ही एक वाहिद शख्स है जो आप लोगों के मुद्दे को मजबूती के साथ रखने का काम करेंगे। पूर्व में भी इन्होंने कई बड़े मामलों को उठाने का काम किया। चाहे वह मॉब लिंचिंग का मामला हो या फिर मदरसा बोर्ड गठन अल्पसंख्यक आयोग गठन उर्दू अकैडमी गठन वक्फ बोर्ड की मांग हो। यह लगातार सरकार के समक्ष अल्पसंख्यकों की मांग को पुरजोर ढंग से उठाने का काम करते हैं।



इनके कार्य की चर्चा सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि बिहार एवं बंगाल में भी होती है। इनकी लोकप्रियता चारों ओर है। इतना डटकर जमकर बोलने वाला अगर कोई नेता है तो वह इरफान अंसारी है। हमें भरोसा है कि आने वाले समय में आपके नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को बेहतर प्रतिफल मिलेगा।

## एबीवीपी का झंडा लहरेगा गाना हुआ लॉन्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का गाना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का झंडा लहरेगा गुरुवार को लॉन्च हुआ। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता ने हरमू प्रदेश कार्यालय में पोस्टर का अनावरण और यूट्यूब में गाना को अपलोड कर गाना को लॉन्च किया। सांसद ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई और शुभकामनाएं दी। राजधानी वीडियो फिल्म्स स्टूडियो की ओर से निर्मित इस एलबम में एक गीत है, जिसका नाम अभाविप का झंडा लहरेगा है। इसके प्रोड्यूसर अनिल शर्मा जनसंगी राजस्थान, निर्माता प्रमोद राय और निदेशक मुकुल शर्मा हैं। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन ने डीजीपी का किया अभिनंदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड राज्य राइफल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने गुरुवार को झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह का उनके आवास पर अभिनंदन किया।



एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार और कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजन कुमार उर्फ मुकुल ने सिंह को बुके और शॉल देकर उन्हें डीजीपी बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। झारखंड में एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुकुल ने कहा कि अजय सिंह राज्य में निशानेबाजी के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे हैं और उनके डीजीपी बनने से इस खेल को और यहां के खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। डीजीपी ने भी हरसंभव सहयोग देने की बात कही। निशानेबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच रंजन कुमार, सैयद अंसुब अयुब ,राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार तथा अरुण मुखिया ने भी डीजीपी को फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को बताया। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को भी निशानेबाजी में काफी दिलचस्पी है और इस खेल को झारखंड में लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

# झारखंड का युवक आठ किलो अफीम के साथ पंजाब में गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंजाब की जालंधर पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार्रवाई करते हुए आठ किलो अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के गदेर गांव के रहने वाले रामचरण के रूप में हुई है।



पुलिस ने उसके पास से आठ किलो अफीम बरामद किया है। बताया जा रहा है कि युवक अफीम कारोबार में कुरियर का काम करता है। वह चतरा जिले से अफीम की खेप लेकर जालंधर पहुंचा था, लेकिन पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से नशे की खेप लेकर एक युवक आ रहा है, जिसके बाद पुलिस ने गुरुनानक पुरा के पास रेलवे कॉलोनी के टी पॉइंट पर नाकाबंदी कर दी। जैसे ही युवक वहां पर पहुंचा, पुलिस ने उसे दबोच लिया।

इससे पहले झारखंड के ही एक युवक को मकसूदां में भगत सिंह कॉलोनी के पास वाई पॉइंट पर पौने तीन किलो अफीम के साथ पकड़ा गया था। यह युवक पहले जालंधर में मजदूरी करता था, लेकिन वह झारखंड के तस्करों के संपर्क में आ गया और अफीम की सप्लाई जालंधर लाने लगा था।

# रांचीः महाशिवरात्रि पर 18 को धूमधाम से निकलेगी भगवान शंकर की बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति और आर आर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी को धूमधाम से भगवान शंकर की बारात निकाली जायेगी।

इस वर्ष बारात में नंदी पर सवार पंचमुखी भोले बाबा और दिल्ली के मशहूर कलाकार छेदी लाल एंड पार्टी के जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही शिव महाकाली का तान्डव, पंचमुखी हनुमान, शिवशंकर भोलनाथ जमीन से छह फीट ऊपर हवा के आसन लिए हुए, साई बाबा की मनमोहक झांकियां भी लोगों के लिए नया होगा। भारत वर्ष के अमृत महोत्सव पर आधारित उपलब्धियों की जीवंत झांकी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, शैलेंद्र वर्मा शैलू, विक्की यादव ने रातू रोड के आरआर टावर में पत्रकारों को गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारात इन्द्रपुरी शिव मंदिर प्रांगण से निकलकर, मेट्रो गली, रातु रोड, सती मंदिर लेन, पहाड़ी बानोमंजिल रोड, जे जे रोड, शहीद चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक, प्यादा टोली के रास्ते होते हुए रातु रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब, दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

## मेंटल मैथ्स कंपीटिशन 26 फरवरी और पांच मार्च को

**रांची :** मेंटल मैथ्स कंपीटिशन की आनलाइन परीक्षा 26 फरवरी और पांच मार्च को होगी। इस आनलाइन परीक्षा में सीनियर केजी से क्लास सात तक के छात्र भाग ले सकते हैं। ओलम्पियाड गुरु विशाल दफ्तुआर ने बताया कि मेंटल मैथ्स कंपीटिशन का फंडामेंटल्स सिलेबस है और इसका कांसेप्ट ओलम्पियाड परीक्षा से अलग है। मेंटल मैथ्स कंपीटिशन में शामिल होनेवाले सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके अतिरिक्त चयनित बच्चों को मेडल और नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

# छह दिवसीय नाट्य महोत्सव का आयोजन आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय 22 वां भारत रंग महोत्सव का आयोजन 17 फरवरी से 22 फरवरी तक आर्यभट्ट सभागार में होने जा रहा है । उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मलकानी ने बताया कि कोविड-19 के कारण भारत रंग महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था, लेकिन अब झारखंड निदेशालय कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग,रांची विश्वविद्यालय के सहयोग रांची में 6 नाटकों का मंचन किया जा रहा है।



**इन नाटकों का होगा मंचनः**मुख्य रूप से 17 फरवरी को उर्दू नाटक रुहें , टट निरंजना ओड़िया, अभिनंदन मैकबेथ असमी, गोदान हिंदी, खोज गोरी बंगला, रतिनाथ की चाची हिंदी शामिल है।

**1999 से शुरू हुआः** मलकानी ने बताया कि 1999 से 2020 तक लगातार भारत रंग महोत्सव हो रहा है । 2018 में रांची में किया गया था। करीब 691 नाटकों का चयन किया गया था , जिसमें 80 नाटकों को मंजूरी मिली है। हिंदी 29, बांग्ला 14 ,मराठी 07, मणिपुरी पांच, असमिया दो , बृज भाषा एक, अंग्रेजी 3 , मलयालम तीन, कन्नड 3, तमिल 2, तेलुगू 1, ओड़िया तीन, संथाली एक, गुजराती दो , संथाली, डोंगरी एक, मल्टीलेंग्वेज आदि शामिल है।

**एनएसडी का एक केंद्र स्थापित होः** अजय मलकानी ने कहा कि जिस तरह से अन्य राज्यों में एन एस डी का एक वर्षीय प्रशिक्षण के लिए केंद्र खोला गया है, इसका एक केंद्र झारखंड में भी खोला जाए, जिसमें बिहार ,बंगाल ,उड़ीसा के रंगकर्मी युवाओं के लिए एक अवसर मिल सकेगा। इस मौके पर सिक्किम एनएसडी के निदेशक विपिन कुमार, रामअवतार मीणा, को ऑर्डिनेटर पूर्णाशीष घोष, संजय लाल , दीपक लोहार, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

# व्यापारियों की हड़ताल से रांची को करोड़ों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कृषि शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गया। गुरुवार को हड़ताल का दूसरा दिन रहा। रांची का सबसे बड़ा मंडी पंडरा बाजार बंद रहा। आवक और जावक दोनों ही ठप पड़ गया। दूसरे स्टेट से आई गाड़ियों पर सामान यूं ही लोड था। यहां हर रोज कोलकाता, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा, यूपी सहित अन्य कई राज्यों से सैकड़ों ट्रक सामान आता है, जिससे करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। अनुमान है कि हड़ताल के पहले दिन करीब 100 करोड़ का नुकसान हुआ। व्यवसायियों की हड़ताल की वजह से रांची सहित पूरे राज्य में खाद्यान्न, सब्जी और फलों के थोक और खुदरा व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मीडिया से कहा कि कृषि शुल्क बढ़ोतरी से आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। सामानों के दाम बढ़ेंगे और सरकार को जितनी राजस्व मिलने की उम्मीद है, उससे ज्यादा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में वैसे सभी लोग शामिल हैं, जो खाद्यान्नों के थोक व्यवसाई करते हैं। उन्होंने कहा कि सुबह से राज्य भर में खाद्यान्नों का आवक और जावक पूरी तरह से ठप है। पंडरा बाजार समिति के अध्यक्ष संजय कुमार माहुरी ने कहा कि जिस तरह से सरकार ने कृषि शुल्क बढ़ोतरी की है, उसका हर कोई विरोध कर रहा है। नतीजा बाजार समिति की सभी दुकानें बंद है। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो राज्य में भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उनका दावा था कि हड़ताल की वजह से हर रोज 100 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो सकता है।



# सुरेश्वर महादेव मंदिर में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन होना है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि 18 फरवरी को धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। वर्ष में 2022 में आठ मई को मंदिर में बाबा भोले नाथ के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। इस नाते आयोजन समिति को पहली बार मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के भव्य और ऐतिहासिक आयोजन का मौका मिल रहा है। इस दिन सुबह चार बजे भगवान भोले नाथ का रुद्राभिषेक किया जायेगा। इसके बाद व्यवस्थित तरीके से भक्त भी जलार्पण कर सकेंगे। संध्या काल में महाआरती के बाद शिव बारात निकलेगी जो महादेव मंडा होते राम मंदिर तक जायेगी। इस मंदिर में ही माता पार्वती और शिवजी का विवाह संपन्न होगा। संतोष कुमार ने बताया कि शिव बारात में घोड़ा नाच होगा। साथ ही कानपुर और इंदौर से आने वाले कलाकार भव्य झांकी पेश करेंगे। ढोल मांदर और तुरतुरी बजाते बारात राम मंदिर जायेगी। स्काई इवेंट के कलाकार भगवान भोले नाथ और मां पार्वती का रूप धरे अपने सहयोगी कलाकारों के साथ सजे हुए ट्रेलर में एक से एक झांकी पेश करेंगे।

## महाशिवरात्रि पर छः दिवसीय मेला का शुभारंभ

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय टाटीसिल्वे कि ओर से महाशिवरात्रि के पावन अवशर पर छः दिवसीय मेला का आयोजन किया। इस मेला का उद्घाटन फिता काटकर एवम द्वीप प्र ज्वालीत कर मुख्य अतिथि राम कुमार पाहन,प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि, जैलेंद्र कुमार ,आरती सिंह, सुरेंद्र महतो रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष , लक्ष्मी बहन ने सयुक्त रूप से किया।इस मेले मे महा आरती प्रातः 7 बजे एवम् संधा 6 बजे, दवादश जोयतिलिंग सह झाकी एवम् अध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,वीडियो शो,फ्री मेडिकल दंत, एकु प्रेसुर, आयुर्वेद का लाभ भी। मिलेगा। इस कार्य क्रम को सफल बनाने मे लक्ष्मी बहन , जितेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ,राजेश मिश्रा ,संजू बहन,सुसमल राय,गंगोत्री, रेणु, सिद्धि, पूशनाथ महतो इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झारखंडी खतियानी दौड़ सम्पन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पिस्का पंचायत के सरकारी स्कूल से खतियानी दौड़ का छट्टा दिन में पूर्व विधायक अमित महतो ने संबोधित करते हुए कहा जो बच्चे बच्चियां युवक इस दौड़ में भाग लिया है वह सभी खतियानी योद्धा है। मैं अपने खतियानी भाई बहनों के लिए खतियान के आधार पर पहचान और रोजगार दिलाने का कृत संकल्प हूं।आज का यह दौड़ पिस्का पंचायत के पिस्का, फुलवेर टांड़,जारु,रामपुर,लोसेरा होते हुए 21 किलोमीटर मैराथन दौड़ पूरा किया गया। आज के इस दौड़ में काफी संख्या में लड़के लड़कीयां बड़े बुढ़े धावक मौजूद थे। आज बिसरिया पंचायत में 21 किलोमीटर दौड़ की तैयारी है।

## महिला मोर्चा ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम के खिलाफ चल रही जांच को खलारी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोजनी देवी ने पुलिस अधीक्षक को निष्पक्षता से जांच करने की मांग किया है. उन्होंने बताया कि खलारी प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा के द्वारा वर्तमान खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम के खिलाफ तेल के गबन का आरोप लगाया गया है, जो जग जाहिर है. बताया ये भी जाता है कि तेल घोटालों को लेकर जाँच भी चल रही है. यह एक अति गंभीर मामला है एवं अनेकों महीनो से यह विवाद का विषय बना हुआ है. परन्तु अभीतक जाँच पूर्ण नहीं किया गया है. समाज सेविका सरोजनी देवी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को जांच को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष जाँच कराने एवं त्वरित पूर्ण कराने की कृपा करने का आग्रह किया गया. अथवा जांच को साजिस के तहत विलंब किया जा रहा है,तो उन अफसरों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करें.

## रोहणी प्रबंधक के मीटिंग का बहिष्कार

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: क्रमिक प्रबंधक के द्वारा रोहणी परियोजना संभागर में प्रोजेक्ट सलाहकार समिति के सदस्यों को बुलाया गया था. रोहणी प्रबंधक के बुलाये गये तय समय के अनुसार दिन के 12 बजे पहुँचे. सलाहकार समिति रोहणी संभागर में पहुँचने के बाद पता चला कि उस समय किसी अन्य के साथ परियोजना पदाधिकारी का मीटिंग होना है परियोजना पदाधिकारी से पूछा गया तो इसके बाद का समय बताया लेकिन डेढ़ घंटे समय देने के उपरांत भी किसी तरह का कोई खबर नहीं मिला. पीसीसी मेंबरों ने मीटिंग का बहिष्कार करके सभी सदस्य चले गये. रोहिणी प्रबंधक की बुलाये बैठक को पीसीसी मीटिंग की गरिमा को भंग किया. रोहिणी के प्रबंधक द्वारा आईआर माहौल खराब कराने की साजिश रच रही है. रोहिणी परियोजना प्रबंधक द्वारा ज़मीन उपलब्ध नहीं करवा पाना, प्रबंधन अपनी नाकामी को छुपाने के लिए आईआर माहौल खराब कराने में लगे हुये है.

## आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर सभा का आयोजन

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चान्हो प्रखण्ड के तरंगा पंचायत के सोपारम में आंगनबाड़ी सेविका पद का चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सेविका चयन में मार्कशीट के माध्यम से अंक एवं प्रतिशत के आधार से सेविका पद के लिए फुलमनी को आँगनबाड़ी सेविका चयन किया गया। इस दौरान प्रखंड महिला बाल कल्याण पदाधिकारी चंदा रानी ने कहा कि सेविका चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ चयनित किया गया है। चयन के बाद आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर-पूनम देवी एवं कमला देवी। प्रधानअध्यापक-जोसेफ लकड़ा पंचायत समिति तबरेज आलम। मुखिया पूनम उराईं आंगनबाड़ी सेविका रोशन आरा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डकरा खदान क्षेत्र की सुरक्षा अन्य खदान से सुरक्षित : गोलटेंन यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : एनके एरिया की सबसे पुरानी ओपेनकास्ट उत्खनन परियोजना डकरा में जनता मज़दूर संघ का एक टीम गोलटेंन प्रसाद यादव, सदस्य क्षेत्रीय खान सुरक्षा समिति, जनता मज़दूर संघ के नेतृत्व में डकरा परियोजना खदान की सुरक्षा का जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में टीम ने खदान, डकरा वर्कशॉप, बिजली घर, कैंटीन, आदि का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान माइंस में कुछ कमियां थी जैसे हाल रोड के ग्रेडियंट को ठीक करना, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करना,पीपी किट को पर्यास मात्रा में रखना, सुरक्षा के संसाधनों को पर्यास मात्रा



में रखना, सहित आदि पर ध्यान आकृष्ट कराया गया. वर्कशॉप में सभी जगह ठीक पाया गया, निरक्षण के बाद श्री यादव ने बताया कि प्रबन्धन को पूर्व सूचना के साथ आज खदान का निरीक्षण किया. निरीक्षण में पाया कि वर्तमान में पूर्व के वर्षो से काफी ठीक स्थिति में खान सुरक्षा के मद्देनजर खदान में प्रबंधन द्वारा काम किया गया है. हलाकि सुरक्षित खदान रखना एक सतत प्रिक्रया का हिस्सा है. जिसे प्रबंधन को गम्भीरता पूर्वक लेना चाहिये, खनन कार्य प्रकृतिक के विरोध किया जाता है जिसमे सैदव उच्च सावधानी से खनन की जरूरत रहती है. परियोजना की तरह डकरा में भी हाई वाल एक बड़ी समस्या है जरूरत है जमीन की उपलब्धता बढ़ाते हुए इसे दूर किया जाय, जो कमियां निरक्षण में पाई गई. माइन्स की समस्या को यूनियन व् डी जीएमएस के निरीक्षण में पाये कमी सुरक्षा मानकों को प्रबंधन समय समय मॉनिटर भी करती है. सीसीएल सी के एस यूनियन द्वारा पिट सेफ्टी कमिटी की बैठक, एरिया दिवपक्षीय समिति, एरिया त्रिपक्षीय समिति, कम्पनी दिवपक्षीय समिति की बैठकों में इनके प्रतिनिधि डकरा खदान की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दे कभी इस वर्ष नही उठाये है. निरीक्षण में उठाये गये मुद्दे ज्यादा हीं बढ़ा चढ़ा कर बताया जा रहा जबकि वास्तव में उठाये विन्दु? पर भी गौर किया है, श्री यादव ने कहा कि विगत दिनों उस यूनियन द्वारा डकरा के एक आवास को दबाव बनाकर जो अन्य कर्मी परियोजना के कर्मी को दिलाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से किया गया निरीक्षण है, कारण विगत माह ही वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान उस कथित संगठन के लोग पूरी तरह भाग लिए एंव अब खदान सुरक्षा के नाम पर दबाव की राजनीती के अलावे कुछ नही जो लोग हाजरी बनाकर डियूटी नही करते वहीं खदान निरीक्षण पँर उपदेश दे रहें है प्रबंधन को वैसे कर्मचारी नेताओं को जो डियूटी नही करते अपने दायित्व के अनुसार उनसे कार्य लेना चाहिये, जनता मज़दूर संघ सुरक्षा के नाम पर राजनीती करने में विश्वासः नही रखता, हमलोग समस्या के समाधान में विश्वास रखते है. निरीक्षण के दौरान प्रबंधन की तरफ से डकरा के खान प्रबंधक एल के राणा, परियोजना अभियंता उत्खनन कमल गुनिया, बिजली अभियंता, मोहन जी यूनियन।कि तरफ से क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य डीपी सिंह डकरा परियोजना के अध्यक्ष एवं सुरक्षा समिति के सदस्य संतोष, कंचन महतो ,प्रभु गंझू अजय चौहान, अमिताभ बच्चन आदि मौजूद रहें.

## मनबोध लोहरा के घर लगी आग, पीड़ित परिवार से मिलने पंहुचे कमलेश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी** : 15 फरवरी की रात को कांके प्रखंड के हुसीर गांव निवासी मनबोध लोहरा के घर शोर्ट सर्किट से आग लग गया। आग की चपेट में आने से मकान समेत मकान में रखे खाद्य सामग्री, कपड़ा, बक्सा, गोदरेज समेत सभी जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। बता दें कि मनबोध लोहरा के दोनों पैर खराब हैं, वह चल नहीं पाते हैं। इसलिए वे सो रहे थे और दो पुत्रियाँ में एक पुत्री का आने वाले दिन मैट्रिक का परीक्षा है। इसलिए पढ़ाई कर रही थी और तब इन्हें लगा कि घर में आग लग गई है। वैसे ही सबसे पहले अपने पिताजी व बहन को उठाई और बाहर किए। बाहर निकलने के बाद हो हल्ला की और पड़ोसियों को बुलाई तब तक घर में आग भीषण रूप ले लिया था। उपस्थित लोग आग बुझाने की भरसक कोशिश किया, परंतु तब तक घर जलकर पुरी तरह राख हो चुकी थी। सुबह-सुबह इसकी सूचना जैसे ही भाजपा नेता कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश राम को मिली वे अपने साथ खाद्य सामग्री लेकर पीड़ित परिवार के घर पहुंचे, और वस्तु स्थिति को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से दूरभाष में बात कर अवगत कराया।साथ ही साथ पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास एवं पांच लाख रुपए का मुआवजा देने के लिए मांग सरकार से मांग रखा। इस मौके पर मुखिया आरती उरांव, वार्ड सदस्य इरफान अंसारी, सकिल अंसारी, सतीश बड़ाइक, विजय उरांव, आशीष राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस का युवा कार्यकर्ता मिलन समारोह संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर** : मांडर प्रखण्ड में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी का युवा कार्यकर्त्ता मिलन सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथी झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मुख्य रूप से शामिल हुए इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा की आज देश मे युवाओं का हाल बेहाल है बेरोजगारी चरम पर है लोग कांग्रेस पार्टी को आशा की निगाहों से देख रहे हैं आने वाले चुनाव में भाजपा जैसी पार्टियों को



एक मात्र ही कांग्रेस पार्टी है जो हरा सकती है इसीलिए युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ कर रखें। कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज झारखण्ड प्रदेश प्रवक्ता सतिश पॉल मुंजनी राँची ग्रामीण के प्रभारी फहाद खान सोशल मीडिया संयोजक ब्रज भूषण पाण्डे मोदसिर सुरेश कुमार इस कार्यक्रम के आयोजन कर्त्ता अमित खालखो भोलू खान युवा उपाध्यक्ष अमरनाथ महासचिव जलेश महतो अरुणा मिंज ओलीभ रॉकी कच्छप रोशन कुजूर अमित कृष्णा नरेंद्र कुमार सुनील रामभजन सिंह मुण्डा श्याम मुण्डा एवं सैकड़ो कार्यकत्ताओ ने युवा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, तस्लीम अंसारी सेरोफिना मिंज, होसे उरांव, सरिता तिग्गा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए शामिल।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने रोहणी परियोजना पदाधिकारी को 30 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : रोहणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहार की अध्यक्षता में रोहणी परियोजना पदाधिकारी को 30 सूत्री मांग का पत्र सौंपा गया. इस दौरान रोहणी प्रबंधक को लपरा पंचायत के ग्राम नवाडीह में विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं मरम्मति के संबंध में समस्याओं को अवगत कराया गया.जिसमे कि नावाडीह में सामुदायिक भवन, पियारटांड़, घुमकुड़िया भव की मरम्मति, नावाडीह ग्राम में दो जगहों में से राजू



यादव,कुंदन गंझू के घर के पास डीप बोरिंग का निर्माण,नावाडीह व हेसालोंग ग्राम में छः हाई मास्क लाइट,नावाडीह ग्राम के मध्य विद्यालय स्कूल का मरमती,लड़को व लड़कियों के लिए शौचालय, खेल मैदान व खेल सामग्री, व लपरा, नावाडीह, हेसालोंग ग्राम में खराब चापानल का मरम्मति सहित अन्य जगहों पर ग्रमीणों की शुखसुविधा का मांग किया गया. बैठक में एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,रामलखन गंझू,अमृत भोगता, प्रभाकर गंझू,दामोदर गंझू, प्रेम कुमार गुप्ता, भरत महतो,बासुदेव ठाकुर केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,रामचंद्र उरांव,नरेश गंझू,बिनोद मुंडा,गणेश मुंडा, राधेश्यााम प्रसाद,रामधारी गंझू, अनिल प्रसाद, धर्मदेव ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे.

## शपथ पत्र

मैं राजू कुमार महतो, पिता स्वर्गीय युगल महतो साकिन देवराडीह, पोस्ट :- मंदरामो, थाना :- बगोदर, जिलाः- गिरिडीह के निवासी हूं, शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरी उम्र लगभग 26 वर्ष है, मेरा आधार कार्ड संख्या 821921292423 में मेरा नाम राजू कुमार महतो दर्ज है, लेकिन मेरे पिता के रेलवे सेवा पुस्तिका में मेरा नाम पुनीत महतो दर्ज है, मै उक्त दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता हूं दोनों नामों के एक ही व्यक्ति है जो मै स्वयं हूं, मै शपथ पत्र में दोनों नामों के लिये कर रहा हूं।

## शपथ पत्र

मैं भुनेशवर महतो (BHUNESHWAR MAHATO)पिता कुंजलाल महतो ग्राम जमुनिया,पोस्ट दोंदलो थाना बगोदर जिला गिरिडीह का निवासी हूं। शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि :-

1.यह कि मेरी उम्र लगभग 34 वर्ष है ।

2.यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 7653 1847 3888 में एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा बगोदर के खाता संख्या 479210110020743 में मेरा नाम भुनेशवर महतो (BHUNESHWAR MAHATO) दर्ज है जो सही नाम है ।

3.यह कि मेरा L. I. C. के पॉलिसी संख्या 543656754 में मेरा नाम गलती से दिनेश कुमार महतो (DINESH KUMAR MAHTO) दर्ज हो गया है ।

4.यह कि उपरोक्त लिखित दोनों नामों का एक ही व्यक्ति है जो स्वयं में हूँ मेरे सिवाय कोई और अन्य व्यक्ति नहीं है।

5.यह की शपथ पत्र में अपने दोनों नामों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रहा हूँ ।

मैं भुनेशवर महतो घोषणा करता हूं कि उपरोक्त लिखित सभी बातें सही सत्य दुरुस्त है।

## पांच सदस्यीय दल ने हरातु लुरका टोली का दौरा किया

**नामकुम** : सिल्वे पंचायत के अंतर्गत हरातु 2 लुरका टोली में आगणबाडी सेविका कि गलत चयन प्रक्रिया एवम् डेह महीने से बंद आगणबाडी के शिकायत के बाद खिजरी विधायक राजेश कच्छप के पहल परडी डी सी के आदेशानुसार प्रखण्ड के पाँच सदस्यीय दल जिनमें बी डी ओ नामकुम ज्ञान शंकर जयशवाल , मिथिलेश सिन्हा, अमर कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, रितेश कुमार, संध्या का दौरा किया गया। बैठक कर पक्ष विपक्ष कि बाते सुनने के बाद निर्णय लिया गया कि ग्राम प्रधान कि अध्यक्षता में आम सभा करना, चार सदस्यीय सर्वे टीम का गठन किया गया,रिपोर्ट सोमवार तक प्रखण्ड में जमा करना है, चयन कि प्रक्रिया बहुलता के आधार पर किया जायेगा। इस अवसर पर जिला परिसद् सदस्य विपिन टोप्पो, उप प्रमुख विना कुमारी, मुखिया नूतन पाहन, पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा, ग्राम प्रधान गोपाल मुंडा, किस्टो कुजुर, वार्ड सदस्य रीता देवी इत्यादि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## लिटरेसी न्यूमैरेसी शिविर का समापन

**इटकी** : अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन द्वारा लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय लिटरेसी न्यूमैरेसी शिविर का गुरुवार को समापन हुआ.शिविर में वर्ग एक से तीन तक के लिए शिक्षा देने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया .इसमें प्रखंड के कुल 36 शिक्षकों ने भाग लिया. प्रशिक्षण कार्य मे प्रखंड के ही शिक्षक अजरा प्रवीण, जाहिद, प्रशांत कुमार दत्ता, शीला सिंह व पुष्पा लकड़ा के अलावा अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद व अविनाश कुमार शामिल थे.

## 30 दिवसीय वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रीय निर्देशक श्री विपुल चंद्र शाह एवं शिव सोनी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह किया एवं प्रशिक्षण लेने आए 34 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं स्वयं का रोजगार करने के लिए प्रोत्साहित किया! वहीं और रूप से संस्थान के कार्यप्रणाली को विस्तार से निरीक्षण किया! ग्रामीण विकास मंत्रालय के शिव के सोनी ने रूडसेट संस्थान संस्थान में प्रशिक्षण लेने आए सभी प्रशिक्षणार्थी को आत्मविश्वास के साथ एवं पूरी निष्ठा से प्रशिक्षण लेने का संदेश दिया और स्वयं का कार्य करने का संदेश दिया। मौके पर आरसेटी के राज्य निर्देशक शशि भूषण मिश्रा ने यह कहा की अच्छे से प्रशिक्षण लेकर आप अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं! आरसेटी राज्य मूल्यांकन नियंत्रक चंद्र भूषण पांडे ने यह संदेश दिया कि रूडसेट संस्थान में सिलाई के साथ-साथ व्यवसाय करने का भी तरीका सिखाया जाता है, और संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास इत्यादि उपस्थित रहे ।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
T. Reference No. :- DWSD/KH-19(CLUS/SVS)/2022-23 (1st Call), Date 16.02.2023

| Sl.No. | Name of Work | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 2A | Rania | 560.51 | 5.61 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 2 | 2B | Rania | 517.35 | 5.18 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 3 | 5A | Karra | 955.95 | 9.56 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 4 | 5B | Karra | 732.97 | 7.33 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 5 | 6A | Karra | 729.10 | 7.30 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 6 | 6B | Karra | 799.46 | 8.00 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 7 | 7B | Karra | 942.84 | 9.43 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 8 | 11B | Khunti | 558.97 | 5.59 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 9 | 12A | Murhu | 561.47 | 5.62 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | | | | 22.02.2023/05.00 PM. | |
| C) | Bid Submission Start Date | | | | 22.02.2023/05.00 PM. | |
| D) | Bid Submission End Date | | | | 01.03.2023/05.00 PM. | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | | | | 02.03.2023 up to 05.00 PM. | |
| F) | Date of Opening of Tender | | | | 03.03.2023/11.00 AM. | |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tender | | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | |
| H) | Name & Address of Opening Officer | | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | |
| I) | Contact No. of Procurement Office | | | | 06528-299928 | |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | | | | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | |

नोटः– निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।
PR 290526 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –30 वर्ष 2022–2023

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक: 22.02.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक: 23.02.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक:23.02.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Road From pucca road to guest house of DDDO Campus at khunti, Dist khunti for the year 2022-23. | 5,02,100.00 | 1,250.00 | 10,100.00 | 15 दिन |
| 2 | Construction of Handicap Toilet Behind record room at civil court campus khunti dist khunti for the year 2022-23. | 9,15,600.00 | 1,250.00 | 18,400.00 | 01 माह |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी
PR 290522 Building(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114, Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, 1st Call
Tender Notice No.- DWSD/GAR/27/2022-23 Dated–16.02.2022

| Sl. No. | Name of Work | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Civil work, Plumbing and water supply work, internal Electrification work for inspection Bunglow and Civil work, Plumbing water supply work, internal Electrification work for Driver Restroom and Cooking Staff Quarter and Construction of Septic tank, Deep Bore well 1 No., Furniture work, Paver Road etc work **At Obra Rural Pipe Water Supply Scheme WTP Capmpus Garhwa Block** under D.W.&S. Division, Garhwa for the year 2022-23 . | 2,08,11,783.00 | 4,17,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 22.02.2022/12:30 P.M. | | | |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 27.02.2023/12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D. W.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. | | | |
| 4 | Date & time of Bid Submission start date | 27.02.2023/04:00 P.M. | | | |
| 5 | Last date & time of Bid Submission | 02.03.2023/05:00 P.M. | | | |
| 6 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 03.03.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | | | |
| 7 | Date & time of Opening Tender | 04.03.2023/04:00 P.M. | | | |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
PR 290512 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

## हीरो मोटोकॉर्प का हाई-टेक 110 सीसी स्कूटर-जूम लॉन्च




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आज झारखंड के जमशेदपुर में नया 110 सीसी स्कूटर-जूम लॉन्च किया है। हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर से परिभाषित कर रही है और इसने स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नए चरण को पेश किया है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ ग्रोथ ऑफिसर (सीजीओ) रंजीवजीत सिंह ने कहा, जो लोग स्कूटर की शानदार सवारी करना चाहते हैं और नए-नए फीचर्स से लैस स्कूटर को अपनाना चाहते हैं। वह निश्चित रूप से हीरो जूम के जबर्दस्त और बोल्ड लुक की ओर आकर्षित होंगे। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर डॉ. अरुण जौरा ने कहा कि हीरो जूम हमारे स्कूटरों के आकर्षक और व्यापक पोर्टफोलियो में एक और मजबूत संकलन है। यह स्कूटर तीन वैरिएंट्स- शीट ड्रम, कास्ट ड्रम और कास्ट डिस्क में आता है। स्कूटर के तीनों वैरिएंट्स में 'एलएक्स-शीट ड्रम की' 'शुरुआती कीमत 72,599 रुपये रखी गई है। वीएक्स-कास्ट ड्रम 75,899 रुपये में उपलब्ध है। जेडएक्स-कास्ट ड्रम की कीमत 80,699 रुपये रखी गई है।

## नीलांचल कंपनी से तांबा चुराकर निकल रहे ठेकाकर्मी को सुरक्षाकर्मियों ने दबोचा

**कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना अंतर्गत रतनपुर स्थित नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी से बुधवार की शाम छुट्टी के दौरान तांबा चुराकर बैग में लेकर मुख्य द्वार से बाहर निकल रहे एक कामगार को कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने रूटीन जाँच करते वक्त दबोच लिया. जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 1 किलो से अधिक तांबा बरामद हुआ. इसके बाद आरोपी को पकड़कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया. इस संबंध में कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज शिशुपाल सिंह ने थाना में लिखित आवेदन दिया. आरोपी अरूप दे पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले का निवासी है और वर्तमान में ठेकेदार पिंटू सिंह के अंदर रोलिंग मिल में काम कर रहा है. पकड़े जाने के बाद आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और बताया कि वह तांबा अपने बैग में भरकर बेचने के लिए घर ले जा रहा था.

## जदयू नेता विनोद बिहारी कुजूर ने अपने खर्च से चापाकल कराया दुरुस्त



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के विटापुर पंचायत अंतर्गत सिल्पिंगदा गांव के टोला बुरूगुटू में ग्रामीणों ने पानी की आस को लेकर चापानल का मरम्मती करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं कार्यालयों का चक्कर लगाकर परेशान हो गए। इसको खबर सुरेश बोदरा एवं सुधीर मुंडा से मिलते ही समाजसेवी सह खरसावां विधानसभा के युवा नेता विनोद बिहारी कुजुर तत्काल संज्ञान में लेते हुए अपने निजी खर्च से चापालाल की मरम्मत करवाई। इस दौरान दुर्गा गोप, सिंगराय गोप, रामसिंह गोप, गोविन्द गोप, सुखलाल लोहार, बुधराम लोहार, कर्मा लोहार, गुरवा लोहार, करन सरदार, बोसेन लोहार, आसु लोहार, टिपु गोप आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## तड़ीपार के बावजूद अपने घर में रह रहा था अपराधी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तड़ीपार का सजा काट रहा एक व्यक्ति को पुलिस ने एक घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार निवासी गजानंद सिंह उर्फ रोहित सिंह को पुलिस ने बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। गजानंद को दिसंबर से मार्च तक तड़ीपार किया गया था। इसके बावजूद वह अपने घर आया हुआ था इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की और गिरफ्तार कर लिया। मामले में डीएसपी हेडक्वार्टर 2 कमल किशोर के बयान पर कदमा थाना में मामला दर्ज किया गया है। बता दे कि गजानंद उर्फ मोहित पर हत्या और आर्म्स एक्ट समेत कुल 12 मामले कदमा थाना में दर्ज है. फिलहाल पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चिल्गू पंचायत भवन में टीकाकरण कैंप का आयोजन



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल प्रखंड के चिल्गू पंचायत भवन में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण कैंप का आयोजन हुआ। कैंप में गर्भवती महिलाओं व जीरो से लेकर पांच साल तक के बच्चों को सभी प्रकार की टिका दिया गया । इस दौरान एएनएम बंदना महापात्र ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। इससे न केवल गंभीर बीमारी से बचाव होता है, बल्कि सुरक्षित और सामान्य प्रसव को भी बढ़ावा मिलता है। बच्चों का शारीरिक विकास भी बेहतर तरीके से होता है। इस अवसर पर सभी एएनएम, सीएचओ एवं सहिया मौजूद थे।

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल मध्य मंडल में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आज मंडल अध्यक्ष खगेन महतो की अध्यक्षता में एक मंडल कार्यसमिति का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें चांडिल मध्य मंडल के सभी मंच मोर्चा सहित जिला व प्रदेश स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित होकर संगठन की मजबूती को लेकर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें बतौर मुख्य अथिति के रूप में पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से पार्टी व संगठन हित में कार्य करें। इस मौके पर जिला महामंत्री मधु गोराई, सारथी महतो, महेश कुंडू, दीपू जैसवाल, रामकृष्ण महतो प्रभात पोद्दार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग शाला में कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएं। यह बात राज्य साधन सेवी सह प्रशिक्षक तरुण कुमार सिंह ने कुचाई के बीआरसी भवन में शिक्षकों को एफएलएन का प्रशिक्षण देते हुए कहा उन्होंने बीआरसी भवन में प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शिक्षकों को कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है। यह प्रशिक्षण आगामी 28 फरवरी तक चलेगी इस दौरान मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो लेखापाल कृष्णा, मोहन महतो, प्रशिक्षक सुशांत कुमार महतो, मंगल बेसरा, उदित प्रमाणिक, शिक्षक दीनबंधु सिंह पात्र, अरविंद सिंह, आदित्य कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।



# सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार युवक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला सदर अस्पताल के निकट सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर एक साइकिल सवार युवक की टैंकर वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना गुरुवार की सन्ध्या लगभग साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास की बतायी जा रही है, उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सदर अस्पताल के पास तेज गति से आ रही एक टैंकर उसे रौंदते हुए निकल गया था। सूचना पर सरायकेला थाना की पुलिस भाग रहे टैंकर को सरायकेला बिरसा चौक के समीप पकड लिया। दुर्घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गयी थी। शव की स्थिति ऐसी हो गयी थी कि उसे पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिये बेलचा द्वारा उठाना पड़ा।साईकिल में टँगे बैग में एक टिफिन मिलने से कयास लगाया जा रहा है कि मृतक कहीं मजदूरी करता था, काम समाप्ति के बाद घर लौटने के क्रम यह हादसा हुआ।

# करीम सिटी कॉलेज के मास कॉम विभाग में फैक्टशाला आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के मास कम्यूनिकेशन विभाग में गुरुवार को फैक्टशाला शीर्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह गूगल न्यूज इनिशिएटिव के सहयोग से संचालित एक समाचार एवं सूचना साक्षरता कार्यक्रम है, जिसका डाटालीड की ओर से संचालन किया जा रहा है. इसमें संस्था की ट्रेनर और पत्रकार अंतरा बोस ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया पर आने वाले मैसेज, अनजान व्यक्ति अथवा मोबाइल नंबर से आनेवाली सूचनाओं आदि के सत्यापन के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आने वाले अथवा वायरल होने वाले किसी भी मैसेज पर आंख मूंद कर भरोसा न करें, बल्कि उसका सत्यापन करें. उसके तह तक जायें. यदि सूचना सत्यापन की कसौटी पर खरी उतरती है, तभी उसे दूसरों के पास भेंजें. अन्यथा उससे नुकसान भी हो सकता है. अंतरा ने छात्र-छात्राओं को क्रिटिकल थिंकिंग और फैक्ट चेकिंग टूल्स के बारे में भी बताया. कार्यशाला में मिस इन्फॉर्मेशन, डिस इन्फॉर्मेशन और मेल इन्फॉर्मेशन के बारे में भी बताया गया. इससे पूर्व कॉलेज की मास कम्यूनिकेशन विभागाध्यक्ष डॉ नेहा तिवारी ने छात्र-छात्राओं उक्त कार्यक्रम की जानकारी दी. इस दौरान विभाग के सैयद साजिद परवेज डॉ रश्मि कुमारी, सैयद साजिद प्रवेश समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

# जमशेदपुर अंचल में पेंशन संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन के लिए कैम्प आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वे कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में जमशेदपुर अंचल में 17 फरवरी से 01 अप्रैल तक पेंशन संबंधी कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर कैम्प लगाने का आदेश अंचल अधिकारी अमित श्रीवास्तव द्वारा जारी किया गया है। कैम्प के सफल संचालन को लेकर प्रत्येक कैम्प के लिए राजस्व उप निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है । प्रतिनियुक्त कर्मियों को ससमय संबंधित कार्यों को निष्पादित करते हुए विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

**कैम्प की तिथि एवं स्थल का नाम निम्नांकित हैं-** 17.02.2023- दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन, जेल चौक, साकची। 20.02.2023- प्रीतम पार्क सामुदायिक भवन, पटेल नगर, भुईयांडीह । 22.02.2023- ग्वाला बस्ती, टेल्को सामुदायिक भवन । 24.02.2023- बर्मा माइंस, रघुवरनगर, सामुदायिक भवन । 27.02.2023- भोजपुर साहित्य परिसद, गोलमुरी एबीएम कॉलेज के सामने सामुदायिक भवन । 01.03.2023- कदमा शास्त्रीनगर नं. 03, सामुदायिक भवन । 03.03.2023- झाबरी बस्ती, सोनारी सामुदायिक भवन । 06.03.2023- बिष्टुपुर गोस्वामी मंदिर सामुदायिक भवन । 09.03.2023- राजकीय प्राथमिक स्कूल, नीलडीह, जोन न.-10 । 13.03.2023- पूर्वी मध्य विद्यालय, नीलडीह, जोन न0-3 । 15.03.2023- जनहित केन्द्र, जोन न0-4 । 17.03.2023- सामुदायिक भवन गिट्टी मशीन, जोन न0 - 5 । 20.03.2023- दास पाडा सामुदायिक भवन, जोन न. - 1 । 22.03.2023- उरांव सामुदायिक भवन, जोन न.-6 । 24.03.2023- सामुदायिक भवन हरि मंदिर के पास जोन न0-7 । 27.03.2023- सामुदायिक भवन काली मंदिर, जोन न0-9. । 29.03.2023- आर्य समाज, जोन न0-11 । 31.03.2023- डुंगरी टोला सामुदायिक भवन, जोन न0 - 2 । 01.04.2023- शकुन्तला सामुदायिक भवन, जोन न0-8 ।

## पातकुम में सविता महतो व राजा साहब ने नवकुंज अखण्ड महायज्ञ का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पातकुम में आयोजित श्री श्री नवकुंज अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का गुरुवार को विधायक सविता महतो व राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। नौ दिवसीय श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन के राधा कुंज में विधायक सविता महतो ने पुजा पाठ व आरती कर क्षेत्र की मंगलकामना की। नवकुंज के लिए अलग अलग नौ कुंज में संकिर्तन का शुभारंभ किया गया जो निर्विवाद रूप से राधा गोविन्द नाम नौ दिन रात तक गुंजायमान रहेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो, अंचलाधिकारी भोला शंकर महतो, मुखिया राखोहरि सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, आदि कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा प्रवास योजना की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** भाजपा जिला कार्यालय सरायकेला में लोकसभा प्रवास योजना की बैठक सरायकेला विधानसभा कोर कमेटी संयोजक मनोज चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रवास योजना के प्रभारी उदय सिंह देव ने संगठनात्मक विषयों पर प्रकाश डाला एवं विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारी तय करने की बात कही। विधानसभा कोर कमेटी के संयोजक अशोक सारंगी ने शक्ति केंद्र एवं मतदान केंद्रों के सत्यापन पर बल दिया। बैठक को विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हासदा एवं आदित्यपुर के उपमहापौर अमित सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शकुंतला माहाली, बीएन सिंह, राजा सिंहदेव, सत्य प्रकाश महतो, सोहन सिंह, कुमुद रंजन, अभिजीत दत्ता, विनय कंचन, सतीश शर्मा, रितिका मुखी, रूपा पति, बद्रीनारायण दरोगा, मनोज महतो, संजय सरदार, हरे कृष्ण प्रधान एवं कृष्णा प्रधान सहित अन्य भाजपाई उपस्थित थे।

## आगसिया की सहायिका बनी पुष्पा लायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसिया आंगनबाड़ी केंद्र में गुरूवार को सहायिका चयन हेतु सीडीपीओ हिमाद्रि की उपस्थिति में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में सहायिका चयन में कुल 4 महिलाओं ने आवेदन दिया। सहायिका चयन समिति द्वारा पुष्पा लायक को चयनित कर चयनित पत्र सौंपा गया। मौके पर उप मुखिया ललिन सिंह मुंडा, मुकेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका जया पांडे, आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक ने पढ़ाया किस डे, मैरेज डे का पाठ परिजनों ने किया विद्यालय में हंगामा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** स्कूल या ट्यूशन शिक्षक के द्वारा अपनी छात्राओ से छेड़छाड़ करने की घटनाएं समय-समय पर प्रकाश में आती रही हैं। इसी प्रकार की गम्हरिया प्रखंड के एक स्कूल की घटना सामने आई है जहां एक कुत्सित मानसिकता वाले शिक्षक द्वारा कक्षा में बच्चियों के साथ शादी और किस डे की बात करते हैं। बताया जाता है कि स्थानीय वाणी विद्या मंदिर के एक शिक्षक द्वारा लगभग हर छात्रा से शादी और किस डे, मैरेज डे आदि की बातें करते हैं। इस मामले को लेकर एक पीड़ित छात्रा के परिजनों ने विद्यालय के प्राचार्य कक्ष में जमकर हंगामा किया। साथ ही आरोपी शिक्षक की फजीहत भी की। परिजनों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा उक्त शिक्षक के खिलाफ जांच शुरू कर दिया है। पीड़ित छात्रा द्वारा विद्यालय के प्राचार्य से इस संबंध में लिखित शिकायत करते हुए आरोपी शिक्षक को निष्कासित करते हुए उनके सभी प्रमाणपत्रों को रद्द करने की मांग की गई है। इधर, पीड़िता के परिजनों ने कहा है कि यदि स्कूल प्रबंधन की ओर से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे कानूनी रास्ता अख्तियार करने को बाध्य होंगे। इस मामले को लेकर अधिवक्ता प्रभात शंकर तिवारी और हिंदूवादी नेता चिंटू सिंह के नेतृत्व में अभिभावकों और छात्रों ने विद्यालय प्रबंधन से मिलकर आरोपी शिक्षक को निष्कासित करने की मांग किया। विद्यालय प्रबन्धन की ओर से बताया गया है कि शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, मामले की जांच की जा रही है। यदि आरोप सही पाया गया तो उक्त शिक्षक पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी और उन्हें विद्यालय से निष्कासित भी किया जाएगा।

## टाटानगर सत्संग विहार उत्सव 19 को एग्रिको मैदान में, शामिल होंगे 40 हजार गुरु भाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** काशीडीह स्थित टाटानगर सत्संग विहार में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के शुभ 135 वां जन्म महोत्सव सह सत्संग विहार के 26 वां उद्बोधन दिवस को लेकर तैयारी जोर सोर से चल रही है। बुधवार को मंदिर परिसर में रित्तिक विनोद साह ने बताया देवघर ठाकुर बाड़ी से पूज्यपाद श्रीश्री आचार्यदेव से आशीर्वाद मिलने के बाद इस साल भव्य आयोजन का निर्णय लिया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 19 फरवरी को एग्रिको मैदान में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के शुभ 135 वां जन्म महोत्सव सह सत्संग विहार के 26 वां उद्बोधन दिवस मनाया जाएगा। उत्सव में कोल्हान सहित झारखंड के 40 हजार से ज्यादा गुरु भाई शामिल होंगे।

## पुरेंद्र व अर्जुन बने झारखंड प्रदेश महासचिव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** झारखंड प्रदेश राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह प्रभारी पूर्वी सिंहभूम पुरेंद्र नारायण सिंह को पुनः राजद का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। आज इस आशय की अधिसूचना प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के हस्ताक्षर से 14 फरवरी को जारी की गई सूची को पुनरीक्षित कर जारी किया गया है। पहले 14 फरवरी को जारी सूची में पुरेंद्र नारायण सिंह का नाम शामिल नहीं था। आज पुनरीक्षित सूची में पुरेंद्र नारायण सिंह एवं अर्जुन प्रसाद यादव को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। पुरेंद्र नारायण सिंह अपने मनोनयन को लेकर झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष पूर्व विधायक हुसैनाबाद संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव पूर्व विधायक गोड्डा संजय प्रसाद यादव के प्रति आभार प्रकट किया है। पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि शीघ्र ही पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। कोल्हान से पहले जगन्नाथपुर और मझगांव से राजद की जीत हो चुकी है। और जमशेदपुर पूर्वी सहित कई विधानसभाओं में राजद का बेहतर प्रदर्शन रहा हैद्य उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद मजबूत संगठन वाले कोल्हान के विधानसभा क्षेत्रों में राजद अपना प्रत्याशी उतारने पर गंभीरता से विचार

# जल छाजन योजना के कार्य प्रगति को लेकर एडीसी ने की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने गुरुवार को सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मियों सहित समीक्षा बैठक कर जल छाजन योजनाओं अंतर्गत चल रहे कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। बैठक में पीआईए डीएफओ सरायकेला, पीआईए जिला कृषि पदाधिकारी, पीआईए सहयोगी महिला एवं सभी डब्ल्यूडीटी सदस्य उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने डीपीआर की स्थिति, वार्षिक कार्य योजना, कार्य एवं खर्च की स्थिति तथा एमआईएस की स्थिति का समीक्षा कर डीपीआर तैयार कर 23 फरवरी तक जिला में समर्पित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रोडक्शन सिस्टम कार्य में तेजी लाने एवं पूर्ण हो चुके कार्यो का वर्क कम्पलीशन सर्टिफिकेट जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त झारखण्ड जलछाजन योजना अंतर्गत पीआईए सहयोगी महिला को कार्य तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## बुद्धिजीवी मंच पटमदा का प्रतिभा सम्मान समारोह बेलटांड़ में आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से बेलटांड़ में शिक्षक भगीरथ सिंह के मकान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में पटमदा क्षेत्र के 10 वैसे प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाना है जो पिछले दिनों घोषित परीक्षा परिणाम के तहत कोल्हान विश्वविद्यालय में मैथ्स विषय पर टॉपर एवं डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल कर चुके हैं। जानकारी देते हुए मंच के सचिव कल्याण कुमार गोराई ने बताया कि कार्यक्रम में बुद्धिजीवी मंच पटमदा के निदेशक जितेंद्र नाथ महतो एवं अन्य अतिथिगण शामिल होंगे।

## संपादकीय

# जैन मुनि ने दिखाया आईना

एकता और सद्भावना के नाम पर आयोजित सम्मेलन की आड़ में जमीयत उलेमा-ए-हिंद और उसके प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने एक नया ही विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया कि इस्लाम ही दुनिया का सबसे पुराना मजहब है। मदनी ने न जाने किस शोध के आधार पर अल्लाह और ओम को एक बता दिया? इतना ही नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के वक्तव्य के संबंध में भी आपत्तिजनक टिप्पणी की। कुल मिलाकर मदनी ने एकता एवं सद्भाव की बातों की जगह, कटुता एवं दूरी बढ़ानेवाली बातें कहीं। मदनी इस सत्य को नकारने की भी कोशिश कर रहे थे कि भारत के बहुसंख्यक मुसलमान पूर्व में हिन्दू ही थे। जबकि इस्लामिक साहित्य ही इसकी गवाही देता है कि मुगल बादशाहों से लेकर सांप्रदायिक नेताओं ने हिन्दुस्थान ही नहीं अपितु दुनियाभर में अन्य मत के लोगों को बल और छल के आधार पर इस्लाम में कन्वर्ट किया। भारत में ही ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जो दो-तीन पीढ़ी पहले हिन्दू थे। अब तो अनेक मुस्लिम परिवार इस बात को खुलकर स्वीकार करने लगे हैं। दिल्ली के रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अधिवेशन के मंच पर जैन मुनि आचार्य लोकेश मुनि ने वह साहस दिखाया, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। सांप्रदायिक नेताओं एवं मुसलमानों की भीड़ के बीच मंच से जैन मुनि लोकेशजी ने कहा कि मदनी साहब के वक्तव्य से हममें से कोई सहमत नहीं है। दरअसल, मंच पर स्वामी चिरनानंद सरस्वती, सुशील महाराज, सिख समाज से परमजीत सिंह भी उपस्थित थे। इन सभी ने विभिन्न संप्रदायों में एकता और सद्भावना कैसे बढ़े, इस पर अपने विचार रखे। जब मदनी का वक्तव्य हुआ, तब ये सब धर्मगुरु भी असहज हो गए। जब जैन मुनि आचार्य लोकेशजी ने मदनी को आईना दिखाया, तब ये सब भी उनके साथ खड़े हो गए और मंच को छोड़ दिया। ऐसे मंच को छोड़ देना ही उचित था, जो भारत की पहचान बदलने की कोशिश कर रहा था। इस सत्य को मदनी तो क्या कोई भी नहीं बदल सकता कि भारत में हिन्दू धर्म ही सबसे प्राचीन है। भारत और हिन्दू धर्म की विशेषता है कि उसने यहाँ बाहर से आए अन्य संप्रदायों का भी स्वागत किया। लोकेश मुनि ने उचित ही चुनौती दी कि मदनी साहब जिस तरह की कपोल कल्पनाएं सुना रहे हैं, वैसे कहानियां हजार सुनाई जा सकती हैं। अगर तथ्यों पर बात करना हो तो मदनी साहब का सदैव स्वागत है। इस देश का नाम कैसे भारत पड़ा, इस एक उदाहरण से ही उन्होंने बता दिया कि भारत हिन्दू भूमि है और हिन्दू धर्म अत्यंत प्राचीन धर्म है। निःसंदेह, मदनी जैसे लोग अच्छे आयोजनों को भी गलत दिशा दे देते हैं। अच्छा होता कि उस मंच से सांप्रदायिक सद्भाव के विचार व्यक्त किए गए होते। शांति-सद्भाव का वातावरण बनाया जाता। एक-दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए, एक-दूसरे के सम्मान की बात कही जाती। अपना वर्चस्व स्थापित करने की जगह यथार्थ को स्वीकार करके भारत की मूल पहचान से जुड़ने की बात होती। सबको याद रखना चाहिए कि कुतर्कों का आधार लेकर कभी भी सत्य पर पर्दा नहीं डाला जा सकता।

> दिल्ली के रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अधिवेशन के मंच पर जैन मुनि आचार्य लोकेश मुनि ने वह साहस दिखाया, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। सांप्रदायिक नेताओं एवं मुसलमानों की भीड़ के बीच मंच से जैन मुनि लोकेशजी ने कहा कि मदनी साहब के वक्तव्य से हममें से कोई सहमत नहीं है। दरअसल, मंच पर स्वामी चिरनानंद सरस्वती, सुशील महाराज, सिख समाज से परमजीत सिंह भी उपस्थित थे। इन सभी ने विभिन्न संप्रदायों में एकता और सद्भावना कैसे बढ़े, इस पर अपने विचार रखे। जब मदनी का वक्तव्य हुआ, तब ये सब धर्मगुरु भी असहज हो गए। जब जैन मुनि आचार्य लोकेशजी ने मदनी को आईना दिखाया, तब ये सब भी उनके साथ खड़े हो गए और मंच को छोड़ दिया। ऐसे मंच को छोड़ देना ही उचित था, जो भारत की पहचान बदलने की कोशिश कर रहा था।

## अमृत कलश

# प्राचीन बुद्धि का पथ

**यज्ञशिष्टाशिनः** सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात।।3.13।।

(श्री मद्भगवदगीता)

उत्पादन किये बिना समाज के धन पर जीने वाले अपराधी व्यक्तियों से सर्वथा भिन्न लोगों के विषय में इस श्लोक में वर्णन है। श्रेष्ठ पुरुष यज्ञ भावना से कर्म करने के पश्चात्प्राप्त फल में अपने भाग को ही ग्रहण करते हैं और इस प्रकार सब पापों से मुक्त हो जाते हैं ।पूर्व काल में किये गये पाप वर्तमान में पीड़ा के कारण हैं तो वर्तमान के पाप भविष्य में दुखों के कारण बनेंगे। अतः समाज में दुखों को समाप्त करने का एक मात्र उपाय है समाज के जागरूक पुरुषों का यज्ञभावना से सामूहिक कर्म करके अवशिष्ट फल को ग्रहण कर सन्तुष्ट रहना ।इसके विपरीत जो केवल अपने लिये ही पकाते हैं वे पाप को ही खाते हैं। इस श्लोक से प्रतीत होता है कि श्रीकृष्ण वैयक्तिक सम्पत्ति के सर्वथा विरुद्ध हैं परन्तु एक साम्यवादी व्यक्ति के अर्थ में नहीं। समाज के धन को अपना ही समझ कर उसके परिग्रह के सिद्धांत का भगवान्‍ विरोध करते हैं। जो मनुष्य धन के लोभ से केवल अपने भोग के लिए समाज के दरिद्र और अभागे लोगों के कष्ट की ओर ध्यान दिये बिना धन संग्रह करता है उसे ही यहाँ पाप को खाने वाला कहा गया है ।निम्नलिखित कारणों से भी मनुष्य को कर्म करने चाहिये क्योंकि कर्म से ही विश्वचक्र चलता है। कैसे इसका उत्तर है -यज्ञ के बाद जो कुछ बच जाता है, उसे ग्रहण करने वाले पुण्यात्मा सभी पापों से मुक्त हो जाते हैं। जो केवल अपने शरीर के पोषण के लिए खाते हैं वे पाप ही खाते हैं ।₹

—अध्याय 3, पद्य 13

हिन्दू शास्त्रों में कर्म को कर्तव्य के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। हमारे दैनिक कार्य को भी पूजा-यज्ञ के रूप में लिया जाना है। यह दर्शन आध्यात्मिक सिद्धांत पर आधारित है कि हम सब एक परिवार हैं। जैसा कि घर में होता है, गृहस्थ पहले अपनी जरूरतों पर ध्यान देने से पहले परिवार के अन्य सदस्यों की जरूरतों का ध्यान रखता है।

## बोध कथा

# मैं सबसे तेज दौड़ना चाहती हूं!

विल्मा रुडोल्फ का जन्म टेनिसी के एक गरीब परिवार में हुआ था ।चार साल की उम्र में उन्हें लाल बुखार के साथ डबल निमोनिया हो गया , जिस वजह से वह पोलियो से ग्रसित हो गयीं। उन्हें पैरों में ब्रेस पहनने पड़ते थे और डॉक्टरों के अनुसार अब वो कभी भी चल नहीं सकती थीं। लेकिन उनकी माँ हमेशा उनको प्रोत्साहित करती रहतीं और कहती कि भगवान्‍ की दी हुई योग्यता ,दृढ़ता और विश्वास से वो कुछ भी कर सकती हैं। विल्मा बोलीं, " मैं इस दुनिया कि सबसे तेज दौड़ने वाली महिला बनना चाहती हूँ ।" डॉक्टरों की सलाह के विरूद्ध 9 साल की उम्र में उन्होंने ने अपने ब्रेस उतार फेंके और अपना पहला कदम आगे बढाया जिसे डाक्टरों ने ही नामुमकिन बताया था। 13 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार रेस में हिस्सा लिया और बहुत बड़े अन्तर से आखिरी स्थान पर आयीं। और उसके बाद वे अपनी दूसरी, तीसरी और चौथी रेस में दौड़ीं और आखिरी स्थान पर आती रहीं पर उन्होंने हार नहीं मानी। वो दौड़ती रहीं और फिर एक दिन ऐसा आया कि वो रेस में फर्स्ट आ गयीं। देखते-देखते वो दिन आ गया जब विल्मा ओलंपिक्स में पहुँच गयीं जहाँ अच्छे से अच्छे एथलीटों के साथ उनका मुकाबला होना था जिसमे कभी न हारने वाली युटा हीन भी शामिल थीं। पहले 100 मीटर रेस हुई , विल्मा ने युटा को हराकर गोल्ड मैडल जीता, फिर 200 मीटर का मुकाबला हुआ, इसमें भी विल्मा ने युटा को पीछे छोड़ दिया और अपना दूसरा गोल्ड मैडल जीत गयीं। तीसरा इवेंट 400 मीटर रिले रेस थी जिसमें अक्सर सबसे तेज दौड़ने वाला व्यक्ति अंत में दौड़ता है। विल्मा और युटा भी अपनी-अपनी टीम्स में आखिरी में दौड़ रही थीं। रेस शुरू हुई , पहली तीन एथलीट्स ने आसानी से बेटन बदल लीं, पर जब विल्मा की बारी आई तो थोड़ी गड़बड़ हो गयी और बेटन गिरते-गिरते बची। इस बीच युटा आगे निकल गयी। विल्मा ने बिना देरी किये अपनी स्पीड बढ़ाई और मशीन की तरह दौड़ते हुए आगे निकल गयीं और युटा को हराते हुए अपना तीसरा गोल्ड मैडल जीत गयीं। यह इतिहास बन गया कि कभी पोलियो से ग्रस्त रही महिला आज दुनिया की सबसे तेज धाविका बन गई।

## देश में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत से सरकार बनानी हो तो मुस्लिम वोट इस मामले में निर्णायक साबित होते हैं

# भेदभाव नहीं, समन्वय एवं सौहार्द ही जरूरत है

> पिछले कुछ वक्त से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत भी मुस्लिम बुद्धिजीवियों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। वह इमामों से मिलने मस्जिद भी गए और मदरसे जाकर बच्चों से मुलाकात की। संघ इसे सामान्य संवाद बता रहा है। मगर, यह साफ है कि संघ मुस्लिमों से संवाद बढ़ा रहा है। केंद्र में सत्ताधारी पार्टी भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ही राजनीतिक इकाई है। निश्चित ही सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द ही एक आदर्श राष्ट्र की प्रमुख अपेक्षा है, इसी तरह कल्याणकारी सरकार का पहला गुण यही है कि वह सभी समुदायों को साथ लेकर चले और सबके लिए समान विकास की योजनाएं बनाए। क्या मोदी का मुसलमानों से नजदीकी बढ़ाने एवं उनके विकास की योजनाओं की बात करना राजनीति स्वार्थ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था। वे समय-समय पर इस जरूरत को रेखांकित करते हैं और इसी के मुताबिक योजनाएं तैयार करने का प्रयास भी करते रहे हैं। अभी मुंबई में दाउदी बोहरा समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जिस तरह उन्होंने इस समुदाय के साथ अपने दशकों पुराने संबंध का उल्लेख किया, उससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ कि वे मुसलिम समुदाय से भी उतना ही जुड़ाव महसूस करते हैं, जितना दूसरे समुदायों से। वे बार-बार रेखांकित कर चुके हैं कि देश का सर्वांगीण विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक मुसलिम समुदाय को भी साथ लेकर न चला जाए। पिछले कुछ वक्त से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत भी मुस्लिम बुद्धिजीवियों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। वह इमामों से मिलने मस्जिद भी गए और मदरसे जाकर बच्चों से मुलाकात की। संघ इसे सामान्य संवाद बता रहा है। मगर, यह साफ है कि संघ मुस्लिमों से संवाद बढ़ा रहा है। केंद्र में सत्ताधारी पार्टी भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ही राजनीतिक इकाई है। निश्चित ही सर्वधर्म सद्भाव एवं साम्प्रदायिक सौहार्द ही एक आदर्श राष्ट्र की प्रमुख अपेक्षा है, इसी तरह कल्याणकारी सरकार का पहला गुण यही है कि वह सभी समुदायों को साथ लेकर चले और सबके लिए समान विकास की योजनाएं बनाए। क्या मोदी का मुसलमानों से नजदीकी बढ़ाने एवं उनके विकास की योजनाओं की बात करना राजनीति स्वार्थ है, या वे एक आदर्श राष्ट्रनायक के रूप में सचमुच मुसलमानों का विकास चाहते हैं। यह बड़ा सच है कि देश में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत से सरकार बनानी हो तो मुस्लिम वोट इस मामले में निर्णायक साबित होते हैं। इसी के चलते भाजपा ने भी केंद्र में अपनी सरकार की रचना के लिए पिछले कुछ वर्षों से मुस्लिमों की तरफ ध्यान केंद्रित किया है। इसी की तहत भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं से जुड़े तीन तलाक को बैन करके उन्हें अपने से जोड़ा था। दाउदी बोहरा समुदाय के आयोजनों में भाग लेना क्या यह सब मुस्लिमों की सहानुभूति प्राप्त करने के प्रयास थे? मोदी इस प्रयास में कहां तक सफल हो पाए। मोदी ने हाल ही में दिल्ली में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में कहा था 'मुस्लिम समुदाय के बोहरा,



पसमांदा और पढ़े-लिखे लोगों तक हमें सरकार की नीतियां लेकर जानी हैं। हमें समाज के सभी अंगों से जुड़ना है और उन्हें अपने साथ जोड़ना है।' इससे पूर्व 3 जुलाई 2022 को हैदराबाद में आयोजित भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भी प्रधानमंत्री मोदी ने पसमांदा मुस्लिमों के लिए स्नेह यात्रा की घोषणा की थी। इस यात्रा का मकसद पसमांदा मुस्लिमों के घर-घर पहुंच कर भाजपा से जोड़ने की पहल करना था। 'पसमांदा' शब्द फारसी भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है- समाज में पीछे छूट गए लोग। भारत में पिछड़े और दलित मुस्लिमों को पसमांदा कहा जाता है। इन पसमांदा मुस्लिमों को विकास की राह पर अग्रसर करने की सोच निश्चित ही नये भारत की आधारभित्ति बन सकती है। मोदी की ही तरह संघ प्रमुख मोहन भागवत भी जोड़ने की बात कर रहे हैं, दोनों ही नायक नया भारत निर्मित करने को तत्पर है। दोनों के विचारों में सशक्त भारत एवं स्वदेशी की भावना को बल देने पर जोर है। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इसकी तैयारियों में भाजपा जुट गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसके लिए प्राथमिक रणनीति भी बना ली गई। अभी तक यही तथ्य है कि मुसलमान मतदाता भाजपा से दूरी बनाए रखते हैं। कई जगहों पर इसका नुकसान भी भाजपा को उठाना पड़ता है। इस दृष्टि से कुछ लोग कह सकते हैं कि चुनाव नजदीक आता देख प्रधानमंत्री मुसलमानों को अपने पाले में करने के लिए ऐसा कह रहे हैं और उनके कार्यक्रमों में भी शिरकत कर रहे हैं? भले ही राजनीतिक लाभ के लिये ही मोदी ऐसा कर रहे हो, लेकिन इससे सदियों से हिन्दू-मुसलमानों के बीच बनी नफरत, द्वेष, घृणा, साम्प्रदायिक कट्टरता एवं हिंसा कम होती है तो यह राष्ट्र की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। संभवतः आजादी के बाद से ही तमाम राजनीतिक दल हिन्दू-मुसलमान के बीच दूरियां बढ़ा कर अपने राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकते रहे हैं। अब यदि कोई नायक इन दूरियों को वास्तव में कम करते हुए उनके विकास की बात कर रहा है तो इसकी गहराई को समझना चाहिए। संघ के प्रमुख मोहन भागवत कई मौकों पर कह चुके है कि भारत में रहने वाले सभी हिंदू हैं। संघ मुस्लिमों से लगातार कहता रहा है कि उनके पूर्वज हिंदू थे। संघ प्रमुख ने हिंदू समुदाय की मानसिकता को तैयार करने के लिए ही बयान दिया कि मुस्लिम समुदाय और हमारा डीएनए एक है। साथ ही यह भी कि हर मस्जिद में शिवलिंग नहीं ढूंढना चाहिए। निश्चित ही इन बयानों के माध्यम से सौहार्द पनपाने की कोशिशें हो रही है। यह तय है कि औद्योगिक उत्पादन में मुस्लिम समुदाय का बड़ा योगदान है, जिसे अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। अनेक ऐसे पेशे हैं, जो इसी समुदाय के बल पर टिके हुए हैं, उन्हें विकास की कड़ी से हटाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री इस हकीकत से वाकिफ हैं, पर भाजपा के दूसरे नेता और कार्यकर्ता इसे स्वीकार करें एवं दूरियां मिटाने की कोशिशें हो तभी सशक्त एवं नया भारत बन पायेगा। मुसलमान हो या हिन्दू उपद्रव, नफरत, हिंसा एवं साम्प्रदायिक विद्वेष की मानसिकता से बाहर आये। जहां सहयोग की आवश्यकता रहती है वहां जीवन कृतार्थ होता है। भेद से कुछ बिगड़ता नहीं, बशर्ते कि भेद से लाभ उठाकर सहयोग चलाने की शक्ति और वृत्ति सर्वत्र हो। मोदी और भागवत इसी भेद को ताकत बनाने में जुटे है, इसलिये उनके प्रयत्नों का स्वागत होना चाहिए। लेकिन भारत में राजनीतिक दलों ने अंग्रेजों की मानसिकता को बल देते हुए फूट डालो, शासन करो, पर भारत की राजनीति को पनपाया है। इसी से दोनों कोमों के बीच जहां खुदगर्जी, ईर्ष्या, आग्रह, अभिमान, शोषण और तज्जनित संघर्ष आया, वहां सब कुछ बिगड़ने लगा। दुनिया के साथ-साथ भारत में ये सामाजिक एवं साम्प्रदायिक दोष जोरों से बढ़ रहे हैं, इसलिए किसी न किसी कारण को आगे करके लोग लड़ने लगते हैं, एक-दूसरे से नाजायज लाभ उठाना चाहते हैं और जीवन को विषमय बना देते हैं। ऐसे लोग बातचीत में जीवन को भी जीवन-कलह कहते हैं। और कहते हैं, कलह तो जीवन का अनिवार्य कानून है।

# समानता और समावेशी विकास के रास्ते

> केंद्र के नए बजट को आमतौर पर किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के लिए कई नजरिए से बेहतर कहा जा रहा है। माना जा रहा है कृषि नवाचार यानी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे मील के पत्थर साबित होंगे। बजट में बीस लाख करोड़ से 'एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड' यानी कृषि त्वरक कोष बनाने की घोषणा के साथ बेहतर तकनीक मुहैया कराने और भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण और खेती में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कृषि ऋण में ग्यारह फीसद का इजाफा करते हुए इसे बीस लाख करोड़ किया गया है। मुर्गी पालन, सुअर पालन, मछली पालन के लिए छह हजार करोड़ रुपए के लक्षित निवेश के साथ शुरू करने की बात भी कही गई है। वहीं महिला किसानों के लिए चौवन हजार करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है, तो सैंतालीस लाख युवाओं को तीन साल तक भत्ता देने की बात भी की गई है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की सीमा बढ़ाकर तीस लाख रुपए किया गया है। यानी इस बजट के जरिए समाज के हर वर्ग को साधने और खुश करने की कोशिश की गई है। सवाल यह है कि क्या वाकई समाज के हर वर्ग की बेहतरी के लिए बजट बढ़ा है या यह आंकड़ों की जादूगरी है, जैसा कि विपक्षी पार्टियां कह रही हैं।

कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में गैरबराबरी बढ़ाने वाले कार्य किए। नतीजतन, गांवों से शहर की ओर पलायन हुआ और शहर सुरसा की तरह बढ़ते गए। तमाम महानगरों के आसपास नए उपनगर उगते जा रहे हैं। इन शहरों में एक-डेढ़ दशकों में ही नए धनपतियों का उदय हुआ जो देखते-देखते भारत के सौ प्रमुख धनपतियों में शामिल हो गए। लेकिन सरकारों ने कभी यह समझने की कोशिश नहीं की कि कुछ वर्षों में ही इनके पास इतनी संपत्ति कहां से इकट्ठा हो गई! केंद्र के नए बजट को आमतौर पर किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के लिए कई नजरिए से बेहतर कहा जा रहा है। माना जा रहा है कृषि नवाचार यानी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे मील के पत्थर साबित होंगे। बजट में बीस लाख करोड़ से 'एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड' यानी कृषि त्वरक कोष बनाने की घोषणा के साथ बेहतर तकनीक मुहैया कराने और भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण और खेती में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कृषि ऋण में ग्यारह फीसद का इजाफा करते हुए इसे बीस लाख करोड़ किया गया है। मुर्गी पालन, सुअर पालन, मछली पालन के लिए छह हजार करोड़ रुपए के लक्षित निवेश के साथ शुरू करने की बात भी कही गई है। वहीं महिला किसानों के लिए चौवन हजार करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है, तो सैंतालीस लाख युवाओं को तीन साल तक भत्ता देने की बात भी की गई है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की सीमा बढ़ाकर तीस लाख रुपए किया गया है। यानी इस बजट के जरिए समाज के हर वर्ग को साधने और खुश करने की कोशिश की गई है। सवाल यह है कि क्या वाकई समाज के हर वर्ग की बेहतरी के लिए बजट बढ़ा है या यह आंकड़ों की जादूगरी है, जैसा कि विपक्षी पार्टियां कह रही हैं। केंद्र और राज्य सरकारें विकास की जिस रफ्तार की बात करती हैं, क्या वाकई विकास की यही हकीकत है या आंकड़े और हकीकत में अंतर है? दरअसल, केंद्र सरकार जिस हकीकत को संसद के सदनों में और जनता के सामने बयां करती है, वे सरकारी आंकड़े हैं। रिजर्व बैंक की 31 अक्तूबर 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में उस वक्त तक कुल कर्ज 128 लाख करोड़ रुपए था जो 31 मार्च 2022 को जारी दूसरी रिपोर्ट में बढ़कर 133 लाख करोड़ हो गया। यानी महज तीन महीने में देश पर पांच लाख करोड़ का कर्ज और बढ़ गया। अब हालत यह है कि देश पर 142 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। रुपए के मुकाबले बढ़ते डालर के दाम से कर्ज का यह बोझ लगातार बढ़ रहा है। गौरतलब है पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रुपए के कर्ज बट्टे-खाते में डाल दिए गए। अर्थव्यवस्था की मजबूती की बात इस बढ़ते कर्ज की वजह से हकीकत से बहुत दूर है। इससे गैरबराबरी में इजाफा हुआ है। मुल्क में जहां अमीरों की तादाद तेजी से बढ़ी है, वहीं गरीब भी बड़ी संख्या में बढ़े हैं। सवाल यह है कि वैश्वीकरण के बाद शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने क्या कोई कदम उठाए हैं? आजादी के बाद से ही केंद्र और राज्य सरकारें ऐसा कदम नहीं उठाती आई हैं, जिससे किसान-मजदूरों की बदहाली में आमूलचूल बदलाव आए। अब केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह पुराने ढर्रे को छोड़ कुछ नया करने जा रही है। इसमें कृषि को अधिक उदारवादी नीति के अंतर्गत लाना शामिल है। लेकिन जिस उदारवादी नीति पर केंद्र सरकार चल रही है, उससे किसानों और मजदूरों का न शोषण रुका है और न उनकी आत्महत्याएं। आशंका इस बात की जताई जाती है कि आने वाले वक्त में खेती भी कहीं धनपतियों के अधिकार क्षेत्र में न आ जाए और किसान अपनी जमीन का नाममात्र का मालिक बन कर रह जाए। भारतीय शहरों में पश्चिमी देशों की तरह के बड़े-बड़े व्यावसायिक परिसर, मल्टीप्लेक्स, पांचसितारा होटल और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ऊंची इमारतें देश की किस तरह की तस्वीर पेश कर रहे हैं, बताने की जरूरत नहीं है। यह आश्वासन दिया जा रहा है कि देश को बहुराष्ट्रीय कंपनियों से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय कंपनियों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को खरीदकर खुद ही बहुराष्ट्रीय कंपनियां बन गई हैं। विश्व के धनपतियों की सूची में भारतीय मूल के उद्योगपति भी काफी ऊपर हैं। सतह पर दिखाई जाने वाली तस्वीर से लगता ही नहीं कि देश में अब भी करोड़ों की तादाद में बेराजगार, भुखमरी के शिकार गरीब, कर्जदार किसान, मजलूम और जरूरी मेडिकल मदद के अभाव में दम तोड़ते गरीब भारतीय भी हैं। जो तस्वीर सार्वजनिक रूप से पेश की जा रही हैं, उससे लगता है कि वे दिन दूर नहीं, जब देश का हर आदमी खुशहाल और साधन संपन्न होगा और रोजमर्रा की तमाम बदहाल करने वाली समस्याओं से पार पा चुका होगा। इस तस्वीर की उम्मीद किसी को भी होगी। 'क्रेडिट सुइस ग्रूप एजी' के मुताबिक देश की आधी आबादी के पास महज 2.1 फीसद संपत्ति है। आंकड़े के मुताबिक 2010 में देश के एक फीसद लोगों की संपत्ति चालीस फीसद थी जो 2016 में बढ़कर 58.4 फीसद हो गई। इसी तरह 2010 में 10 फीसद लोगों के पास देश की 68.8 फीसदी संपत्ति थी, लेकिन 2016 में बढ़कर 80.7 फीसदी संपत्ति पर उनका कब्जा हो गया। इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि पिछले चार वर्षों में गरीबों की अतिरिक्त दस फीसद संपत्ति छिन गई। इसे छीनने का काम देश-दुनिया के शीर्ष धन्नासेठों की कंपनियों ने किया और बड़ी होशियारी से इसका नाम 'विकास के नए आयाम' देकर लोगों को ठगा गया। भारत के महज एक फीसद लोगों के पास ही सबसे अधिक संपत्ति है। यहां दुनिया के करोड़पतियों में से पांच फीसद करोड़पति और दो फीसद अरबपति रहते हैं। इसी तरह मुंबई में सबसे अधिक 1,340 धनपति रहते हैं। 'नाइट फ्रैंक वेल्थ' की रपट के मुताबिक अगर यही रफ्तार जारी रही तो महज दो वर्षों में दस हजार से अधिक नए धनपति इस कतार में जुड़ जाएंगे। जाहिर है, जैसे-जैसे गैरबराबरी बढ़ रही है, वैसे-वैसे गरीबों और अमीरों की तादाद बढ़ती जा रही है। अगर इस स्थिति में बदलाव नहीं हुआ तो आने वाले दस वर्षों में भारत में अति धनाढ्यों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक हो जा सकती है। इसी तरह, भारत में दुनिया के सबसे अधिक गरीबों, बीमारों और असहायों की संख्या भी सबसे अधिक होगी। भारत के नए मेट्रो शहरों के निर्माण का जो खाका तैयार किया गया, उससे गांवों से पलायन और गैरबराबरी बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, केंद्र सरकार ने विकास के नाम पर जितनी भी योजनाएं बनाई हैं, वे पूर्व सरकारों के नक्शेकदम पर ही हैं। कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में गैरबराबरी बढ़ाने वाले कार्य किए।

## नागरिक बोध

# पशु चिकित्सा को चिकित्सा की जरूरत

हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए पशु धन किसान क्रेडिट कार्ड योजना पशु खरीदने की बनाई गई योजना सराहनीय है। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजकल घरों की बजाय अधिकतर गाय सडक़ों, गली और गांवों में आवारा घूमती दिखाई दे रही हैं ।इसका प्रमुख कारण है गोवंश की कृषि कार्यों में उपयोगिता कम होना और सरकार द्वारा पशु मेलों पर रोक लगाना। प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाए जाने को लेकर सरकारें करोड़ों रुपयों का बजट खर्च करने के बावजूद फिलहाल सफल नहीं हो पाई हैं। नतीजतन आज भी लोग कैमिकल युक्त पैकेट बंद दूध व दूध से बने पदार्थ घरों में उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। पशु पालकों को दूध का सही दाम कभी मिला नहीं। पशुपालन लगातार महंगा होता जा रहा है। दुधारू पशुओं के बांझ बनने पर लोग उन्हें आवारा घूमने के लिए छोड़ देते हैं ।सरकार ने सूअर पालन के साथ भेड़ बकरी पालन और गायों के लिए गोशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन ये कदम प्रयाप्त नहीं हैं। दुग्ध क्रांति सफल हो भी कैसे, क्योंकि प्रदेश के लगभग सात हजार गांव, ढ़ाणी, कस्बों और शहरों में से केवल आधे से भी कम गांव में पशु अस्पताल खोले गए हैं। प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र अब भी ऐसा है जहां पशु चिकित्सा हेतु कोई पशु अस्पताल नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि रात्रि समय कोई पशु बीमार पड़े तो उसका इलाज कहां करवाएं, यह पशु पालकों की गंभीर समस्या है। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों और वीएलडीए के पद खाली पड़े हैं जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। ऐसे में पशु पालकों को सही सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं ।सर्पदंश और बिजली करंट से किसी दुधारु पशु की मौत पर चिकित्सक पशु पालक को आर्थिक मदद मिलने की संस्तुति करते हैं। अगर किसी गर्भवती दुधारु पशु की मौत गंभीर बीमारी से होने पर पशु चिकित्सक ऐसी कोई रिपोर्ट तैयार नहीं करते हैं, ऐसे में पशु पालकों को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान दौर में सरकार की ओर से पशु पालकों को ऐसी कोई भी सुविधा फिलहाल उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। वैटरनरी सर्जन को चूंकि नोन प्रैक्टिस अलाउंस मूल वेतन में जोड़कर दिया जाता है।

## देश दुनीया से

# विक्ट्री स्टैंड पर बेटियां

क्रिकेट के माध्यम से खेल करियर का उत्थान अंततः हिमाचल को भी प्रेरित करने लगा है। महिला आईपीएल की खोज में हिमाचली प्रतिभा का डंका उस समय सुनाई दिया, जब एक साथ चार बेटियों के नाम शोहरत और दौलत का फैसला हुआ। मुंबई में खिलाडियों की नीलामी में तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को रॉयल चैलेंजर बैंगलोर ने डेढ़ करोड़ में, सुषमा वर्मा को गुजरात जाएंट्स ने 60 लाख, हरलीन दयोल को 40 लाख तथा तनुजा कंवर को पचास लाख में अनुबंधित किया है। यह हिमाचल के परिप्रेक्ष्य में खेल इतिहास ही नहीं बदल रहा, बल्कि यह भी साबित कर रहा है कि अगर माहौल व सुविधाएं उपलब्ध हों, तो यह प्रदेश भी अपनी क्षमता के झंडे गाड़ सकता है। क्रिकेट में हिमाचल की यात्रा कुछ सालों से ही शुरू हुई है, लेकिन परिणामों की फेहरिस्त ने संभावनाओं का समां बांध दिया है। रेणुका, सुषमा, तनुजा और हरलीन दरअसल क्रिकेट की नई खोज इसलिए साबित हो रही हैं, क्योंकि क्रिकेट एसोसिएशन ने न केवल अधोसंरचना का निर्माण किया, बल्कि प्रशिक्षण अकादमियों के जरिए प्रतिभाओं को इस काबिल बनाया कि टीम इंडिया को भी हिमाचली खिलाडियों की जरूरत दिखाई देने लगी है। क्रिकेट के अलावा एथलेटिक्स, कबड्डी, हैंडबाल तथा हॉकी जैसी खेलों में हिमाचली खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चमके हैं। शूटर विजय कुमार या वेटलिफ्टर विकास ठाकुर द्वारा अर्जित खेल उपलब्धियों ने तिरंगे पर हिमाचल का नाम लिखा है, तो गोस्वामी बहनों ने भारतीय हॉकी को पर्वतीय बुलंदी दी। तीसरी 'खेलो इंडिया खेलो' की विंटर गेम्स में निशा देवी का गोल्ड मेडल इसी एहसास का सीना चौड़ा कर देता है। कहना न होगा कि हिमाचली खेल प्रतिभा को अगर संवारा जाए, तो प्रदेश की आबोहवा में इतना दम है कि कोई भी खिलाड़ी अपने दमखम से देश के लिए विक्ट्री स्टैंड पर खड़ा हो सकता है। वर्तमान सुक्खू सरकार के खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हरियाणा और मध्यप्रदेश की खेल नीति से प्रेरित कुछ नया खाका खींचने का मंसूबा पाला है। हालांकि इससे पहले भी जयराम सरकार के खेल मंत्री राकेश पठानिया ने तो बाकायदा खेल नीति बनाकर वादे किए, लेकिन धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आया। यहां हम क्रिकेट से अन्य खेलों को अलग करके देखें, तो विभिन्न खेल संगठनों के औचित्य पर प्रश्न चस्पां होते हैं। खिलाड़ी और खेल संगठनों के बीच राजनीतिक चमत्कार तो होते देखे जा सकते हैं, लेकिन खेलों को वास्तविक नेतृत्व नहीं मिला। खेल नीतियां कहती तो बहुत कुछ, लेकिन रहते वही ढाक के तीन पात। ऐसे में क्रिकेट एसोसिएशन और खास तौर पर अनुराग ठाकुर के दौर ने हिमाचल को न केवल विश्व का बेहतरीन क्रिकेट स्टेडियम दिया, बल्कि युवा खिलाडियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय आसमान भी दिखाया। यही वजह है कि जब महिला आईपीएल की बारात निकलेगी, तो वहां हिमाचली बेटियों का जज्बा भी सामने आएगा। यह दीगर है कि भारत-आस्ट्रेलिया के बीच धर्मशाला में होने वाले मैच के शिफ्ट हो जाने की वजह से क्रिकेट एसोसिएशन के प्रयास धड़ाम हुए हैं और अब महिला आईपीएल के आयोजन पर फिर से किंतु-परंतु उमडने से कुछ निराशा उत्पन्न हो रही है, फिर भी एक साथ चार खिलाडियों को प्रेरित-प्रोत्साहित करके हिमाचल क्रिकेट खेल संघ को साधुवाद मिलना स्वाभाविक है। प्रदेश सरकार पहले ही कुछ खेल स्कूल व खेल कालेज खोलने का इरादा जाहिर कर चुकी है, जबकि विभिन्न खेल अकादमियों के माध्यम से खिलाडियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर हिमाचल भी खेल राज्य बन सकता है। हमारा मानना है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर को अगर राष्ट्रीय खेल संस्थान के रूप में विकसित किया जाए, तो उपलब्ध संसाधनों के साथ ही बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

> क्रिकेट में हिमाचल की यात्रा कुछ सालों से ही शुरू हुई है, लेकिन परिणामों की फेहरिस्त ने संभावनाओं का समां बांध दिया है। रेणुका, सुषमा, तनुजा और हरलीन दरअसल क्रिकेट की नई खोज इसलिए साबित हो रही हैं, क्योंकि क्रिकेट एसोसिएशन ने न केवल अधोसंरचना का निर्माण किया, बल्कि प्रशिक्षण अकादमियों के जरिए प्रतिभाओं को इस काबिल बनाया कि टीम इंडिया को भी हिमाचली खिलाडियों की जरूरत दिखाई देने लगी है। क्रिकेट के अलावा एथलेटिक्स, कबड्डी, हैंडबाल तथा हॉकी जैसी खेलों में हिमाचली खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में चमके हैं। शूटर विजय कुमार या वेटलिफ्टर विकास ठाकुर द्वारा अर्जित खेल उपलब्धियों ने तिरंगे पर हिमाचल का नाम लिखा है, तो गोस्वामी बहनों ने भारतीय हॉकी को पर्वतीय बुलंदी दी। तीसरी 'खेलो इंडिया खेलो' की विंटर गेम्स में निशा देवी का गोल्ड मेडल इसी एहसास का सीना चौड़ा कर देता है।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण के विरुद्ध 19 से 25 जनवरी तक चलाए गए अभियान की दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार पुलिस अधिक्षक श्री राकेश रंजन एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।बताते चले कि पूर्व के बैठक में उपायक्त, महोदय द्वारा दिनांक 19.01.2023 से 25.01.23 तक विशेष अभियान चला कर लुकईयॉ जंगल अन्तर्गत कोयला के अवैध खनन मुहाना स्थल को डोजरिंग करने का निदेश जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स को दिया गया ताकि किसी भी परिस्थिति में कोयला के अवैध खनन न हो सके।इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की दिनांक 19.01.23 से 25.01.23 तक पिपरवार क्षेत्रान्तर्गत लगातार छापामारी अभियान चलाते हुए मौजा लुकैया एवं सरैया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयले खदान को स्थानीय पुलिस बल, वन विभाग के पदा0, सी0सी0एल0 के पदा0 के साथ संयक्त रूप से डोजरिंग कर भर दिया




गया है एवं आने-जाने के रास्ते में ट्रेंच कटिंग कर दी गई है। सी0सी0एल0 के संलाचित क्रमशः अशोका, मगध, एवं पुर्णाडीह कोयला परियोजना द्वारा कोलियरी क्षेत्र/ कॉटाघरो Entry & E&it Point / रेलवे साईडिंग इत्यादि स्थानो में सीसीटीवी लगाने का कार्य कर लिया गया है की जानकारी दी गई।पूर्व के बैठक में सीसीएल प्रबंधन को निदेशित किया गया था कि जिन स्थानो से अवैध कोयले के चोरी की संभावना है, उन सभी स्थानो का Proper Fencin करना सुनिश्चित किया जाय तथा Fencing/ Trench Cutting से संबंधित प्रतिवेदन यथाशीघ्र जिला खनन कार्यालय, चतरा को उपलब्ध करायगे। कोलयरी क्षेत्र से अवैध कोयला का निष्कासन / परिवहन न हो, इसकी सतत निगरानी रखी जाय एवं Coal Pilferage के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।इसके आलोक में परियोजना पदाधिकारी, Ashoka OCP ने जानकारी दिया कि अशोक परियोजना केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं राजधर साईडिंग राजकीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सुरक्षा नियत्रण में है। परियोजना के अन्तर्गत सीसीटीवी काटाघर नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7(अ),07 (पी), 8, चेकपोस्ट अशोक एवं प्रवेश और निकास मार्ग राजधर साईडिंग पर स्थापित है तथा सुचारू रूप से कार्यरत है।

## कमीशन और किराए की राशि नहीं मिलने पर डीलर पस्त, विधायक से लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को स्थानीय विधायक से मिलने पहुंचे जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने कमीशन और किराए की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने पर सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के उनके आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि हम सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं का वर्ष 2021--22 का माह नवंबर से माह मार्च 2022 का कमीशन की राशि का भुगतान अबतक नहीं किया गया साथ ही जनवरी 2022 से मार्च तक किराए की बकाया राशि का भी भुगतान नहीं हो पाया है । इस संबंध में लापरवाही कहां से होती है डीलर भलीभांति परिचित हैं। वहीं इस मामले में विधायक ने चिंता जताई और तत्काल संबंधित अधिकारियों



से दूरभाष पर बात की उन्होंने हर संभव डीलरों की समस्या का निदान करने और बकाए राशि का भुगतान करवाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि केन्द्र सरकार की नई एकीकृत खाद सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए के अंतर्गत लाभार्थियों को 1 जनवरी 2023 से मुफ्त राशन मुहैया करा रही है और डीलर नकद किराए पर राशन का उठाव कर मुफ्त राशन वितरण कर रहे हैं ऐसे में समय से उन्हें कमीशन व किराए की राशि का भुगतान नहीं होने पर डीलरों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है ।

## थाना प्रभारी पहुंचे हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगावां ट्रैफिक नियमों की जानकारी बच्चों को दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** थाना प्रभारी रामवृक्ष राम बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर इन दिनों काफी संवेदनशील है। सड़क हादसे किन कारणों से होता है और सड़क दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर क्या प्रयास करने चाहिए इस विषय पर इन दिनों लगातार गहन चिंतन कर रहे हैं। थाना प्रभारी गुरुवार को मयूरहंड के हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग से कुछ दूरी पर स्थित हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगावा पहुंचे और नौवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर चर्चा किए। इस दौरान थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा सड़क दुर्घटनाओं के पीछे ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करना और ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाह बने रहना





सड़क दुर्घटनाओं की पहली वजह है।थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से कहा आप अपने घरों में अपने पेरेंट्स को इस बात पर जोर दें कि जब भी आप घर से बाहर निकले तो हाथ में हेलमेट लेकर निकले और वाहन पर सवार होने से पहले हेलमेट पहन ले साथ ही किसी भी सूरत में वाहन चलाते समय किसी भी तरह का नशा न करें। थाना प्रभारी द्वारा नशा मुक्ति अभियान और ट्रैफिक नियमों पर किए गए परिचर्चा पर नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्र और छात्राओं ने कहा कि हरहाल में अपने मम्मी पापा अपने पेरेंट्स को बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सावधान करेंगे और उन्हें यातायात के नियमों को पालन कराने पर चर्चा करेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं को हरहाल में कम किया जा सके।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद सिंह शिक्षक रामस्वरूप सिंह, नकुलदेव यादव आदि थें ।

## मोबाइल टावर संचालकों की मनमानी से परेशान है बड़गांव क्षेत्र की जनता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत में लगाए गए जिओ एवं एयरटेल मोबाईल कंपनी के संचालकों की मनमानी से पूरे बडगांव क्षेत्र की जनता त्रस्त हैं। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए बड़गांव के पूर्व मुखिया सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे ने बताया कि दोनों मोबाइल कंपनियों के टावर जो लगे हुए हैं, वह केवल दिखावा के लिए हैं दोनों कंपनियों का नेटवर्क आंख मिचौली करते रहता है। उन्होंने बताया कि बड़गांव की जनता को जन वितरण प्रणाली के द्वारा दिए जाने वाले राशन हेतु डीलर एवं लाभुको को बड़गांव क्षेत्र से बाहर जाना पड़ता है, जहां पर नेटवर्क दूसरा पकड़ता हो। इस प्रकार की मोबाइल सेवा से संबंधित जन समस्याओं को देखते हुए श्री चौबे ने दोनों कंपनियों के विरुद्ध कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की हैं। आज जहां एक ओर डिजिटल इंडिया का सपना देखा जा रहा है, दूसरी ओर 5त्न लॉन्च हुआ है, वही अगर देखे तो बडगांव क्षेत्र में टावर संचालकों की मनमानी चरम पार कर गई है। पूर्व मुखिया विजय चौबे ने इस समस्या का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। आगे उन्होंने कहा कि अगर यह समस्या का समाधान जल्द नहीं किया जाता है तो दोनों मोबाइल टावर कंपनियों के विरुद्ध क्षेत्र की जनता बाध्य होकर उग्र आंदोलन करने पर विवश हो जाएगी।

## एक ही जगह पर तीन तीन डोभा जेसीवी मशीन से बनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** प्रखण्ड के चुकरु अंतर्गत तालही में एक हीं जगह पर तीन तीन डोभा जेसीवी मशीन से काट किया गया सरकारी रूपये का गबन। यह डोभा तालही छोटा गाँव के करीब एवं पहाड़ी के निकट जेसीवी मशीन से काट कर सरकारी रूपये का वारे न्यारे किया गया है। बता दें कि 2022 में उसी जगह पर दो डोभा जेसीवी से कटवा कर रूपये निकासी कर ली गयी थी। अब उक्त स्थल पर हीं पुराने डोभा के सटे नया डोभा का निर्माण कर ली गयी है । जबकि डोभा कटवाने का एक हीं उद्देश्य है कि पानी का संचय किया जा सके । किन्तु वहां कोई उद्देश्य दिखता नजर नहीं आ रहा है। हाँ एक उद्देश्य जरूर दिखता नजर आ रहा है कि किसी तरह खाना पूर्ति कर सरकारी रूपये का बंदर बांट कर हजम कर जाना है।आखिर इस तरह का खेल में कौन कौन हैं शामिल। यह जांच का विषय है।

## व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद रखकर किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड सरकार द्वारा लाए गए कृषि विपनान कानून बाजार समिति के विरोध में चतरा 2 दिनों से बंद है। यह बंदी आगे भी अनिश्चितकालीन के लिए जारी रहेगी7जब तक कि झारखंड सरकार बाजार समिति कानून वापस नहीं ले लेती सभी व्यापारियों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए बाजार समिति के विरोध चट्टानी एकता का परिचय दिया और चतरा जिला के सभी फल, सब्जी ,अंडा, मुर्गी, किराना गला खाद्य सामग्री जनरल स्टोर आदि दुकानें बंद रही।सभी व्यापारियों ने अग्रवाल धर्मशाला में एकजुट होकर शाम में काले झंडे लेकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पूरा शहर में भ्रमण किया ।सभी व्यापारी ने कहा कि जब तक बाजार समिति वापस नहीं होगी तब तक हम अपनी अपनी दुकानें बंद रखेंगे।। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र जैन संजय अग्रवाल राजीव मित्तल विनोद केसरी विपिन जायसवाल विद्यासागर आर्य शैलेंद्र खंडेलवाल बिगन टीबड़ेबाल नवीन साह, मनोज केसरी संतोष केसरी मनीष राम मुकेश अशोक साहू धनेश्वर प्रजापति प्रमोद सिन्हा महिंद्र साव कन्हैया अग्रवाल अर्जुन गुप्ता विकास केसरी आदि थे ।

## उपायुक्त के निर्देश पर अपरसमाहर्ता पवन कुमार मंडल ने राजकीय इटखोरी महोत्सव के लिए गठित कोषांगों की समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबू इमरान के निर्देश पर ऐसी पवन कुमार मंडल ने आज अपने दफ्तर में राजीकीय इटखोरी महोत्सव के लिए गठित कोषांगों की प्रगति का जायजा लिया। समीक्षा के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समय पूर्व सभी कार्य पूर्ण करें । इटखोरी महोत्सव की तैयारी के लिए डीसी की अध्यक्षता में 4 फरवरी 2023 ई को 15 कोषांगों का गठन किया गया था। जिसमें सूचना एंव प्रसारण कोषांग, टीआईबी कोषांग, वित्तीय प्रबंधन कोषांग, आमंत्रण समिति सह वितरण कोषांग, निविदा कोषांग, सांस्कृतिक कार्यक्रम कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, वीआईपी कोषांग, मेडिकल हेल्थ कोषांग, साफ सफाई एंव रंग रोगन कोषांग, पार्किंग कोषांग, गेस्ट हाउस नियंत्री कोषांग, भोजन एंव अल्पाहार कोषांग, पेयजल एंव स्वच्छता कोषांग और विधुत



कोषांग शामिल है।माँ भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में आयोजित 19, 20 और 21 फरवरी को राजीकीय महोत्सव मनाया जाएगा। तीन धर्मो के संगम माँ भद्रकाली प्रांगण में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थित होंगे।प्रशासन एंव पुलिस के शांतिपूर्ण एंव सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रमों का निष्पादन कराना एक बड़ी चुनौती होगी। आस्था की इस नगरी में आने वाले तीन धर्मो के श्रद्धालुओं के अनुकूल वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता है। उदघाटन समारोह में के बाद सबसे अधिक भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होती है।इस दौरान कार्यक्रम स्थल के लिए निर्धारित प्रवेश द्वार पर महिलाओं एंव पुरुषों की बड़ी संख्या आती रही है।

## हंटरगंज के डुमरी कलां ग्राम में एनएसएस के बैनर तले सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ

### अंधविश्वास से लोगों को बचने की दी गई सलाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशानुसार हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के एनएसएस इकाई के द्वारा ग्राम डुमरी कलां में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभ आरंभ बृहस्पतिवार किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह कॉलेज परिसर में एनएसएस के सवन्य सेवकों को सामाजिक दायित्व और कर्तव्य का बोध कराते हुए रैली को शुभकामना के साथ रवाना किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर फहीम अहमद कर रहे थे इस मौके पर अंधविश्वास जैसे सामाजिक कुरीतियों से समाज को बचाने के लिए गांव में घूम घूम कर लोगों को इससे बचने की अपील किया गया और कहा गया कि अंधविश्वास एक सामाजिक जहर है इससे हर हाल में बचना है।रैली के उपरांत पुराना पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ एक विधिवत कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आगाज एनएसएस गीत और क्लैपिंग से किया गया।सभा की अध्यक्षता जेएसएलपीएस की सचिव गीता देवी ने किया जबकि संचालन एनएसएस के वॉलंटियर नीरज भारद्वाज ने किया।इस मौके पर पंचायत की मुखिया पति समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने महती भूमिका निभाई।



अंधविश्वास जैसे जटिल बिंदु पर रोहणी रानी,चांदनी वर्मा, साद आलम, यासमीन प्रवीण,स्नेह लता ,सौरभ सिंह,ने भाषण और कविता के माध्यम से अंधविश्वास पर प्रकाश डालते हुए कहा गया की हमारा समाज आज भी सांप काटने पर झड़वाने के लिए जाता है जो चिंता का विषय है।इतना ही नहीं अंध विश्वास के कारण ही गांव में एक दूसरे पर संदेह करते हैं की कोई जादू टोना कर दिया है जबकि बीमारी से पीड़ित होता है।कोई अनहोनी घटना पर लोग अंधविश्वास का शिकार हो जाते हैं जो गलत है।किसी भी कीमत पर समाज को इस से बाहर निकलने पर बल दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतीश कुमार, ऋषभ राज गुप्ता, जावेद अख्तर, मुस्कान कुमारी ने महती भूमिका निभाई।

## जल यात्रा में शामिल हुए विधायक किशुन दास

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत डहू अंतर्गत नवादा ग्राम में आयोजित रूद्र महायज्ञ का गुरुवार को कलश जल यात्रा के साथ यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस भव्य शोभा कलश यात्रा में सिमरिया क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, मुखिया सीता देवी,युवा मोर्चा मंत्री अभिषेक राज व अन्य शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि पांच दिवसीय रुद्र चंडी यज्ञ शिव मंदिर नवादा (डहु) में आयोजित किया गया है।

## भारी वाहनों की गति की होगी मशीन से जांच, तेज चलाने वाले चालकों पर गिरेगी गाज

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया पिपरवार मुख्य सड़कों में कोल वाहनों के रफ्तार के कहर को रोकने के लिए टंडवा पुलिस अब लगाएगी लगाम। स्पीड रडार गन से टंडवा पुलिस कोल वाहनों के रफ्तार की करेगी जांच, रफ्तार कोल वाहनों के ड्राइवरो पर गिरेगी गाज। जिसको लेकर चतरा पुलिस के अनुरोध पर टंडवा एनटीपीसी द्वारा दो स्पीड रडार गन व 175 पीस ट्रैफिक रिफ्लेक्टर जैकेट टंडवा सीनियर डीएसपी शम्भू सिंह को सौपा गया। कोल वाहनों के गति-सीमा पर निगरानी रखने में किया जायेगा उपयोग। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर टंडवा पुलिस करेगी काम। बेलगाम ट्रांसपोर्टरों के रफ्तार कोल वाहनों पर पुलिस का चलेगा कानून का डंडा।

## विधायक ने शिवरात्रि पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर की अपील

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिले और पूरे राज्य वासियों से आगामी महाशिवरात्रि के पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने की प्रबुद्ध नागरिकों और क्षेत्र की जनता से अपील की है । विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि शिवरात्रि पर्व में सभी की आस्था का सम्मान करने और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उत्सव को मनाने में आपसी सद्भावना की मिसाल पेश करने की जरूरत है।हर साल की तरह आने वाले समय मे भी आपसी भाईचारे की पेश करते हुए प्रखंड ,जिला और राज्य प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है ।

## 22 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग, अधिसूचना जारी

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार ने 22 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की है। इस बाबत 15 फरवरी को समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड में रीना साहू सहित राज्य के 22 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को पदस्थापन किया गया है। सीडीपीओ साहू अधिसूचना के पूर्व गढ़वा जिले के नगरउंटारी प्रखंड में पदस्थापित थे।

## पंचमुखी शिव मंदिर में तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद गुरुवार से कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में गुरुवार को सुबह पंचमुखी शिव मंदिर परिसर से मंदिर के मुख्य पुरोहित राकेश मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो भक्तों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें मुख्य यजमान के रूप में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी,गीता देवी ,अनुपमा देवी मुख्य रूप से शामिल हुए। कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ मंदिर परिसर से निकली और शहर के मुख्य मार्ग भ्रमण करते हुए आदर्शनगर छठ घाट पंहुचा ,जहां बाहर से आए हुए पंडित दिलीप कुमार वैद्य, रविंद्र नाथ मिश्रा, अजय मिश्रा ,मुकेश मिश्रा, राकेश मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच में गंगा पूजन किया गया। वहीं महिला एवं पुरुष भक्तों के बीच कलश में जल अर्पण किया गया। और पुनः पंचमुखी शिव मंदिर पहुंचा।जहां पर सभी कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद मुख्य पुरोहित एवं बाहर से आए पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमत पूजा पंचांग पूजा का आयोजन किया गया।गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कार्यक्रम में मुख्य यजमान के अजय चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, मनीष सोनी ,विवेक कुमार सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद चचू, जगन नारायण मालाकार ,विनय कुमार, राजेश कुमार, आनंद अग्रवाल, मंदिर निर्माण समिति के कई सदस्य व उनकी पत्नी समेत काफी संख्या में धार्मिक श्रद्धालु शामिल रहे।

## मंडल प्रमुख सह उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार ने बैंक का किया निरीक्षण

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिंघितालि में बुधवार को मंडल प्रमुख सह उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार ने बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बताया की बैंक कर्मचारी कर्मियों की कमी तथा बैंक के ग्राहकों की अत्यधिक भीड़ होने के बावजूद भी कड़ी मेहनत कर कार्यो का निष्पादन करने में जुटे हुए है। बताया कि प्रत्येक तिमाही के तहत बैंक के कार्य का निरीक्षण शाखा का विकास, ग्राहकों की सुविधा और ग्राहकों की कठिनाइयों को दूर करने की समद्य को लेकर चर्चा की जाती है। बैंक में पेंडिंग पड़े केवाईसी को जल्द करने हेतु बैंक में अतिरिक्त स्टॉफ प्रतिनियुक्त किये गए है। सुरक्षा बीमा लंबित है, उसे दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बैंक में काम ज्यादा है, और कर्मचारियों की संख्या कम है, जल्द ही बैंक में अतिरिक्त कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। भारत सरकार के योजना तहत बैंक में बैंक मित्र की बहाली कर ग्राहकों को सभी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

## हाइवा के चकमे से बाइक सवार अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त,घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार देर शाम बालूमाथ-राँची मुख्य पथ पर मकईयाटांड ग्राम स्तिथ बड़की नदी पुल के पास हाइवा के चकमे से एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।दुर्घटना में बाइक में सवार युवक धनेश्वर गंझु 30वर्ष पिता दारा गंझु गोलिटांड सेरेगड़ा निवासी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ।जहां डॉ अमरनाथ प्रसाद की देखरेख में घायल प्राथमिक इलाज किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक नगर ससुराल से अपने घर गोलीटांड सेरेगड़ा बालूमाथ की ओर आ रहा था ।तभी पुल के पास एक हाइबा ने चकमा दे दिया जिस से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।

## पुस्तकालय प्रबंधन व सलाह समिति का किया गया गठन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने गुरुवार को पंचायत सचिवालय में बैठक कर पुस्तकालय प्रबंधन एवम सलाह समिति का गठन किया.बैठक में जानकारी देते हुये पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश के आलोक में 16 सदस्यीय पुस्तकालय प्रबंधन एवम सलाह समिति का गठन किया जा रहा है.उन्होंने उपस्थित सदस्यों को प्रबंधन एवम सलाह समिति के गठन के उद्देश्यों की जानकारी विस्तार से दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी रचेगी इतिहास : अजित कुमार

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी अपनी दावेदारी मजबूती से कर राही है और इसका असर भी रामगढ़ में देखने को मिल रहा हु । आज सैकड़ो लोगो ने पार्टी पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की रामगढ़ उपचुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जो समर्थन और प्यार जनता का मिल रहा है यह बता रहा है कि रामगढ़ की जनता परिवारवाद और भ्रस्टाचार से त्रस्त हो चुकी है ।आज पूरे झारखंड़ में भ्रटाचार अपने चरम सीमा पर है और ये बाते मैं नही कर रहा हु बल्कि सच्चाई यही है , ये बाते झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने आज प्रेस वार्ता के दौरान कहीं आपको बता दें की रामगढ़ उपचुनाव दिन प्रतिदिन दिलचस्प होता जा रहा है एक और एनडीए के उम्मीदवार सुनीता चौधरी अपनी पति की सियासत बचाने में जुटी है तो दूसरी तरफ बजरंग महतो अपनी पत्नी की सियासत बचाने की भरसक प्रयास कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ झारखंड पार्टी लंबे समय बाद रामगढ़ उपचुनाव में अपनी दस्तक देकर झारखंड की जनता को यह संदेश देना चाहती है कि झारखंड में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हमारी पार्टी धुर विरोधी है इसलिए हम लोगों ने रामगढ़ उपचुनाव में एक ऐसे युवा को प्रत्याशी बनाया है जो इस विधानसभा क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर कर सकता है यह बातें झारखंड पार्टी के महासचिव अशोक भगत ने प्रेस वार्ता के दौरान कही आज के कार्यक्रम में सदस्यता ग्रहण करने वालों में राष्ट्रीय मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अहमद सागर नायक रवि पासवान विजय पासवान मोहम्मद सत्तार के साथ दर्जनों युवा ने पार्टी पर अपनी आस्था व्यक्त की वही कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के रांची जिला महिला अध्यक्ष अंशु एक्का लाकड़ा ,जहाना परवीन, पुष्पा लिंडा,सम्मी दास, आलोक एक्का, सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर विभिन्न चरणों में मतदान संबंधित प्रशिक्षणों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से होने वाले मतदान के मद्देनजर मतदान अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी मतदान अधिकारियों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांगजनों जिन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु आवेदन दिया है को सफलतापूर्वक मतदान कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही बातों को ध्यान पूर्वक सुनने एवं अपनी दुविधाओं को प्रशिक्षण के दौरान ही दूर कर लेने का निर्देश दिया वही प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, श्री संजय राय एवं श्री रवींद्र कुमार गोस्वामी के द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशानिर्देशों के संबंध में विस्तार से सभी मतदान अधिकारियों को जानकारी दी गई एवं सभी दुविधाओं को दूर किया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी जिला जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

# कृषि कानून वापस नहीं होने तक बंद रहेगें प्रतिष्ठान : अमित साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कृषि कानून के विरोध में लगातार दूसरे दिन रामगढ़ जिले के खाद्यान्न व्यवसायियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को पूर्ण रूप से बंद रखा। व्यवसायियों ने रामगढ़ जिले के बड़की पोना, चितरपुर, गोला एवं अन्य जगहों पर जाकर खुदरा व्यवसायियों से मिलकर बंद का पूर्ण समर्थन किया एवं आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया। अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि आम जनता के हित में और किसानों के हित में जल्द से जल्द यह काला कानून सरकार को वापस लेना चाहिए। नहीं तो पूरे राज्य में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच जाएगी।

रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बाजार समिति के सब कमेटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल ने कहा कि यहां के आदिवासियों और किसानों को हितों को देखते हुए जल्द से जल्द राज्य सरकार को या कानून वापस लेना चाहिए। व्यवसायियों ने रामगढ़ के विभिन्न जिओ मार्ट दुकानों को इस बंदी में बंद रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जानकी महतो, सांवरमल अग्रवाल, मांगीलाल गुप्ता, संजय गोयल, अमर गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, छोटू राय, पटेल राय, संतोष कुमार, जवाहर गुप्ता, रोशन अग्रवाल, कमल मित्तल, नीतीश कुमार ,प्रफुल्ल कुमार ,तेजपाल महतो, भोलू अग्रवाल, समेत सैकड़ों व्यवसाई मौजूद थे।

## मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा गुरुवार को रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान तेजस्विनी समूह की युवतियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता लूडो खेल सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने खेल में भाग लिया, खेल के माध्यम से लोगों को चुनाव संबंधित विभिन्न जानकारियां जैसे चुनाव के दौरान किस प्रकार से मतदान करना है ।

# कोराम्बे में दर्जनों युवाओं ने थामा झापा का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेकर प्रत्याशी संतोष महतो कोराम्बे गांव के जागरूक युवाओं ने झारखण्ड पार्टी के विधानसभा उपचुनाव मे सम्पर्क किया और पार्टी के विचार धारा और चुनावी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने की बात कही। इसी क्रम में आज कोराम्बे पहुँच कर झापा प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने मनु रजवार, सचिन करमाली, विक्कु कुमार, टेकलाल, जयलाल, भीम,



रविंद्र रजवार, धनेश्वर करमाली, जगन, अमन करमाली, सूरज राजवर, शोभा महतो, पुरन महतो, नवल किशोर, मिथुन रजवार एवं अन्य ग्रामीणों को माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी।

अमन करमाली ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अहम मुद्दों और रामगढ़ के मूलभूत समस्याओं यानि शिक्षा,रोज़गार, स्वास्थ्य सहित सभी मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी में जुड़ रहे हैं और जनजागरणके माध्यम से चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

रविंद्र रजवार ने कहा कि आज तक विधानसभा के इतिहास में विकास के गुब्बारे ही दिखाकर लोगों से वोट लिया गया है लेकिन यहाँ के छात्र बुनियादी शिक्षा सहित उच्च शिक्षा के लिए हज़ारीबाग़,बोकारो और राँची जाने को मजबूर हैं।

## वार्ड नंबर छः में आयोजित हुई शक्तिकेंद्र की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को वार्ड नंबर 6 स्थित विकास नगर दुर्गा मंदिर के समीप भाजपा शक्तिकेंद्र की बैठक आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा एवं भाजपा प्रदेश के प्रखर प्रवक्त अविनेश सिंह संयुक्त रूप से कैंट प्रभारी के रूप में बैठक का वृत लिया। बैठक में उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों से पन्ना प्रमुख की जानकारी ली तथा उपचुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा गया। इस शक्तिकेंद्र बैठक में विशेष रूप से छोटन सिंह,सांसद प्रतिनिधि आलोक सिंह,जिला मिडिया प्रभारी सह बूथ न.50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी,शक्ति केंद्र प्रभारी अजीत सिंह,कैंट महामंत्री ऋषिकेश सिंह,अरविंद सिंह बुथ न.49,अभिषेक चौधरी बूथ न.47 मणिशंकर ठाकुर बुथ न.48,सुरजीत सिंह छाबड़ा बुथ न.51,नीता चक्रवर्ती बुथ न.52,ऋषभ कुमार बुथ न.53, संजय श्रीवस्तव बुथ न.54 ,सुरेंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

## प्राचीन शिव मंदिर कैथा में महाशिवरात्रि की तैयारी हुई पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** महाशिवरात्रि को लेकर कैथा प्राचीन शिव मंदिर में मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया है आगामी 18 फरवरी को कैथा प्राचीन शिव मंदिर में उत्साह पूर्वक महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भक्तिमय जागरण,खीर और खिचडी महाभोग का वितरण, रात्रि पहर में हरि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर की साज सज्जा की गई है। मंदिर समिति आयोजन की



तैयारी पूरी कर ली है। बैठक में मुख्य रूप से सचिव राजकुमार महतो कोषाध्यक्ष देवधारी महतो,मुख्य पुजारी,समीर बनर्जी,उपाध्यक्ष रतन राम, डिया महतो,मनोज कुमार, अमित दास,सहसचिव अजय आस्था,परितोष चटर्जी,खेमलाल महतो,छोटे लाल महतो,अजय यादव आदि उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय श्री-श्री शिवप्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलशयात्रा के साथ शुभारंभ हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी में पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता के नेतृत्व में पौराणिक शिवालय का जीर्णोद्धार कर तीन दिवसीय श्री श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार से शुभारंभ किया गया है।यज्ञ शुरू होने के पूर्व 551 महिला एवं कुंआरी कन्याओं ने जलयात्रा के लिए कलश पात्र उठाया।कल्शयात्रा में शामिल लोगों को विधायक अमित कुमार यादव,प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी,जिप सदस्य कुमकुम देवी,मुखिया रीता देवी पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता ने कलश पात्र देकर कल्शयात्रा के लिए रवाना किया।कल्शयात्रा चेचकप्पी, लारहो गांव का भ्रमण करते हुए उत्तरवाहिनी नदी पहुंचा। कल्शयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के नारों से पूरे इलाका गूंज उठा।उत्तावाहिनी नदी में गायत्री परिवार के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और सनातन विधि-विधान से कलशपात्र में जल भरवाया। कलश में जल के साथ कल्शयात्रा पुनः भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचकर कल्शयात्रा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कलश पात्र को स्थापित किया। कलश स्थापना के साथ यज्ञ

## दनुआ घाटी के खतरनाक मोड़ के एलाइनमेंट ठीक करने के लिए एनएचआई के साथ विशेष बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न बैंठक में चौपारण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 11 किलो मीटर की लम्बाई में चोरदाहा तक होने वाले सड़क दुर्घटनाओ को कम करने के लिए सड़क की संरचनात्मक एवं तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए एनएचआई के तरफ से तैयार प्रस्तावों पर विशेष चर्चा की गई। प्रस्तावित योजना के अनुसार दनुआ घाटी के 11 द्वद्व के मार्ग के खतरनाक मोड़ को यथासंभव सीधा करने, गति सीमा को बनाए रखने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। नवीनतम प्रस्ताव अनुरूप बताया गया कि लगभग 69.75 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण प्रस्तावित है, जिसमें रैयतों का लगभग 4.2 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी।



अधिग्रहण होने वाले भूमि का लगभग 99 प्रतिभत भूमि बन क्षैत्र में आता है। विस्थापन के क्रम में लगभग 65 आवासों का विस्थापन होगा और लगभग एक हज़ार वृक्ष काटने की आवश्यकता होगी। तैयार प्रस्ताव के आधार पर सड़क की तकनीकी खामियों को ठीक करने में अनुमानित खर्च 238.88 करोड़ रू होने की जानकारी दी गई। एनएचआई के परियोजना निदेशक ने बताया कि दनुवा घाटी की 11 किलोमीटर के तकनीकी खामियों को ठीक होने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विस्थापित आबादी का मुआवजा, सुरक्षा मानक, नागरिक सुविधा, सार्वजनिक हित, घाटी में एम्बुलेंस की विशेष व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पाथ वे, फूट ओवरब्रिज, अंडरपास आदि का खास ख्याल रखा गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया सभी संबंधित विभाग जैसे विद्युत, पेयजल, वन विभागों जैसे सम्बंधित विभागों के अधिकारी संयुक्त सर्वेक्षण में हिस्सा लें अपने विभाग से संबंधित पक्ष को दर्ज कराते हुए आपसी समन्वय बना कर कार्य करें। ताकि प्रस्तावित परियोजना के अनुरूप प्रस्ताव को तैयार कर सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा जा सके और जल्द अनुमोदन मिल सके।

### बरही अब्दुल कलाम पार्क का जल्द होगा कायाकल्प

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत स्थित बरही का एक मात्र पार्क अब्दुल कलाम पार्क का फिर से कायाकल्प होगा। इस बार पार्क को और बेहतर तरीके से सुंदरीकरण किया जायेगा। यहां तक की पार्क में प्रवेश करने का शुल्क भी निर्धारित किया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख मनोज रजक ने बताया कि प्रखंड का एकमात्र पार्क अब्दुल कलाम पार्क का स्थिति काफी खराब है। पार्क में लंबे-लंबे झाड़ियां उग गई है, यहां तक की जो फ्वारे लगाए गए थे वह भी खराब हो गए हैं, झूले भी टूट गए है। जिसके कारण लोग पार्क में घूमने नहीं आ रहे हैं, यह पार्क लोगो के लिए मात्र सिर्फ मॉर्निंग वाल्क का समय बनकर रह गया है। इसलिए हमारी प्राथमिकता में है कि पार्क को फिर से सही किया जाए, इसलिए 15 वी पंचायत समिति वित्त योजना के तहत करीब 10 लाख की राशि से पार्क का सुंदरीकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि होली के बाद तुरंत कार्य चालू की जाएगी ।

### प्रभात मंत्र में छपी खबर का दिखा असर: तेजी से किया जा रहा है पानी छिड़काव एवं मिट्टी भराव कार्य

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम के समीप जी.टी रोड सिक्सलेन निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के द्वारा ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा था उक्त अधिग्रहित भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे एजेंसी के द्वारा डस्ट भरवाया गया था। तेज हवा चलने के दौरान जी.टी रोड पर आवागमन करनेवाले राहगीरों एवं वाहन चालकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। जिस खबर को प्रभात मंत्र के द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिस समस्या पर स्थानीय समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उक्त समस्या का निराकरण करने के लिए दो दिनों का अल्टीमेटम दिया था। जिसपर संज्ञान लेते हुए निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के द्वारा मिट्टी भरवाया जा रहा है एवं पानी का छिडकाव किया जा रहा है।



### शिव बारात के साथ निकाली जाएगी जीवंत झांकी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही शहर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरही मल्लाह टोली द्वारा प्रत्येक वर्ष भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली जाती है। जिसे देखने लोग दूर दूर से पहुंचते हैं। इस वर्ष भी भगवान शंकर की भव्य बारात निकालने की तैयारी में शिवभक्त जुट गए हैं। महाशिवरात्रि को लेकर बरही मल्लाह टोली स्थित बरही का प्राचीन व बड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को आयोजन समिति की बैठक हुई।अध्यक्षता सामजसेवी सुरेंद्र उर्फ सुंदरी निषाद ने की। बैठक में पुराने समिति को ही इस वर्ष भी कार्य भार सौंपा गया। बैठक मे धूमधाम से महाशिवरात्रि की तैयारी पर चर्चा किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के दिन शनिवार संध्या 5 बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बताया गया कि बारात में शिव - पार्वती के साथ साथ भूत, पिशाच, देव, ऋषिमुनि की वेशभूषा में कई लोग शामिल रहेंगे। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र उर्फ सुंदरी निषाद, उपाध्यक्ष राजू माली, संरक्षक अजय मधेशिया एवं सदस्य सुनील साहनी, बंगाली मल्लाह, चिंटू निषाद समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### शंकर आर्ट ने माण्डू विधायक को हस्तनिर्मित तस्वीर भेंट कर लिया आशीर्वाद

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डू विधानसभा अन्तर्गत टाटीझरिया प्रखंड के धरमपुर निवासी शंकर आर्ट ने मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की एक हस्तनिर्मित शानदार छवि को बनाकर विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को भेंट किया की। शंकर आर्ट द्वारा बनाई गई अद्भुत कलाकारी को देखकर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने आश्चर्यचकित होते हुए पूछा कि आपने मेरी तस्वीर वाकई के हाथ से बनाई है? ये बहुत बड़ी बात है । हमारे क्षेत्र में भी ऐसे कलाकार है जो प्रतिभा के धनी है। काफी देर तक उत्सुकता से निहारते नजर आए। विधायक ने इस शानदार चित्रकारी के लिए धन्यवाद दिया। विधायक ने शंकर आर्ट के उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से कामना की। इस मौके पर शंकर आर्ट ने कहा कि माण्डू विधायक जननायक है, हमारी पहचान है ।इनके लिए मेरे दिल मे बड़ा आदर-सम्मान है,इसी कारण मन मे एक दिन अनायास ख्याल आया और मैने इनकी तस्वीर बनाने का निर्णय लिया और तस्वीर बनकर तैयार हो गई ।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अलपिटो पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल ट्रांजैक्शन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जेआरईजीबी चौथा शाखा के प्रबंधक,पंसस प्रतिनिधि भीखन रविदास, नारायण ठाकुर, जेएसएलपीएस सीसी मंटू कुमार, प्रशिक्षिका अंजना मिश्रा एवं शीतल देवी ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घघाटन किया । शिविर में उपस्थित महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन को बारीकी से समझाया गया । प्रशिक्षण शिविर में पंसस ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि सहायता समूह को जेएसएलपीएस से जोड़कर सभी



पंचायत के महिलाओं को चलने पर फायदे को बतलाते हुए बताया कि इसमें जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती है । सरकार भी इसी उद्देश्य के लिये इन संस्थाओं का निर्माण कर सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम कर रही है। महिलायें इस जरूर जुड़े और समय के साथ वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन के महत्व को समझे ,आप अपने आपको समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें । जेआरईजीबी शाखा प्रबंधक ने महिलाओं से कहा कि आप सब नियमित्त बैंक शाखा से जुड़ कर रहें।जितने तरह के बीमा हैं,अवश्य करा लें और बैंक से लाभ लेकर आप आगे बढ़े तथा आज के डिजिटल ट्रांजैक्शन में जो फ्रॉड हो रही है,उससे बचें प्रशिक्षिका अंजना मिश्रा ने लोगों को समूह से जुड़े रहने एवं अन्य भिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उसका निदान का रास्ता भी बताया तथा अधिक से अधिक ग्रुप में जुड़ कर लोग लाभ लें इस उन्होंने विशेष चर्चा की।

# बरही बीडीओ ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही बीडीओ क्रिस्टीना रीचा इंदवार ने बिजैया व मलकोको पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंच कर विकास योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। उनके साथ प्रखंड कार्यालय के कई कर्मचारी भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बिजैया में पीएम आवास योजना, विधायक मद के तहत दो अलग अलग निर्माणाधीन पीसीसी पथ, बुंडू में निर्माणधीन तहसील कचहरी भवन निर्माण जैसे विकास योजनाओं का भौतिक रूप से जायजा लिया। इस दौरान बिजैया में आम बागवानी के लिए लाभुकों के साथ स्थल निरीक्षण भी किया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020 - 21 के 15 लाभुकों को दिए गए



आवास योजना का निरीक्षण दौरान पाया गया कि सिर्फ 3 लाभुक ही आवास निर्माण की शुरुआत किए हैं। मौके पर जो लाभुक आवास निर्माण कार्य तक की शुरुआत नहीं किए उन्हें अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जल्द कार्य शुरू कर उसे पूर्ण करें, अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों द्वारा राशि उठाव के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने पर विभाग सख्त है। लाभार्थियों पर नजर रखी जा रही है। वहीं लाभार्थियों ने बीडीओ को आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान बुंडू में निर्माणधीन तहसील कचहरी का निरीक्षण के दौरान पाया कि कार्य योजना में एक नंबर चिमनी की ईट के स्थान पर थर्ड क्लास व बंग्ला ईट लगाया गया है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पूर्व राजयपाल रमेश बैस को दी बधाई



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, राकेश भास्कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,रिजवान खान पूर्व चेयरमैन झारखंड राज्य हज समिति ने पूर्व राज्यपाल रमेश वैस से मुलाकात कर राज्यपाल के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए धन्यवाद दिया, एवं महाराष्ट्र राज्य का महामहिम राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर शुभकामना दिया।

## चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार की दोपहर लगभग 2:00 बजे प्रेम नगर स्थित अभिषेक कुमार सोनी के दुकान में युवक द्वारा कांसा का बरतन एवं नगदी चोरी करके भागते हुए दुकानदार एवं ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा। कांसा का बरतन एवं 11600 नकदी रुपए बरामद कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। अभिषेक कुमार सोनी ने बताया कि मैं दुकान का आधा शटर गिरा कर अपने बच्चों को स्कूल से घर लाने गया था जब घर आया तो देखा कि शटर के अंदर से युवक निकल कर भाग रहा था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा गया। जांच करने पर पेट में कांसा का बरतन एवं पॉकेट से नकदी बरामद किया गया। चोर की पहचान बड़कागांव राय मोहल्ला निवासी मोहम्मद अल्तमश के रूप में किया गया। अभिषेक कुमार सोनी ने थाने में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ,जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के द्वारा बड़कागांव थाना कांड संख्या 66/23 धारा 461, 379, 411, 504, 506 भादवी के तहत बृहस्पतिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## पूर्व मुखिया प्रतिनिधि के पिता का निधन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआक्ला पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव के पिता जोधा यादव का लगभग 80 वर्ष की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनके निधन का खबर सुनते ही पंचायत में मातम छा गया। वहीं टेकलाल यादव ने बताया की उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।

## चार माह से नहीं मिला राशन : मुंडा

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अड़की प्रखंड के सीमावर्ती गांव ग्रामीणों के शिकायत पर आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा तिरला पंचायत के चैयपी गांव पहुंचे, जहां ग्रामीणों को पिछले अक्टूबर 2022को अंतिम राशन मिला है,नवंबर,दिसंबर,जनवरी एवम फरवरी का राशन नहीं मिला है।रमेश कुमार मुंडा ने कहा कि वर्षो से इस क्षेत्र के ग्रामीणों का शोषण ,अत्याचार होते आया जिससे अब कतई बर्दाश्त नहीं होगा।उन्होंने कहा डीलर एवम प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के मिली भगत से गरीबों का निवाला छीनने का प्रयास निंदननीय है सरकार आम जनमानस के लिए योजना चला रही है और सिस्टम में बैठे व्यक्ति गलत कर रहे हैं।रमेश कुमार मुंडा ने कहा किस विकास की बात करते हैं हमलोग इस क्षेत्र की जनता को प्रखंड कार्यालय जाने के 42 किलोमीटर तय करना होता है सरकार ने हमेशा छल किया है बीरबांकी को प्रखंड बना कर उस क्षेत्र का चहोमुखी विकास हो झारखंड सरकार की कैबिनेट ने पास किया है । मुंडा ने कहा सभी एकजुट हो कर आंदोलन कर के,हर हाल में प्रखंड लेके रहेंगे एवम ग्रामीणों को भरोसा दिया आपका चार माह का निवाला छीनने नही देंगे मौके पर प्रखंड प्रमुख कृष्णा सिंह मुंडा, उप प्रमुख जोसेफ कंडीर ,मुखिया खुश्बू रानी भेंगरा,प्रेमचंद हस्सा पूर्ति आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों का एफ एल एन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्राथमिक कक्षाओं पढ़ने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं का पिछले सोलह दिनों से चल रहे कुल आठ बैंच का एफ एल एन प्रशिक्षण का गुरूवार को समापन हो गया. प्रशिक्षण में कुल शिक्षक शिक्षिका एवं संकुल साधन सेवी मिलाकर 327 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान पढ़ने की नई पद्धति जिनके माध्यम से बच्चों में विभिन्न प्रकार के जैसे बोलने, सुनने, लिखने और समझ के साथ पढ़ने आदि कई शिक्षण शास्त्रीय विधियां को प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया. प्राथमिक कक्षा के बच्चों को कविता, कहानी आदि का भरपूर प्रयोग किया गया जिसमें समाजिक एवं भावनात्मक ज्ञान की वृद्धि होगी. तीन से नव वर्ष के बच्चों के लिए निर्मित एफ एल एन का कार्य पुस्तिका बहुत हीं उपयोगी साबित हो रही है. प्रशिक्षक के रूप में जितेन्द्र पाठक, दिलीप कुमार सारंगी, देव बिहारी राय, अनिता कुमारी ने कार्य किया इसके साथ ही टाटा ट्रस्ट के प्रखंड समन्वयक मो. ईम्तियाज की अहम भूमिका रही है समय समय पर पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों का भी प्रशिक्षण में अहम योगदान रहा. समापन के अवसर पर बीईइओ गंगा प्रसाद सिन्हा ने सभी विद्यालय में इसे लागू करने का दिशा निर्देश दिया. मौके पर बीपीओ मनमोहन साहु ने सभी शिक्षकों को वर्क बुक में काम करने एवं पाठ योजना बनाकर अनिवार्य रुप से चार दिवसीय प्रशिक्षण में दिये गये सभी शिक्षण के प्रगति विधि को विद्यालय में लागू करने का निर्देश दिया।

# केला के बागान को अब रामगढ़ की जनता उजाड़ने नहीं देगी : सुदेश महतो

### आजसू सुप्रीमो सुदेश ने चुनावी सभा कर आजसू के पक्ष में वोट मांगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** 2023 के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगडा, लारी,मायल बाजार, चितरपुर, मायल,मारगमरचा, सहित कई पंचायतों का चुनावी दौरा कर जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि रामगढ़ विधानसभा में चंद्रप्रकाश के द्वारा इतने लंबे अरसे से जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है वह झारखंड के लिए एक अभूतपूर्व कार्य हुआ है उसे यहां की जनता को कभी भूलना नहीं चाहिए यहां के गरीब गुरुवार को हक और अधिकार दिलाने के लिए सुख और दुख में साथ देने के लिए हमेशा आजसू पार्टी कृत संकल्पित है तथा यहां का सर्वांगीण विकास की सिलसिला को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी का चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।





## दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बाघमारा में बुधवार रात्रि में एक एकादशा कार्यक्रम के अवसर पर धार्मिक दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दुगोला मुकाबले में बरकट्ठा प्रखंड के बुढ़ियाडीह निवासी ब्यास दयानंद यादव तथा बरकट्ठा बंडासिंहा निवासी अशोक राणा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों पक्ष के कलाकारों के प्रस्तुति से रात दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम में रितेश गुप्ता, अर्जुन यादव, संजीत कुमार एवं समस्त ग्राम- बाघमारा के ग्रामवासी मौजूद थे।

## राज्य में विधि व्यवस्था चौपट : आजसू पार्टी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातु :** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी ने पीटीपएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।पीसी के माध्यम से आजसू पार्टी ने पार्टी के प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया।आजसू नेताओं ने कहा कि राज में विधि व्यवस्था चौपट है।आदिवासियों की हितैसी बनने का ढोंग करने वाली राज्य सरकार आदिवासियों की रक्षा ही नहीं कर पा रही है।कांग्रेस और जेएमएम के शासनकाल में अपराध का ग्राफ बढ़ा है।रामगढ़ जिले में निरंतर अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों में निरंतर कई व्यक्तियों पर गोलीबारी की घटनाएं हत्या-लूट जिले की विधि व्यवस्था होने का प्रमाण है प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या से पार्टी में घोर आक्रोश है जल्द हीं दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आजसू पार्टी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मनोज मुंडा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्टी की ओर से संवेदनाएं वयक्त की गई।आगे कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य को विधि व्यवस्था अब भगवान भरोसे है मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा,जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो,जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार,जिला संगठन सचिव अशोक पाठक, चमरू महतो इत्यादि उपस्थित थे।



# वाहन का ब्रेक हुआ फेल एक की मौत, 13 घायल

### अनियंत्रित बोलेरो ने भी पोल समेत कई गाड़ियों को ठोका, दर्जनों घायल, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग - बड़कागांव मुख्य सड़क पर 13 माइल घाटी के नजदीक 911 बोरिंग गाड़ी ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद तीन बिजली पोल, स्कॉर्पियो एवं टेंपो को मारते हुए अंत में पेड़ में जाकर टक्कर मारा। टक्कर इतनी तेज थी के बोरवेल गाड़ी में सवार एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि 13 लोग घायल हो गए। तीन मजदूरों को गंभीर स्थिति बनी हुई है। मृतक की पहचान जामताड़ा के दुनिया निवासी दुर्गा बासनी के रूप में की गई है। स्कॉर्पियो सवार यात्रियों को भी घायल होने की सूचना है। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बोरवेल बोरिंग गाड़ी 911 का नंबर जेएस 12 ई 6482 तथा स्कॉर्पियो का नंबर एच 02 ए आर 8688 है। बोरवेल गाड़ी में सवार घायलों में जामताड़ा दूधपनिया निवासी विनोद बासनी, एवं छप्पन बासनी एवं गिरिडीह टुंडी निवासी रंजीत कुमार का नाम शामिल है, जो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।घटना की जानकारी मिलते ही बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बोरवेल बोरिंग गाड़ी को खींच कर थाना ले आई। चालक गिरिडीह फतेहपुर निवासी चुन्नू टूडू को अपनी गिरफ्त में लिया।




# महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रामगढ़ आए कांग्रेस के दिग्गज नेता

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु ने महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो वोट अपील के लिए तूफानी दौरा रामगढ़ विधानसभा गोला प्रखंड के उपर बरघा गांव में अपने भाषण में आजसू पर जमकर बरसे इस कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित महागठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो,झारखंड प्रदेश पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बाल मूचू , सच्चिदानंद चौधरी , मदन शर्मा , प्रदेश कोऑर्डिनेटर नसरुद्दीन अंसारी , मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत करमाली,प्रदेश सचिव ताहिर अली, गोला प्रखंड पूर्व अध्यक्ष रामविनय महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रभाकर समाजसेवी साहिल अख्तर कमलेश महतो इंदु देवी लक्ष्मी देवी गौरी शंकर जहीर अब्बास, सगीर एवं सैकड़ों कांग्रेसी एवं गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


## कार्यालय जिला परिषद, लोहरदगा

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लोहरदगा
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.02.2023 को 03.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.02.2023 को 03.30 बजे अपराह्न में
4. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
5. मद : आय मद।
6. कार्य का विवरण

| क्र0सं/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | लोहरदगा | अध्यक्ष, जिला परिषद्, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में Interior कार्य | 50000.00 | 02 (दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 290456 Lohardaga(22-23)D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़

(निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: आदेश ::-

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–629, दिनांक–14.02.2023 द्वारा 23–रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव, 2023 के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों को "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोषित किया गया है। उक्त के आलोक में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम–2003 (COTPA-2003) के प्रावधानों के अनुसार 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नामित सभी मतदान केन्द्रों पर पूर्णतः धुम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित करते हुए आदेश दिया जाता है कि 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सभी 405 मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ यथा सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, पान मसाला इत्यादि के उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

मतदान केन्द्र परिसर क्षेत्र में कोई भी पदाधिकारी, कर्मचारी या आगन्तुक उक्त नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम–2003 की धारा–4 के अनुसार 200/– (दो सौ) रूपये तक का जुर्माना किया जाएगा। इसकी वसूली हेतु अपर समाहर्त्ता –सह– विशेष नोडल पदाधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण को उल्लंघनकर्त्ताओं को दण्डित करने हेतु विशेष पदाधिकारी नामित किया जाता है।

यह आदेश सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के दौरान लागू होगा।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़

PR 290441 Election (22-23)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

ग्राम–चडरीमुण्डा पहाड़, थाना–कुरडेग, जिला–सिमडेगा में एक अज्ञात पुरूष शाव की बरामद किया गया है, जिसका सिर एवं चेहरा कुचला हुआ है। दिनांक–14.02.2023 को सदर अस्पताल, सिमडेगा में पोस्टमॉर्टम पश्चात् शीतगृह में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस संबंध में कुरडेग थाना कांड सं0–07/2023, दिनांक–13.02.2023, धारा–302/201 भा0द0वि0 दर्ज किया गया है।

उनकी पहचान हेतु, हुलिया इस प्रकार है:–

लिंग:– पुलिंग
उम्र:– करीब 35 वर्ष
रंग:– साँवला
ऊँचाई:– लगभग 5 फीट
बाल का रंग:– काला
शरीरिक बनावट:– गठीला।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात शव का पहचान होने पर नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा — मोबाइल नं0–9431116444
थाना प्रभारी, कुरडेग — मोबाइल नं0–9431706233
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा — मोबाइल नं0–8709697066

PR 290439 Police(22-23)D

पुलिस अधीक्षक,सिमडेगा।



## ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता

### विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, राँची

### अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/97/2022-23 दिनांक– 16/02/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | कचहरी चौक राँची स्थित सर्किट हाउस मे 250 के0 वी0 ए0 ध्वनि रहित जनित्र ए0एम0 एफ0 पैनल सहित के अधिष्ठापन का कार्य। | 53,72,846=00 | 10,000=00 | 108,000=00 | 24 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.02.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 21.02.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 27.02.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 28.02.2023 को 3.30 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 290490 Energy (22-23)_D



## कार्यालय नगर परिषद, रामगढ़।

### प्रेस विज्ञप्ति

अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, रामगढ़ के निदेश के आलोक में राजस्व संग्रहण से संबंधित समिक्षा बैठक आहुत की गई समीक्षा के दौरान राजस्व लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली पर खेद व्यक्त की गई। नगर परिषद्, रामगढ़ के सभी धृती (Holding Tax) कर धारकों तथा Trade Licence धारको से अनुरोध है कि अपना कर नगर परिषद्, जन सूविधा केन्द्र में जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धाराओं के तहत् नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 290515 District(22-23)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–70/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **24.02.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **25.02.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **25.02.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान: 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰) | अग्रधन की राशि (रू॰) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Roof of UG girls hostel No.-03 (Kanti) attached to RIMS, Ranchi for the year 2022-23 | 24,80,600.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | TWO MONTHS |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 290510 (Building) 22-23 (D)



## कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

### आम सूचना

नगर परिषद् क्षेत्र में शहरी स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार निम्नांकित विवरणीनुसार किया जाना है।

| क्र0सं0 | वार्ड नं0 | वार्ड सभा स्थल | वार्ड सभा का समय | वार्ड सभा का तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | गीता आश्रम स्कूल, चतरा। | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 20.02.2023 |
| 2 | 4 | हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, भेलवाडी, चतरा। | 02 बजें अपराहन् | 20.02.2023 |
| 3 | 7 | हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, दीभा, चतरा। | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 21.02.2023 |
| 4 | 8 | आगवाड़ी केन्द्र सुरही, चतरा | 02 बजें अपराहन | 21.02.2023 |
| 5 | 9 | बाबाघाट नगवॉ सामुदायिक चबुतरा पर | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 22.02.2023 |
| 6 | 11 | आगवाड़ी केन्द्र मारवाड़ी, चतरा | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 28.02.2023 |
| 7 | 12 | आगवाड़ी केन्द्र बिंद मो0, चतरा | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 23.02.2023 |
| 8 | 13 | आगवाड़ी केन्द्र दबगर टोली चतरा | 02 बजें अपराहन | 23.02.2023 |
| 9 | 14 | अमिद भवन , चतरा। | 02 बजें अपराहन | 24.02.2023 |
| 10 | 15 | उर्दू स्कूल , अंसार नगर, चतरा। | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 24.02.2023 |
| 11 | 16 | आगवाड़ी केन्द्र इमली बाड़ी | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 25.02.2023 |
| 12 | 17 | आगवाड़ी केन्द्र झुमड़ा वार्ड नं0 17 | 02 बजें अपराहन | 25.02.2023 |
| 13 | 18 | लाईन मुहल्ला, साहु धमशला, | 11 बजें पूर्वाहन् से 01 बजें अपराहन् तक | 27.02.2023 |
| 14 | 20 | उर्दू लाईन मध्य विद्यालय , चतरा | 02 बजें अपराहन | 27.02.2023 |
| 15 | 22 | आगवाड़ी केन्द्र पंसलवा, चतरा। | 02 बजें अपराहन | 28.02.2023 |

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,चतरा

PR 290468 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D

## सातवीं मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत

### मां ने कहा बेटी को पकड़ कर फेंका गया



प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत भेलाटांड़ स्थित ट्रिनिटी गार्डन अपार्टमेंट के ई ब्लाक के पहले फ्लोर में रहने वाले चंदन कुमार ठाकुर की 13 वर्षीय पुत्री सांघवी ठाकुर उर्फ चारु की मौत संदिग्ध स्थिति में छत से गिरने से हो गई। परिजनों ने दो लड़कों पर आरोप लगाया है कि उन लोगों ने सांगवी को जबरन छत पर ले जाकर नीचे फेंक दिया। देर रात पुलिस ने आरोपी दोनों लड़कों सहित एक अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना कैसे घटी इसकी जांच में पुलिस जुट गई हैं। बता दें कि सांघवी ठाकुर उर्फ चारु कार्मल स्कूल धनबाद की छठी कक्षा की छात्रा थी। अपार्टमेंट की छत पर एक मेरून रंग का कुर्सी भी रखा हुआ था। सांघवी जहां गिरी है उसी के सीधे ऊपर छत में कुर्सी रखा हुआ है। पुलिस फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर जांच कर रही हैं। वहीं अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में हार्डडिस्क नहीं होने से घटना संदेहास्पद होने की आशंका है।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना : उपायुक्त ने किया प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत युवा पीढ़ी को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किए जाने एवं इसे लेकर उनमें जागरूकता लाने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह, कौशल विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार, श्रम अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं इंप्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विद कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग सहित बिरसा योजना समाहित है। इनके तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए तय आहर्ता व पात्रता क्या है, कैसे पंजीकरण करना है आदि की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना प्रचार वाहन को आज रवाना किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों में भ्रमण करेगा, साथ ही विभाग के कर्मियों द्वारा युवाओं के बीच इससे संबंधित पर्चा वितरण किया जाएगा। रथ जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों का भ्रमण करें यह सुनिश्चित करने के लिए जिला कौशल विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है। मौके पर उपस्थित जिला कौशल विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार ने कहा कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी द्वारा हेल्थ सेक्टर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल्स, अपैरल, आइटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, आटोमोटिव, प्लम्बिंग, कंसट्रक्शन तथा अन्य क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रचार वाहन के माध्यम से इससे संबंधित युवाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिले के युवा http://jsdm.jharkhand.gov.in पर अपना पंजीकरण करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001233444 पर अथवा जिला कौशल पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है। साथ ही, वह अपने नजदीक के झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, कौशल विकास केंद्र पर भी जा सकते है। इस मौके पर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग कार्यालय के कर्मी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




## खेल शारीरिक व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक : दीपक कुमार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शक्ति स्पोर्ट्स कल्ब के खिलाड़ियों को वॉलीबॉल जर्सी का वितरण भावी पार्षद धनबाद नगर निगम वार्ड संख्या-6 के दीपक कुमार महतो के द्वारा किया गया। साथ ही खिलाड़ियो के खेल के प्रति रुचि को देखते हुए इसी महीने के आखिरी सप्ताह से आरंभ होने वाले वालीबाल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजक सदस्यों एवं खिलाड़ियों के बीच चर्चा व मंथन किया गया। वहीं महतो ने कहा की खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मौके पर छात्र नेता रवि रंजन महतो, कल्ब के कप्तान राजेंद्र महतो, अमित चटर्जी, आर्यन, बंटी, निर्मल, बाबी, कृष, विकास, इंद्रजीत, सुमित आदि खिलाड़ीगण उपस्थित थे।



## युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने कृषि कर पर विरोध जताया

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के द्वारा छोटे खुदरा व्यापारीयों एवं छोटे दुकानदारों के ऊपर 2 परसेंट कृषि कर लगाए जाने का विरोध प्रदर्शन में चिरकुंडा के युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने आज दुकान बंदी में अपना समर्थन दिया। साथ ही निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता से मिलकर चिरकुंडा एवं कुमारधुबी के छोटे दुकानदारों को झारखंड सरकार के द्वारा दो परसेंट कर लगाने की समस्या पर विधानसभा में प्रश्न उठाने और इसे वापस दिलाने में सहयोग करने की अपील करेगी। युवा नेता अभिमन्यु कुमार ने समस्त कुमारधुबी एवं चिरकुंडा के व्यापारियों तथा दुकानदारों के साथ हर समय कोई भी परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहने का विश्वास दिलाया है।



## मूलभूत साक्षरता व संख्याज्ञान की चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संपन्न

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी स्वामी विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय टुंडी में राज्य परियोजना निदेशक रांची के आदेशानुसार बुनियादी साक्षरता और ज्ञान कार्यक्रम के तहत टुंडी प्रखंड के शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आज संपन्न हो गया। बताया जाता है कि टुंडी में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अनंत शक्ति एवं रंजन कुमार, मृत्युंजय कुमार, नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा प्रशिक्षित किया गया प्रशिक्षण के दौरान पुस्तकों का अभाव होना बिशेषकर एफ एल एन का नहीं होना चर्चा का बिषय बना रहा। इस प्रशिक्षण शिविर में बीईईओ मूरत महतो,बी पी ओ उमेश पासवान, गोतम दास वरिष्ठ बी आर पी मनोज कुंभकार, श्वेता सिंह देवेन महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## टुंडी के पाण्डेयडीह निवासी विश्वनाथ पंडा का निधन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत कोल्हर पंचायत के पाण्डेयडीह निवासी विश्वनाथ पंडा का आज गुरूवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 85 बर्ष था अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियां समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए इनके असामायिक निधन से पूरे गांव में शौक की लहर देखी गई स्वभाव से काफी मिलनसार एवं मृदुभाषी थे ।

## महुदा मोड़ व सिंगाड़ा के यज्ञ स्थल का श्रद्धालुओं ने किया परिक्रमा

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा मोड़ शिव शक्ति धाम और सिंगाड़ा में आयोजित महारूद्र यज्ञ में काफी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुगण यज्ञ स्थल पहुंच रहे है। महुदा मोड़ में दसवें व सिंगाड़ा में पांचवे दिन यज्ञ मण्डप की परिक्रमा श्रद्धालुओ ने की और पूजा अर्चना किया क। सुबह से ही लोग मंदिर पहुँचने लगे थे। श्रद्धालुगण भक्तिभाव से यज्ञस्थल की परिक्रमा किये तथा मंदिर में जाकर देवी देवताओं का पुजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किये। यज्ञ मंडप में यजमान व भक्तगणों के द्वारा स्थापित प्रतिमाओं का श्रद्धासुमन के साथ पुजा अर्चना कर शाम को हवन किये। यज्ञमंडप में आचार्यो के द्वारा की जा रही मंत्रोचारण से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुजा अर्चना समाप्त होने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। संध्या में स्थापित प्रतिमाओं के समक्ष आरती वन्दना किया एवं पुजा समाप्त किया। रात्री में कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। मौके पर आयोजन को सफल बनाने मे यज्ञ समिति, के पदाधिकारी व सदस्यगण काफी सक्रीय दिखे ।

## अतिक्रमण हटाने का लेकर झरिया सीओ ने किया नोटिस जारी, मची हडकंप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित डिगवाडीह मस्जिद के पास सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने का झरिया सीओ ने नोटिस जारी किया है। झरिया सीओ कार्यालय से प्रकाश नारायण साव, दिलीप साव, साहू मोबाइल शॉप और शम्भू साव को नोटिस भेजा गया है। नोटिस के आलोक में आदेश दिया गया है कि मौजा 110, खाता 831, प्लॉट 6111, रकवा 600 वर्गफीट भूमि पर अतिक्रमण मुक्त किया जाए। जारी आदेश में लिखा है कि पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिया गया था।

पुनः ज्ञापन संख्या 160 मे आदेश है कि तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाया जाए अन्यथा विभाग अतिक्रमण हटाता है तो सरकारी खर्च देना पड़ेगा। अतिक्रमण हटाने के निर्देश पर दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** जमुआ विधानसभा विधायक केदार हाजरा ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत चौरा पक्की सड़क से बेको - बरमसिया तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। 2.6 किलोमीटर ऊतक सड़क की प्राककलित राशि 2 करोड़ 69 लाख रूपये है। विधायक केदार हाजरा , स्थानीय मुखिया मेहन्द्र वर्मा , गोरो मुखिया सीताराम वर्मा , सांसद प्रतिनिधि धनेश्वर वर्मा ने संयुक्त रूप से पर्दा हटा व नारियल फोड़कर सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व भाजपा समर्थक उपस्थित थे। विधायक केदार हाजरा ने लोगो को सम्बोधित करते हुवे कहा की क्षेत्र के विकास में उन्होंने कसार नहीं छोड़ी है। बेको - बरमसिया ग्रामीणों की सड़क निर्माण की वर्षो पुरानी मांग आज पूरी हुई। अब उक्त गांवो के लोगो को कीचड़ में नहीं चलना पड़ेगा। शीघ्र ही मलीडीह - जंगरीडीह सड़क का भी शिलान्यास किया जाएगा। वही वेब इंटरनेशनल स्कुल से पीडब्ल्यूडी मार्ग तक पीसीसी कार्य जारी है जिससे बच्चो सहित टटकारी ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। कहा की उन्होंने क्षेत्र के हरेक सड़क को पक्कीकरण करने का कार्य किया है। दर्जनों पुल-पुलिया निर्माण कर जिला व प्रखंड मुख्यालय की दुरी कम करने का कार्य किया है। स्थानीय मुखिया मेहन्द्र वर्मा ने कहा की उनके अथक प्रयास से आज बेको - बरमसिया ग्रामीणों के दिन बेहतर होंगे। पंचायत के चंहुमुखी विकास के लिए वे दिन रात मेहनत कर रहे है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया बुर्का आजादी से लेकर अब तक पक्की सड़क को लेकर मोहताज हल्की सी बारिश में भी आवागमन बाधित हो जाता था उम्मीद करता हूं संवेदक के द्वारा बेहतर ढंग से कार्य किया जाए जिससे यह रोड लंबे समय तक चल सके। शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर साव, चिलगा मुखिया सिमा कुमारी ,संवेदक रणधीर यादव, दीनदयाल प्रसाद वर्मा , सुरेंद्र कुमार वर्मा , आशीष कुमार ,विधायक पीए सिकंदर फोलटेन, सुधीर वर्मा , गोविन्द वर्मा , सचिन वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।




## छेड़खानी को लेकर दो गुटो में खूनी संघर्ष, दर्जनों घायल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिले के पुटकी थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा ओर उपर धौड़ा में छेड़खानी को लेकर दो गुटों के बीच ईट-पत्थर और लाठी डंडों से मारपीट हुई। इस खूनी संघर्ष मे दोनो गुटों के दर्जनों लोग घायल हुए। इस घटना में किसी के हाथ टूटे तो किसी के पैर टूटे। वहीं किसी के सिर पर गंभीर चोट भी लगी है। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। दोनों गुटों के बीच पूर्व से ही आपसी रंजिश की बात सामने आ रही है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया तथा घायलों को अस्पताल भेज घटना की तफ्तीश में जुटी। साथ ही तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों बस्तियों में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस कैंप कर रही है।

## कृषि शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में अनिश्चितकालीन दूकाने बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कृषि बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स खाद्दान व्यवसाय संघ के आह्वान पर बुधवार को 2त्न कृषि शुल्क बढ़ाए जाने के खिलाफ कतरास चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जुलूस निकाला तथा अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख विरोध जताया। व्यवसायियों ने जुलूस निकालकर कतरास, पचगढी, छाताबाद, गुहीबांध, कतरास बाजार, श्यामडीह आदि क्षेत्रों की दुकानें बंद करायी। मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सुशील खेतान, सुरेश अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, मुरारी श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, विजय सेठ, राजन सेठ, विनोद गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, गौरव गर्ग, विकास कन्धवे, रिंकू बंसल, सुरेंद्र जिंदल, बिट्टू लाडिया, सौरभ कटेसरिया, जसविंदर सिंह,? सूरज देव यादव, बबलू गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, अनिल केडिया, पप्पू केडिया, बाबूलाल गुप्ता, सुशील खेतान, प्रमोद गुप्ता, शैलेश गुप्ता, संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, मनोज गुप्ता, रवि बास्का, भवानी मोदी आदि सदस्य मौजूद थे।

## 20 घंटों से विद्युतापूर्ति बाधित, जन जीवन अस्त व्यस्त



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड में पिछले 20 घंटों से विद्युतापूर्ति बाधित हो जाने से जन जीवन अस्त व्यस्त सा हो गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में यहां के लोगों का बिजली ही एक मात्र रोजगार का साधन है बिजली नहीं रहने पर आम जनता से लेकर सभी विभागीय प्रतिष्ठान भी आज गुरूवार को प्रभावित रहा सारे कामकाज ठप्प हो गया। बताया जाता है कि टुंडी प्रखंड में जब भी विद्युतापूर्ति बाधित होता है लंबे समय तक राहत नहीं मिलती है। सबसे गंभीर बात है कि बिजली विभाग के कोई भी अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते। समाचार लिखे जाने तक टुंडी में बिजली ठप पड़ा है देखा जाए विभाग की कुंभकर्णी नींद कब खुलता है टुंडी की जनता अक्सर इस विभाग से परेशान रहते हैं।

## दिव्यांग बच्चों की पहचान को आसान करेगा प्रशस्त एप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में बीआरसी सभागार में सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं सामान्य शिक्षकों को प्रशस्त ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं पंजीकरण करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा कि सभी प्रकार की दिव्यांगता की स्थिति प्रत्यक्ष रूप से पहचान योग्य नहीं होती। प्रशस्त एप के माध्यम से विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की पहचान करना आसान हो जायेगा। ऐप मे मौजूद 61 चेकलिस्ट पर सेलेक्ट करते ही पता हो जायेगा की विद्यार्थी किस तरह का दिव्यांग है। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के अनुसार विद्यालयों जिनमें 21 प्रकार की दिव्यांगता देखी गई है लेकिन एक दिव्यांगता स्क्रीनिंग चेकलिस्ट के अभाव को देखते हुए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण पर अग्रसर होने की दिशा में एनसीईआरटी ने स्कूलों के लिए दिव्यांगता पहचान सूची (विकलांगता स्क्रीनिंग चेकलिस्ट) और एक मोबाइल ऐप प्रशस्त विकसित किया है। रिसोर्स शिक्षक अख़लाक़ अहमद ने कहा कि समग्र शिक्षा के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रशस्त ऐप 21 दिव्यांगता स्थितियों की विद्यालय आधारित पहचान (स्कूल बेस्ड स्क्रीनिंग) में मदद करेगा और प्रमाणन प्रक्रिया शुरू करने व आगे की प्रक्रिया के लिए अधिकारियों के साथ इसे साझा करने हेतु विद्यालय स्तरीय रिपोर्ट तैयार करेगा। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विद्यालय और शिक्षक शिक्षा हेतु एक नेतृत्वकारी एकीकृत कार्यक्रम है। कार्यक्रम मे बीईईओ लक्ष्मी वर्मा एवं लीला उपाध्याय, बीपीओ सुनील सिंह, श्यामाकांत झा, डॉ मनोज सिंह, अख़लाक़ अहमद, राजेश शाहनी, ब्रजेश पांडेय, विजय तिर्की, प्रेम लता सहित प्रखंड के सभी प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

## पद यात्रा कर हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पु कुमार पासवान के नेतृत्व में आरलगरिया पंचायत, पुटकी बाजार, एवं सियालगुदरी पंचायत आदि में पद यात्रा कर ÷हाथ से हाथ जोड़ो÷ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आने वाले 2024 का लोकसभा चुनाव के लिए पंचायत से लेकर बुथ स्तर तक ÷हाथ से हाथ जोड़ो÷ कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे धनबाद जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, प्रभारी अनिल साव, दिनेश यादव कार्यक्रम में उपस्थित थे। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामगोपाल भुवानिया, अक्षेवर प्रसाद, कयूम खान, दीपक सिंह, रामबिलास राम, जीतेंश सिंह, जितेन्द्र शर्मा, शाहरुख खान, गुड़िया देवी, विनय उपाध्याय, मनबोध सिंह, अरविन्द सैनी, विक्की कुमार, गुड्डु खान, प्रीतम रवानी, निवारण महतो, विनोद यादव, छोटू सिंह, जगन्नाथ महतो, डब्लू अंसारी, निवास रजवार, कर्मवीर कुमार पासवान, विजय कुमार, राज कुमार ताती, रूपेश कुमार, सागर कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## 03252 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट स्पेशल का राजगीर स्टेशन पर आगमन समय में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** गाड़ी सं. 03252 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेषल के राजगीर स्टेषन पर आगमन समय में संषोधन किया गया है। संषोधित समय सारणी के अनुसार यह स्पेषल अब 19.30 बजे के बजाए 19.15 बजे राजगीर पहुंचेगी । विदित हो कि पूर्व में जारी किये गये प्रेस विज्ञप्ति में, होली स्पेषल 03252 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेषल दिनांक 11.03.2023 से 25.03.2023 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान करेगी एवं विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 19.30 बजे राजगीर पहुंचेगी, की सूचना दी गयी थी ।

## दो प्रतिशत मंडी टैक्स को तत्काल प्रभाव से वापस ले झारखंड सरकार : सोहराब

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** पुराना बाज़ार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान ने झारखंड सरकार द्वारा लगाए गए 2प्रतिशत मंडी टैक्स का विरोध किया और कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लगाए गए 2त्न मंडी टैक्स को तत्काल प्रभाव से वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि, ये बात समझ से परे है कि इस टैक्स से किसका फायदा होगा? ना तो किसानों का फायदा होगा, ना ही व्यवसायीयों एवं आमजन को कोई फायदा होगा। सोहराब खान ने कहा कि, इस काले कानून से मँहगाई में और बढ़ोतरी होगी और इंस्पेक्टर राज की तलवार व्यवसायीयों पर लटकी रहेगी। उन्होंने कहा कि, हड़ताल के कारण आमजनों को रोज़मर्रा की चीज़ों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड सरकार को अविलंब इस काले कानून को वापस लेना चाहिए।

## प्रखण्ड सभागार में पंचायत समिति हुई समीक्षा बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुआ चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह सदर प्रखण्ड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख पुनम देवी की अध्यक्षता में किया गया। वही बैठक में सभी विभागों के बारी बारी से समीक्षा की गई। बताया गया की गुरुवार की पंचायत समिति की बैठक में लिए गए निणर्य के आलोक में अंचल अधिकारी के द्वारा निकाले पत्र 29 दिसम्बर को निर्गत कर सभी पंचायत सचिवालय में ग्रामीण की सुविधा हेतु राजस्व उपनिरीक्षक को गुरुवार को बैठक में मौजूद रहना था। इसी को लेकर सदस्य शुभांकर गुप्ता ने राजस्व उपनिरीक्षक अनुपस्थिति नही होने पर पंचायती राज्य नियमावली का उल्लंघन बताया एवं एक पत्र अंचल अधिकारी ,प्रमुख , उपप्रमुख , के नाम दिया । उप प्रमुख कुमार सौरभ ने कहा की मनरेगा की मेटीरियल भुगतान को लेकर बात रखी । जिसमे प्रमुख ने एक पत्र लिखकर पांच दिनों के अंदर हुए भुगतान की मापी पुस्तिका , अभिलेख का रिपोर्ट मांगी है। वही पेयजल , शिक्षा , स्वस्थ्य , पर भी विशेष चर्चा किया गया एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया । इधर कुमार सौरभ ने अपनी बातों रखते हुए कहा की आपूर्ति में दिसम्बर माह के राशन अनियमता की बात रखा और जांच का निर्देश दिया एवं एक कमिटि प्रखंड स्तरीय बनाने का निर्देश दिया। वही बैठक में प्रखंड से छह मुखिया का चयन एक वर्ष के लिए पंचायत समिति सदस्य के रूप में लॉटरी के माध्यम से किया गया। वही बैठक का संचालन बीडीओं दिलीप कुमार ने किया।



## संक्षिप्त खबरें

### उर्स मुबारक प्रोग्राम गुरुवार से प्रारंभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजरत बाबा दुखन शाह का सालाना उर्स मुबारक प्रोग्राम गुरुवार को बाद नमाज फजर लोहरदगा में शुरू हुआ। अंजुमन इस्लामिया की अगुआई में धर्म गुरुओं ने मजार में गुसुल की रस्म अदायगी कीं। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के ओहदेदारों ने पहली चादरपोशी कीं। तत्पश्चात डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान आर रामकुमार के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा चादरपोशी की गयी। इस मौके पर पुलिस की ओर से हजरत बाबा दुखनशाह लोहरदगा शरीफ को गार्ड आंफ आंनर के तहत सलामी दी गई। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह,एसडीओ अरविंद कुमार लाल,थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने चादरपोशी कीं। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो.अफसर कुरैशी, सचिव सफदर आलम,नाजिम-ए-आला अब्दुल जब्बार,नाइब सदर नेहाल कुरैशी,सह सचिव मुजम्मिल अंसारी,मुर्तुजा खलीफा,सिराज अंसारी,फिरोज अंसारी,असगर अंसारी,ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के सैयद खालिद शाह,हाजी शकील अहमद,आबिद अंसारी,जिलानी अंसारी,बिलाल कलाम तैगी आदि समेत गणमान्य मौजूद थे। जामा मस्जिद के ईमाम कारी शमीम रिजवी के नेतृत्व में सामूहिक रूप से लोहरदगा के अमन और शांति के लिए दुआएं की गयी। साथ ही सभी लोगों के बीच मोहब्बत और सुकून की जिंदगी बीते,खुदा सबको तरक्की अता फरमाए और तमाम लोगों की जायज मुरादों को पूरा करें। लोहरदगा को तमाम दिक्कतों से छुटकारा मिले। बाबा के दरबार में एक साथ हिन्दू,मुस्लिम,इसाई सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ हाजिरी लगाई। चादरपोशी का सिलसिला 17 फरवरी के अहले सुबह तक चलेगा। बाबा के दर पर हाजिरी देने के लिए सूबे के विभिन्न जिलों से काफी तादाद में लोग लोहरदगा पहुंच रहे हैं। इसमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय है। शहर के मध्य हिस्सा मेले में तब्दील हो गया है।

उर्स मैदान,एमजी रोड,मुख्य पथ थाना चौक से सोमार बाजार तक दुकानों से पट गए हैं। हजरत बाबा दुखन शाह के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर परंपरा के मुताबिक ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से बाबा दुखन शाह मदरसा के परिसर में लंगर ख्वनी से पूर्व फातीहा का एहतमाम जामा मस्जिद के ईमाम कारी मो. शमीम रिजवी के जरिए किया गया। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी,नाजीम-ए-आला हाजी अब्दुल जब्बारूल,पूर्व सदर सैयद खालीद शाह,पूर्व सचिव इकबाल खलीफा समेत बड़ी संख्या में कमेटी के लोगबाग शामिल थे।

# उपायुक्त ने की जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला में शुरू हो चुकी कुछ प्रमुख योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। इस बैठक में दोना पत्तल उत्पादन केंद्र में विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे उत्पादन संबंधी समीक्षा कर भविष्य की कार्ययोजना बनाये जाने का निदेश उप विकास आयुक्त, लोहरदगा को दिया गया। बांस हस्तशिल्प उद्योग केंद्र में उत्पादन प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक निदेश डीपीएम,जेएसएलपीएस को दिये गये। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र,लोहरदगा के संबंद्धता हेतु आवश्यक निदेश जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को दिये गये। साथ ही, निदेश दिया गया कि सभी प्रखण्डों में भी कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ किये जाएं ताकि उस प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिल सके। ब्राम्बे,रांची स्थित आईएचएम में होटल मैनेजमेंट अंतर्गत चयनित कोर्स में नये सत्र के विद्यार्थियों के चयन हेतु रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रक्रिया प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सीएनसी ऑपरेटर व तकनीशियन के प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों को मोबिलाइज करने का निदेश दिया गया। जिला में सेन्हा और पेशरार प्रखण्ड में ब्रिकेटिंग प्लांट स्थापित किये जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पूर्ण किये जाने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही तिसिया स्थित ब्रिकेटिंग प्लांट से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। डेयरी व इसके उत्पाद संबंधी प्लांट स्थापित करने के लिए 50 उत्पादकों का समूह बनाये जाने का निदेश जिला गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। इसमें संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पदेन अध्यक्ष होंगे। वहीं डेयरी टेक्निकल एक्सर्ट सदस्य होंगे। जिला में स्वीमिंग पुल के प्रोजेक्ट का प्रस्ताव जल्द तैयार कर विभाग भेजे जाने का प्रस्ताव जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। आज की बैठक में ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट,मिलेट्स,झारखण्ड टूल रूम में प्रशिक्षण,डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस स्टाफ का प्रशिक्षण आदि योजनाओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निदेश दिये गये। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस,अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,जिला गव्य विकास पदाधिकारी,जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी,जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक,डीपीएम जेएसएलपीएस, अतिरिक्त कार्य पदाधिकारी (शिक्षा) व अन्य उपस्थित थे।

## व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें रखी बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** कृषि शुल्क के खिलाफ केरसई प्रखंड के किराना गल्ला व्यवसायियों ने विरोध स्वरूप अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। बंद का समर्थन करने हेतु सिमडेगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोती लाल अग्रवाल पदाधिकारी पप्पू चौधरी अमित केसरी ने केरसई प्रखंड का दौरा कर व्यवसायियों से बंद का समर्थन करने की अपील की और कहा कि हेमंत सरकार का यह काला कानून वापस लेना ही होगा नहीं तो अनिश्चितकालीन तक किराना गल्ला व्यवसाई अपनी-अपनी दुकानें बंद रखेंगे।

## बजट से देश का होगा सर्वांगीण विकास : डीके सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला के द्वारा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के अध्यक्षता में आज अग्रसेन भवन लोहरदगा मे आम बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त बजट पर चर्चा कार्यक्रम मे मुख्य रूप से राँची के सी0ए0 राजकुमार,धर्मेंद्र कुमार सिन्हा,सी0ए0 प्रदीप कुमार जालूका एवं शहर के गणमान्य बुद्धिजीवी, किसान,व्यवसायी, समाज के सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर विधिवत रुप से कार्यक्रम प्रारंभ की गई। बजट पर चर्चा कार्यक्रम को अपने उद्बोधन मे सी0ए0 प्रदीप कुमार जालूका ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा 2023-24 का फरवरी माह में जो अमृतकाल का बजट प्रस्तुत किया है यह देश के लिए समावेशी बजट है?। बजट ग्रामीण क्षेत्र का विकास का वजट है,जिससे ग्रामीणों की आय मे भी प्रति व्यक्ति बढ़ोतरी करने वाली वजट है। यह बजट 25 वर्षो का खाका खिचकर बनाया गया बजट हैं, जिसमे 10 हजार करोड़ इन्फरास्ट्रकचर के साथ साथ उद्योग,यातायात का भी विकास होगा। बजट में ग्रामीण आर्गेनिक खेती की बढ़ावा के साथ साथ मोटे अनाज के उत्पादन में बढ़ोतरी कर लोगो की स्वास्थ्य,सेहत को ध्यान मे रखते हुए बजट पारित की गयी है ।

सी0ए0 धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि देश का 23-24 का आम बजट से देश के सभी वर्गो का विकास का ध्यान रखते हुए,पड़ोसी देशों के विकास का भी ध्यान रखा गया है । उन्होंने कहा कि बजट मे कृषि,मत्स्यपालन,पशुपालन को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का बजट पारित की गयी है ।

## शिलान्यास के बाबजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू न होना दुर्भाग्यपूर्ण : नवाज खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू-लोहरदगा शिलान्यास के बाबजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू न होना दुर्भाग्य पूर्ण आजसू मीडिया प्रभारी कुडू सुंदरू निवासी नवाज खान ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि कुडू प्रखंड के सुंदुरु पथ के निर्माण कार्य का शुरु न होने से टिको मनातु सुंदुरु विश्रामगढ़ में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ न हुआ तो आंदोलन करेंगे। वर्तमान में संवेदक महादेव कंस्ट्रक्शन का रवैया समझ से परे है। सड़क से पुराने पत्थर को उखाड़ देने से स्थिति और हीं खराब हो गया है। अब तो यह स्थिति हो गया है कि बहुत हीं संभलकर चलना पड़ता अन्यथा चुक हुई तो घायल हो जाईए। ग्रामीणों को मजबूरी वश जीमा का चक्कर लगा कर जाना पड़ता है।टिको निवासी महादेव भगत ने कहा कि समझ में नहीं आता है कि राज्य के वित्तमंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव दो सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं सुदर्शन भगत द्वारा शिलान्यास के बाबजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू न होना आश्चर्यजनक है।किस कारण से निर्माण कार्य बाधित है संवेदक महादेव कंस्ट्रक्शन हीं बता सकते हैं। देरी से आक्रोश पनपेगा।

## बीडीओ ने की प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजन किया गया । प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा जानकारी देते हुए प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में सभी स्वीकृत योजना को प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वितीय वर्ष 2023 - 2024 में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्मय से 170 एकड़ भूमि में आम बागवानी का लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना में कार्यरत मजदूरों का आधार को बैंक खाता से लिंक कर अपडेट कराने का भी निर्देश दिया गया। पूर्व का संचालित सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने के लिये कहा गया। क्षेत्र भृमण के दौरान बीडीओ तथा बीपीओ द्वारा बुटी पंचायत में मुमताज अन्सारी का आम भगवानी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर भैया भगत,महिपाल उराँव, आनन्द सिंह,दुर्गा प्रसाद, अधीश खाखा,ओमप्रकाश साहु, सुजीत उराँव सहित सभी पंचायत सचिव उपस्तिथ थे।

## जलडेगा थाना में सभी बैंक मित्रो के साथ किया गया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा थाना में बैंक मित्रों के साथ लगातर छेत्र में हो रही साईबर अपराध से संबंधित एसपी सिमडेगा के निर्देशानुसार जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो एवं एस आई विरेंद्र शर्मा के अध्यक्षता में बैठक रखा गया। बैठक में सभी सरकारी बैंक बीसी एवं प्राईवेट बैंक, प्रज्ञा केंद्र संचालक को विषेश दिशा निर्देश दिया गया कि कोई भी ग्राहक पैसा निकासी, जमा, ट्रांसफर करने के लिए सेन्टर आते हैं तो उनसे निकासी, जमा, ट्रांसफर करने का कारण एवं ग्राहक का नाम, ग्राहक का पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में जरुर दर्ज करें। साथ ही सभी के सेन्टर में सीसी टीवी कैमरा जरुर लगाएं एवं साईबर क्राईम से संबधित पोस्टर जरुर लगाएं एवं ऐसे कस्टमर जो ट्रांसफ़र करने के लिए आपके पास आएं और आपको संदेह हो तो आप उनसे पूछा ताछ कर उनसे नहीं डालने की सलाह दें एवं थाना में सूचना दें ताकि ग्राहक साईबर अपराध से बच सके। साथ ही थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने कहा की मैं सभी सेन्टर जा कर एसपी सिमडेगा द्वारा दिया गया दिशा निर्देश से संबधित रजिस्टर, सीसी टीवी, पोस्टर जांच करूँगा ।मौके पर अशोक बड़ाईक, दीपक कुमार साहू, अमन बड़ाईक, दीपक चीक बड़ाईक, करमपाल सिंह, अश्विनी कुमार झा, सोमित नाग उपस्थित थे ।

## कृषि उत्पाद पर बाजार शुल्क लगाए जाने के खिलाफ सिमडेगा जिले समेत सभी प्रखंडो की किराना दुकानें रहीं बंद

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा कृषि उत्पाद पर बाजार शुल्क लगाए जाने के खिलाफ सिमडेगा ज़िले में ज़िले समेत सभी प्रखंडों में किराना की दुकानें बंद रही। गुरुवार को सिमडेगा में साप्ताहिक हाट होने के बावजूद एक भी किराना की दुकान नहीं खुली , जिससे दूरदराज से उम्मीद लिए आए ग्रामीण अपने लिए एक भी किराना का सामान नहीं ख़रीद पाए । गुरुवार को सिमडेगा का साप्ताहिक हाट होने के कारण खासकर दूरदराज गांव से आये हुए लोग सिमडेगा बाजार में किराना सहित अन्य सामग्री खरीदने आते हैं , लेकिन कृषि उत्पाद पर बाज़ार शुल्क लगाये जाने के वजह से दुकाने नहीं खुली जिसके वजह से सभी ग्रामीण मयूष होकर वापस लौटे । बताते चलें कि सभी व्यापारी संघ के आह्वान पर बुधवार से किराना व्यवसाय की सभी दुकाने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। व्यवसायियों ने बताया कि कृषि कानून को जब तक सरकार वापस नहीं लेती है तब तक खाद्य सामग्री से जुड़े सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगे। बता दें कि बाजार शुल्क लगाने से खाद्यान्न एवं किराना, फल ,सब्जी के साथ-साथ थोक एवं खुदरा विक्रेता समेत सभी रोजमर्रा के सामानों पर 2 प्रतिशत की दर से बाजार शुल्क लगेगा। जिससे व्यवसायियों को काफी परेशानी होगी , साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। व्यवसायियों ने एक सुर में कहा कि जब तक सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती है तब तक कोई भी प्रतिष्ठान

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो चंद्रसिंह पाढ़बि द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रोजेक्ट बेसड लर्निंग कार्यक्रम के समापन मौके पर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सिमडेगा के छात्रों ने साइंस स्ट्रीम की उपयोगिता और कचरा प्रबंधन कम्पोस्टिंग विषय के ऊपर विशेषज्ञों से बातचित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे शिक्षा विभाग के सहायक अभियोजक अधिकारी मनोज कुमार, फील्ड मैनेजर प्रशांत मंगल, प्राण एनजीओ के राकेश प्रसाद, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलोअर्नब कुमार साउ ने छात्रों के सभी सवालो का जबाब दिया। जैविक खेती, कीटनाशकों के न्यूनतम प्रयोग, भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिये फसल चक्र, हरी खाद, कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, साइंस स्ट्रीम बेहतर क्यों, इत्यादि विषयों के ऊपर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्रों ने स्कूल कैंपस के अंदर पाया गया सुखा कचरे को नीला डस्टबिन और गिला कचरे को हरा डस्टबिन मे अलग किया, बायो-डीग्रेडबल कचरा के प्रयोग से कम्पोस्ट बनाया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम केसीसी की समीक्षा हुई जिसमें एलडीएम,लोहरदगा द्वारा बताया गया कि सिर्फ सेन्हा व लोहरदगा प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ही एलडीएम को केसीसी के आवेदन भेजे जा रहे हैं। इस बिंदु पर अन्य प्रखंड विकास पदाधिकारियों से कारण पूछे जाने का निदेश दिया गया। जो बैंक प्रबंधक बैठक में उपस्थित नहीं थे उन पर कार्रवाई हेतु स्टेट हेड को लिखे जाने का निदेश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में लंबित ई-केवाईसी की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश एलडीएम को दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई और जिला उद्योग महाप्रबंधक को आवेदनवार प्रोजेक्ट की समीक्षा संबंधित बैंक प्रबंधक के साथ अलग-अलग करने का निदेश दिया गया। बैठक मे सीडी रेश्यो,मुद्रा लोन समेत अन्य की समीक्षा की गई। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविन्द्र प्रसाद,जिला उद्योग महाप्रबंधक पूजा कुमारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर,सहायक कृषि पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी,सभी संबंधित बैंकों के प्रबंधक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा-लोहरदगा नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही आरोपी को सेन्हा पुलिस ने वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर डोका ग्राम से गिरफ्तार कर जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही नाबालिक लड़की के परिजनों ने थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए घटित घटना से अवगत कराया और एक नामजद डोका निवासी स्वर्गीय बालमुकुंद उराँव के 25 वर्षीय पुत्र अमित उराँव के विरुद्ध कारवाई हेतु गुहार लगया गया। पीड़ित परिवार के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी ने कांड संख्या 24/23 दर्ज कर धारा 376 आईपीसी एवं पोक्सो एक्ट 6 के तहत पुलिस कारवाई किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर टेक्नोलॉजी सेल के माध्यम से पुलिस द्वारा छापेमारी कर डोका ग्राम से सूचना के दो घंटा के उपरांत आरोपी अमित उराँव को गिरफ्तार कर नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया।साथ ही उन्होंने कहा देर शाम आवेदन थाना को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में कारवाई करते हुए आरोपी को रात में ही गिरफ्तार किया गया। और नाबालिक लड़की को भी बरामद कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है। गठित छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद,थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान स0अ0नि0 श्रीकांत दस सहित शस्त्र बल शामिल थे।

## अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा मामला बगडू थाना क्षेत्र की है जहाँ एसडीपीओ बी एन सिंह को मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने बगडू क्षेत्र के चरहू निवासी किताबूल खान के घर पर छापामारी करते हुए किताबूल खान के घर से दो अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस गिरफ्त में आया अपराधकर्मी गत 15 दिन पहले ही जेल से जमानत पर छुटा है। आरोपी सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र में हुए लूट कांड में जेल में बंद था।

## चार दिवसीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा-लोहरदगा शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिवसीय मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न। प्रखंड कार्यालय स्थित रिसोर्स भवन में प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का तीसरे चरण का प्रशिक्षण समापन हुआ । प्रशिक्षण समापन सत्र के दौरान प्रशिक्षक अवधेश कुमार यादव ने कहा की प्रशिक्षण में अपनी समझ को निखारते हुए बच्चों के साथ मुलभूत, साक्षरता एवं संख्याज्ञान को व्यवहारिक जीवन मे अपनाते हुए लक्ष्य को पूरा करना है। और बच्चों का भविष्य निर्माण में शनैः शनैः योगदान देने की आवश्यकता है। वही मौके पर मौजूद राष्टपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश लाल ने कहा कि हम यह चार दिवसीय बहुमूल्य प्रशिक्षण प्राप्त कर जा रहे हैं। इस दक्षता को हम सभी शिक्षक शिक्षिका विद्यालय स्तर पर निष्ठा पूर्वक लग्न और मेहनत से बच्चों का जीवन को संवारने का प्रयास करेंगे जिसे विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चे बच्चियों का सफल भविष्य का निर्माण हो सके साथ ही कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्नेह प्रेम से यह माहौल घर परिवार जैसा बन गया जिसे बिछुड़ने के लिये हृदय अस्वीकार्य कर रहा है। शिक्षक संतोष कुमार द्वारा सफलता पूर्वक प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षक को शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से धन्यवाद दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक अवधेश कुमार यादव के अलावे गणेश लाल,सूर्यकांत भगत पुष्पा बाखला, शिक्षक मनजीत लाल यादव,निकहत नाज़,मुमताज बेगम,अफसाना बेगम, कुसुम कुमारी, मनीता कुमारी,अर्चना देवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## दूर की जा रही है सभी समस्याएं : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आरसी मवि सोगड़ा में जिला परिषद से 15वें वित्त मद से बनने वाले जलमिनार, शौचालय और डीप बोरिंग कार्य का शिलान्यास हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। विधायक एवं जिप सदस्य ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि स्कूल में जलमिनार, शौचालय एवं डीप बोरिंग होने से स्कूल के छात्रों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे संवेदक को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर करने का निर्देश दिया। साथ ही महागठबंधन सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी। विधायक ने कहा कि एक एक कर सभी समस्याएं दूर की जा रही है। ग्रामीण अपनी समस्याएं बताएं। ताकि क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं को ससयम दूर किया जा सके। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, उप प्रमुख सिलबेस्तर बाघवार, पल्ली पुरोहित फा जेबियर, फा अब्राहम मिंज, कांग्रेस नेता शिशिर मिंज, लुसियन मिंज, जक्रियस, समीर किंडो, सोनल लकड़ा, रेमजुश तिग्गा, बिरंजन बाड़ा, अनिल कुजूर, सिस्टर मंजू, निलीमा, प्रतिमा, लीला नाग, ममता, मक्सिमा, अनिल कुजूर, निर्मला आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्र का विकास करने की दिशा में जारी है प्रयास : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने विधायक भूषण बाड़ा के उपब्धियों को गिनाया।साथ ही सभी लोगों को विधायक के साथ जुड़कर क्षेत्र के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा जनता के हित में कई योजनाएं धरातल पर उतारे हैं। जटिल समस?याओं को भी लगातार सरकार के पास रखने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास कराने की दिशा में वे भी लगातार प्रयासरत हैं। उनका प्रयास है कि जिला परिषद द्वारा 15वें वित्त मद से प्राप्त राशि का विकास कार्य हेतु सही उपयोग किया जाय। इसी कड़ी में यहां की जरुरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लाई गई है।

## चलते चलते एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

**रांची :** नामकुम थाना के रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक व्यक्ति का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस इसकी जांच-पड़ताल कर रही है।

### रांची के सांख्यिकी कार्यालय में गोलमेज सम्मेलन आयोजित

**रांची :** राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) के तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव अमरेंद्र प्रताप सिंह डॉ. अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) के उप महानिदेशक एन. संगीता ने सर्वेक्षण के सफल संचालन के लिए उद्योगपतियों के सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण से एकत्र डाटा का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमान, औद्योगिक संरचना के अध्ययन, योजना, नीति निर्माण और तेजी से औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में किया जाता है। इसके जरिए पूंजी, रोजगार की स्थिति, कच्चा माल, इनपुट-आउटपुट अनुपात, मूल्यवर्धन, श्रम, टर्नओवर, जीएसटी आदि से संबंधित डेटा एकत्रित किया जाता हैं। सर्वेक्षण से एकत्रित जानकारी का उपयोग सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए होता है। सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र के योगदान का अनुमान लगाने और औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में सरकार की मदद करने के लिए किया जाता है। इस मौके पर रोशन लाल मीणा, सदानंद वर्णवाल, अलबर्ट केरकेट्टा एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों ने औद्योगिक इकाईयों को वेब पोर्टल पर विवरणियां भरने का प्रशिक्षण दिया।

### मौलाना ताहिर हुसैन गयवी ने हुसैनिया मस्जिद की आधारशिला रखी

**रांची:** आज के दौर में शिक्षा की आवश्यकता और महत्व बहुत अधिक हो गया है। आज का युग कंप्यूटर का युग है, लेकिन सामान्य शिक्षा का महत्व कम नहीं हुआ है। कंप्यूटर वही चलाएगा जो पढ़ना-लिखना जानता हो। इतिहास गवाह है कि मुसलमानों ने शिक्षा के माध्यम से धर्म और दुनिया में ऊंचा स्थान हासिल की। लेकिन जब भी मुसलमान ज्ञान और शिक्षा से भटक गए, तो वे दुनिया का सामना करने में असफल रहे। उपरोक्त बातें शेखुल हदीस हजरत मौलाना मुफ्ती शोएब आलम कासमी ने कहीं। वह जलसा इस्लाह ए मुआशरा व मस्जिद ए हुसैनिया के शिलान्यास में सुंदरू कुदु में 16 फरवरी 2023 को बोल रहे थे। मुफ्ती शोएब आलम ने जलसे को संबोधित करते हुए मस्जिद के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हजरत अनस बयान करते हैं कि अल्लाह के रसूल ने कहा- घर पर जो नमाज़ पढ़ी वह केवल एक नमाज़ है, और उसने पड़ोस की मस्जिद में जो नमाज़ पढ़ी वह पच्चीस नमाज़ों के बराबर है, और जामा मस्जिद में नमाज़ पढ़ी वह पाँच सौ नमाज़ों के बराबर है। उनके अलावा हजरत मौलाना अब्दुल गाफ़िर कासमी, हजरत मौलाना मुफ्ती नौशाद कासमी, हजरत मौलाना मुस्तफिज आलम, हजरत मौलाना मुफ्ती एजाज रहमानी, हजरत मौलाना अब्दुल नासिर ने भी संबोधित किया। नात नबी कारी ताबिश रेहान, कारी निसार दानिश, कारी सोहेब अहमद ने पढ़ी। बैठक की अध्यक्षता हजरत मौलाना अब्दुल गाफिर कासमी ने की और संचालन हजरत मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने किया।

# जेनेरिक दवा खरीद में घोटाले की जांच के लिए सरयू ने सीबीआई को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जमशेदपुर के विधायक सरयू ने आरोप लगाया है कि जेनेरिक दवा खरीद में झारखंड में करीब 200 करोड़ का घोटाला हुआ है। उन्होंने गुरुवार को सीबीआई के आईजी से उनके रांची स्थित कार्यालय में मिलकर सीबीआई निदेशक के नाम एक ज्ञापन सौंपा।
उन्हें आरोप लगाया कि जेनेरिक दवाओं की खरीद में झारखंड में 150 से 200 करो? रुपये का घोटाला हुआ है। यह घोटाला भारत सरकार की दवा निर्माता कंपनियों और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के बीच सांठगांठ के कारण हुई है। वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं की थोक खरीद के लिए खुला टेंडर निकाला। न्यूनतम दर वाले आपूर्तिकर्ता को विभाग ने सूचित किया कि वे विभाग के साथ निर्धारित दर पर दवा आपूर्ति का एग्रीमेंट करें और जल्द दवा आपूर्ति करें। इस बीच भारत सरकार की दवा निर्माता कम्पनियों ने स्वास्थ्य मंत्री को प्रभावित किया कि विभाग उनसे दवा खरीदे। मंत्री ने टेंडर से निर्धारित न्यूनतम दर पर दवा नहीं खरीद कर विभाग में एक संलेख तैयार कराया कि भारत सरकार की पांच दवा निर्माता कंपनियों से उनके द्वारा निर्धारित दर पर दवा खरीदी जाए। यह संलेख मंत्रिपरिषद में भेजकर स्वीकृति लिया और टेंडर दर से तीन-चार गुना अधिक दर पर दवा खरीदा। इन कंपनियों को फायदा पहुंचाया, जिसके कारण सरकारी खजाना को 150 करो? से अधिक का नुकसान पहुंचा।
विधायक सरयू राय ने सीबीआई निदेशक से भारत सरकार की दवा निर्माता कंपनियों की स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार से मिलीभगत की जांच कराने और सरकारी धन की हेराफेरी कराने में भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

# निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ईडी कोर्ट में सशरीर हुई हाजिर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सशरीर हाज़िर हुई। इस दौरान उनके अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि आरोप गठन (चार्जफ्रेम) के बिंदु पर सुनवाई के लिए समय दिया जाये। इसके बाद न्यायालय ने आरोप गठन के लिए सुनवाई की तिथि एक मार्च निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मनी लॉउंड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने रांची ईडी की कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने केस से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह ने पक्ष रखा। पूजा सिंघल फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद न्यायिक हिरासत से बाहर हैं।

# हज के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि 10 मार्च तक : इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जामताड़ा विधायक सह अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य हज समिति,डा इरफान अंसारी ने हज हाउस कडरु राँची में बैठक की। उक्त बैठक में डॉ सरफराज अहमद विधायक सह सदस्य राज्य हज समिति सदस्य गयासुद्दीन सिद्धीकी, शेख बदरुद्दीन, मोहम्मद मनीर आलम, मो इकबाल आलम, उपस्थित थे। बैठक में हज 2023 के हज यात्रियों का ऑन लाईन हज आवेदन फार्म भरनेवाने से संबंधित विस्तार से चर्चा हुई, झारखण्ड के हज यात्रियों को ऑन लाईन हज फॉर्म में रांची इम्बारकेशन से हज पर जाने हेतु अनुरोध किया गया। ज्ञातव्य हो कि हज आवेदन फॉर्म भरने का अन्तिम तिथि 10 मार्च 2023 निर्धारित है, बैठक में प्रस्थान से पूर्व हज हाउस कडरु रांची में राज्यस्तरीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें झारखण्ड के आजमिने हज प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें माननीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2023 के लिये जाने वाले हाजियो को हज हाउस में रहने, खाने आदि व्यवस्था किया जायेगा, और हर सम्भव मदद किया जायेगा। साथ ही हज हाउस भवन के मेनटेनेन्स के लिये किसी प्रावईट एजेन्सी या बाह्य स्त्रोत कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। ताकि हज यात्रियों को हज हाउस में बिजली, पानी, साफ-सफाई, लिफ्ट, एसी, का सारी व्यवस्था मिल सके। इसी के साथ ही बैठक समाप्त हुआ ।

# वेंडर मार्केट में नुक्कड़ नाटक का मंचन

## साईबर फ्रॉड से बचने के लिए दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आरबीआई और पत्रकार कला मंच के संयुक्त बैनर तले लोगों को जागरूक करने के लिए वेंडर मार्केट में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।
बता दें कि 2016 से प्रत्येक वर्ष किसी विशेष विषय पर देश भर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जाता है । इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का थीम ÷सही वित्तीय बर्ताव, करे आपका बचाव' है, जिसे 13 से 17 फरवरी के बीच मनाया जा रहा है।
नुक्कड़ नाटक में मंच के कलाकारों अमर, अथर्व, अभिषेक, शुभम , आर्तिक, उपेंद्र और उज्जवल ने सरल और मनोरंजक तरीके से बताया कि कैसे साईबर के ठग आपके खून पसीने की कमाई पर हाथ साफ करते हैं साथ ही चिटफंड कंपनियां आपको लोन का लालच देकर फंसाती हैं। नाटक के माध्यम से अपना पिन, पासवर्ड , ओटीपी और सीवीवी किसी के साथ शेयर नहीं करने की अपील की गयी।
इस मौके पर आरबीआई के क्षेत्रिय महाप्रबंधक संजीव सिन्हा समेत कई अधिकारी और पत्रकार कला मंच के निलय सिंह, अमित दास, संदीप नाग, संजय सिंह और सत्यप्रकाश पाठक मौजूद रहे।

# शर्मनाक और दर्दनाक है पलामू की घटना : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार वोट बैंक की खातिर जानबूझकर राज्य को सांप्रदायिक दंगे की तरफ धकेलने का काम कर रही है। विधि व्यवस्था के सवालों को भी वोट बैंक तथा तुष्टिकरण के चश्मे से देखती है हेमन्त सरकार।ये बातें भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। मरांडी ने पलामू में दो समुदाय के बीच घटित हिंसात्मक घटना पर बोलते हुए कहा कि पलामू की पांकी में जो घटना घटी है वह बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक है। उन्होंने हेमन्त सोरेन पर उन्माद को बढ़ावा देने तुष्टिकरण नीति को अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पलामू का मामला सामान्य था। शिवरात्रि के मौके पर हमेशा हिन्दू समाज के श्रद्धालु शिव बारात निकालते है ,उसी निमित रास्ते में तोरण द्वार लगाया जाता है शिव बारातियों का स्वागत करने के लिए। पांकी में भी श्रद्धालु तोरण द्वार लगाने का काम कर रहे थे। लेकिन अचानक एक समुदाय के लोगों ने उसका विरोध किया और तोरण द्वार लगाने नही दिया । यह घटना अचानक घटित नही हुई है बल्कि सिलसिलेवार और सुनियोजित तरीके से इस तरह की साम्प्रदायिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार साम्प्रदायिक घटनाओं में शामिल असामाजिक तत्वों को संरक्षण देती है। जो इस राज्य की विकास के लिए उचित नही है यह अनुचित है।उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि कोरोना काल के समय तुष्टिकरण नीति के कारण संप्रदाय विशेष के लोगों को जिसमे अधिकांश बंगलादेशी देशी थे, प्रशासन पर दबाव बनाकर राज्य सरकार के मंत्री ने बसों में भरकर संथाल परगना के विभिन्न जिलों में भेजा। कोरोना काल में राजधानी के खास मुहल्ले में कोरोना वोलेंटियर्स ,वारियर्स पर हमले हुए। लोहरदगा में सीएए समर्थन की रैली में पथराव, तोड़फोड़, आगजनी,हिंसा, दुकानों में लूट की घटना को अंजाम दिया गया।
यह सरकार एक विशेष धर्म के लोगों को खुश करने हेतु दुर्गा पूजा में देवी दुर्गा की प्रतिमा को छोटा करने का आदेश तक जारी कर दी थी। विधानसभा में नमाज कक्ष का आवंटन किया जाना। उर्दू विद्यालय घोषित करना तथा विद्यालय प्रार्थना की पद्धति को बदलना। ये सारी घटनाएं एक सुनियोजित तरीके से की जा रही है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं सह प्रभारी तारिक इमरान मौजूद रहे।

### रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में मतदान तक एग्जिट पोल पर रोक

**रांची :** झारखंड में रामगढ़ विधानसभा सीट पर 27 फरवरी को उपचुनाव के लिए मतदान है। इस तारीख तक अब किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रोक लगा दी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी अधिसूचना पहले ही जारी कर दी गयी थी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह से मतदान का सर्वेक्षण नहीं करेगा। न ही ऐसे किसी सर्वे के परिणाम का इस अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन किया जायेगा। किसी भी सर्वे का किसी भी रूप में किसी भी मीडियम से प्रचार-प्रसार नहीं करने की हिदायत निर्वाचन आयोग की ओर से दी गयी है। झारखंड के 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही हो चुकी है।

# आदिवासियों की सरकार में राज्य के आदिवासी हाशिए पर : चमरा लिंडा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने मिशन 2024 के पूर्व रांची के प्रभात तारा मैदान में आदिवासी अधिकार महारैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया। इस महारैली में भारी संख्या में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पारंपरिक हथियारों के साथ आदिवासी समाज के लोग पहुंचे। इस रैली के माध्यम से चमरा लिंडा ने केंद्र और राज्य सरकार को चेताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कहने के लिए आदिवासियों की सरकार है लेकिन आज भी सबसे ज्यादा हाशिये पर राज्य के आदिवासी ही हैं। लिंडा ने कहा कि तीन साल में आदिवासियों के हित में सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। हमारी सरकार है फिर भी आदिवासियों को अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। भोक्ता समाज को पहले आदिवासी बनाया गया। अब एक बार फिर से भोक्ता समाज को महतो बनाने की तैयारी चल रही है। सरकार को झुकना होगा।
उन्होंने कहा कि दोनों ही सरकार एवं उनके अधिकारी अंग्रेजों और भारतीय संविधान द्वारा दिये गये संवैधानिक अधिकारों को छुपाने का काम करते रहे हैं जबकि यह संवैधानिक अधिकार ही आदिवासियों की सुरक्षा कवच है। पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों को जान-बुझकर लागू होने नहीं दिया जाता है। यदि झारखंड के 13 जिलों में पांचवीं अनुसूची का प्रावधान लागू हो गया तो आदिवासियों को किसी के आगे भीख नहीं मांगनी पड़ेगी। आदिवासी खुद ही स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बन जाएगा। लिंडा ने कहा कि कुरमी, तेली और अन्य जातियां आदिवासी बनना चाहती हैं। भोक्ता को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एसटी सूची में शामिल कर दिया लेकिन क्यों। हम इसे सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज करेंगे। अगर झारखंड में कुरमी को एसटी बनाने का किसी भी तरह का प्रयास हुआ तो झारखंड में 48 घंटे का चक्का जाम किया जाएगा।

# दिव्य और ऐतिहासिक होगा खेल महोत्सव : सांसद



## खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बताया की खेल महोत्सव, रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित इस महोत्सव में 6 प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी, इसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी को शामिल किया गया है। 3 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। 17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन दोपहर 3:00 बजे केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों संपन्न होगा। वही केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।खेल के नामी खिलाड़ियों के द्वारा मशाल प्रज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक यह मशाल प्रज्वलित रहेगी। 12 स्कूल के बच्चों के द्वारा ,सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा , की धुन पर गीत प्रतियोगिता की जाएगी जिस स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा तथा उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी उद्घाटन समारोह 2 घंटे का होगा।

### 18 मॉडल विद्यालयों में चाहरदिवारी निर्माण कार्य मनरेगा के साथ अभिसरण के माध्यम से किया जाएगा

**रांची :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने निर्देश दिया कि सरकारी विद्यालयों में बाउंड्री वाल के निर्माण के हेतु जल्द से जल्द कार्य करें। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो इस हेतु एक मानक प्राक्कलन भी तैयार करें। । उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही योजनाओं के गुणवक्तपूर्ण क्रियान्वन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मनरेगा मद से लेबर कंमपोनंट की राशि का प्रावधानानुसार उपयोग किया जाय। मनरेगा आयुक्त आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से अभिसरण की संभावनाओं पर चर्चा हेतु आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं । बता दें कि सरकार द्वारा राज्य में आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत 4,496 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को शिक्षा और खेल के जरिए मुख्यधारा से जोड़ना है : जगरनाथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में खेल और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री सहाय योजना खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुब्बारा उड़ाकर किया। यह खेल प्रतियोगिता तीन दिनों तक रांची के विभिन्न स्टेडियम में होगी। शिक्षा मंत्री टोटो में बैठकर मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और सामान्य जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए हमने शिक्षा और खेल को हथियार बनाया है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को न सिर्फ खेल में एक बेहतर भविष्य मिलेगा, बल्कि खेल के क्षेत्र में झारखंड और भी आगे विकास करेगा।

**प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 520 प्रतिभागी : सरोजिनी लकड़ा**

सहाय योजना के शुभारंभ से पहले खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का स्वागत किया। तीन दिवसीय खेल आयोजन के बारे में खेल निर्देशक सरोजिनी लकड़ा ने बताया कि यह आयोजन काफी खास होने वाला है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पांच जिलों के 520 बच्चे आये हैं। ये बच्चे खूंटी, सिमडेगा, प. सिहंभूम, गुमला और सरायकेला-खरसावां से हैं। लकड़ा ने कहा कि सहाय योजना की परिकल्पना 2021 दिसंबर में ही की गई थी। किसी कारण से आयोजन नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि जो अच्छे खिलाड़ी होंगे उन्हें सरकार के अंतर्गत चलने वाले आवासीय और सेंटर फॉर एक्सीलेंस केंद्र में भर्ती किया जाएगा।

**ढोल-नगाड़े के साथ खेल प्रतियोगिता का आगाज:** ढोल-नगाड़े के साथ खेल प्रतियोगिता का आरंभ किया गया है। इस दौरान मांदर की थाप पर झारखंडी वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य किया। सहाय योजना अन्तर्गत स्थानीय नगर निकाय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को जर्सी और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबंधित खेल किट उपलब्ध कराई गई है।सहाय प्रतियोगिता के अंतर्गत हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स की स्पर्धाओं का आयोजन रांची के विभिन्न स्टेडियमों में किया जाएगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में जहां फुटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित होगी, वहीं बरियातु हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में हॉकी और शहीद नीलाम्बर-पिताम्बर पार्क में वॉलीबॉल खेला जाएगा।एथलेटिक्स में 100मी., 200मी. और 400मी. के दौड़ स्पर्धा के अलावा लॉन्ग जंप की प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं, जिला एवं राज्य स्तर पर विजेताओं और उप-विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा।